e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 193
रविवार
16.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
जब अपने खफा होने लग जाएँ तो आप समझ लेना आप सही राह पर हैं।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

## क्विक न्यूज

### राहुल गांधी ने मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरनेम मामले में आए हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी है. उन्होंने सजा और दोषसिद्धि पर रोक लागने की मांग की है. हाई कोर्ट ने इस महीने की पहले हफ्ते में राहुल गांधी की पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया था. गुजरात हाई कोर्ट ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट का आदेश सही है. इस आदेश में हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है, इसलिए आवेदन खारिज किया जाता है. राहुल गांधी ने 2019 को मोदी सरनेम पर विवादित बयान दिया था. इस मामले में उनके खिलाफ मानहानि का केस कर दिया गया था. इस साल निचली कोर्ट ने उन्हें दोषी मानते हुए दो साल की सजा सुना दी थी. राहुल इसी मामले को लगातार चुनौती दे रहे हैं.

### एमपी विधानसभा चुनाव : नरेंद्र सिंह तोमर बने चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक

**नई दिल्ली :** मध्य प्रदेश चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर को मध्य प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति का संयोजक बनाया है। राज्य में चुनाव के लिए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी को रिडेवलप करेगा अदाणी ग्रुप

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में स्थित एशिया के सबसे बड़े स्लम एरिया धारावी का अदाणी ग्रुप रिडेवलपमेंट करेगा. इस स्लम एरिया को संवारने के प्रोजेक्ट को महाराष्ट्र सरकार ने मंजूरी दे दी है. प्रोजेक्ट के सीईओ एसवीआर श्रीनिवास ने बताया कि इस बारे में गवर्नमेंट रेजोल्यूशन भी जारी कर दिया गया है. जल्द ही लेटर ऑफ अवॉर्ड भी जारी किया जाएगा.

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की दोनों पत्नियों से ईडी दो दिनों तक करेगी पूछताछ

**रांची।** जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के दोनों पत्नियों हीरा देवी और शकुंतला कुमारी से ईडी पूछताछ करेगी। ईडी के अधिकारी दोनों से जेल में पूछताछ करेंगे। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शनिवार को दो दिनों की पूछताछ की अनुमति दी है। लेवी के पैसे को कहां-कहां निवेश किया गया है, इसकी पूछताछ की जायेगी।उल्लेखनीय है कि एनआईए की विशेष टीम ने दिनेश गोप की दोनों पत्नियों को कोलकाता से लाखों रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद से दोनों न्यायिक हिरासत में हैं।

---

**बीआईटी मेसरा के 69वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल हुए सीएम**

# देश का तीसरा बड़ा तकनीकी संस्थान है बीआईटी मेसरा : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जब भी मैं बीआईटी मेसरा के परिसर में आता हूं,अलग ही अहसास होता है। मैं यहां बतौर मुख्यमंत्री आपके समक्ष उपस्थित हूं। मैं यहां का छात्र रहा हूं और आज बीआईटी मेसरा के वाइस चांसलर मुझे चीफ मिनिस्टर साहब कह कर संबोधित कर रहे हैं। यह एक ऐसा अनुभव है जिसको मैं स्वयं ही समझ सकता हूं। हमने ऐसा वक्त इस परिसर में बिताया है जब हमारा देश एक बड़े रिफॉर्म्स की और बढ़ रहा था। सभी राज्य वासियों के लिए गौरव की बात है कि वर्ष 1952 में देश का यह तीसरा तकनीकी संस्थान झारखंड प्रदेश में स्थापित हुआ। मुझे लगता है कि देश आजाद होने के बाद इस राज्य को इंडस्ट्रियलिस्ट हो या साइंटिस्ट हो चाहे नई ऊंचाइयों को छूने की चाह रखने वाले लोग हों सभी ने अलग-अलग तरीके और नजरों से सजाने और संवारने का प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि बीआईटी मेसरा इसी प्रकार का देश का भारी उद्योग इंडस्ट्री संस्थान एचईसी, देश का पहला फर्टिलाइजर इंडस्ट्री इसी राज्य में बना। एशिया का सबसे बड़ा स्टील इंडस्ट्री बोकारो स्टील प्लांट भी इसी राज्य में बना।इसी राज्य में देश का पहला माइनिंग इंस्टिट्यूट खुला।झारखंड प्रदेश एक ऐसा प्रदेश है जहां नेतरहाट स्कूल है। इस स्कूल से बड़ी संख्या में आईएएस एवं आईपीएस भी बनकर लोग बाहर निकले हैं। कल ही देश ने एक चंद्रयान रवाना किया है और इस चंद्रयान का प्लेटफार्म एचईसी से बनकर गया है।इस तरह इस राज्य को अपने संस्थानों पर पूरा गर्व है।

### नए आयाम को छू रहा है बीआईटी मेसरा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआईटी मेसरा आज नए आयाम को छू रहा है और इसके पीछे कारण यह है कि इसके साथ जुड़े हुए लोग और उनका कठिन परिश्रम और ईमानदार प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआईटी के लगभग 10 हजार बच्चे अलग-अलग इकाइयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, हजारों की संख्या में उससे जुड़े टीचिंग, नॉन टीचिंग सदस्य कई चुनौतियां और समस्याओं का समाधान निकालते हुए संस्थान को बुलंदियों तक पहुंचा रहे हैं। आज शायद कॉलेज में छुट्टियां चल रही हैं नहीं तो इस हॉल में बैठने का जगह तक नहीं मिलता। यह संस्थान निरंतर आगे बढ़ रहा है।

### बीआईटी मेसरा से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उसका समाधान होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि आज एक छात्र होने के नाते भी मैं यहां पर हूं और यह कह सकता हूं कि आज एक गार्जियन के रूप में भी आप सभी के बीच में मौजूद हूं। दोनों जिम्मेवारी मुझे निभाने का मौका मिला है। मैं आज इस मंच से कहता हूं कि बीआईटी मेसरा से संबंधित जो भी समस्याएं हैं। उसका समाधान अवश्य होगा। इसके लिए राज्य सरकार सिंगल विंडो बनाएगी।



### शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है । हमने राज्य भर में 80 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए हैं। यहां आईआईएम से प्रशिक्षित शिक्षकों को बहाल किया जा रहा है ताकि हम यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां आदिवासी, दलित, और अल्पसंख्यकों के वैसे छात्र-छात्राएं जो उच्च शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करना चाहते हैं उनका सारा खर्च सरकार वहन कर रही है।

---

# गोड्डा पावर प्लांट शुरू बांग्लादेश को हुआ हैंडओवर



**एजेंसी**

**ढाका :** अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने शनिवार को 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल गोड्डा पावर प्लांट की पूरे लोड के साथ शुरुआत होने और इसके हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की. गौतम अदाणी ने ट्वीट किया, 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल गोड्डा पावर प्लांट के फुल लोड के साथ प्रारंभ होने और हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं. मैं भारत और बांग्लादेश की समर्पित टीमों को सेल्यूट करता हूं जिन्होंने कोविड के दौर का सामना करते हुए साढ़े तीन साल के रिकॉर्ड समय में संयंत्र को चालू किया. अदाणी पावर ने एक डेडिकेटेड ट्रांसमिशन लाइन के जरिए बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को उत्पादित बिजली की आपूर्ति के लिए झारखंड के गोड्डा में 1,600 मेगावाट की क्षमता का थर्मल पावर प्लांट स्थापित किया है. अदाणी पावर ने जून में कहा था कि उसका गोड्डा प्लांट पूरी तरह से चालू हो गया है. अदाणी पावर लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी अदाणी पावर झारखंड लिमिटेड ने 26 जून को झारखंड के गोड्डा जिले में अपने 2 ङ्क 800 मेगावाट के गोड्डा अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की दूसरी यूनिट के कामर्शियल ऑपरेशन का लक्ष्य तय तारीख में हासिल कर लिया है. कंपनी ने एक विज्ञप्ति में यह बात कही.

विज्ञप्ति में कहा गया है कि गोड्डा बिजली संयंत्र की दूसरी यूनिट के रियालबिलिटी रन रेस्ट सहित कामर्शियल आपरेशन टेस्ट बीपीडीबी और पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ बांग्लादेश के अधिकारियों की मौजूदगी में 25 जून को पूरा किया गया था.बिजली संयंत्र की 800 मेगावाट क्षमता वाली पहली इकाई ने इस साल अप्रैल में अपना सीओडी हासिल किया था.

कंपनी ने कहा था कि गोड्डा यूएससीटीपीपी से बांग्लादेश के ग्रिड को बिजली आपूर्ति से बांग्लादेश में ऊर्जा सुरक्षा और बढ़ेगी.

---

# कांवड़ मेला : हरिद्वार से 4 करोड़ 7 लाख कांवड़िये गंगाजल लेकर गए



**एजेंसी**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार में 12 दिन चला श्रावण मास का कांवड़ मेला शनिवार को समाप्त हो गया। मेले के आखिरी दिन शनिवार को जहां 10 लाख कांवड़ियों ने गंगा जल भरा वहीं इस बार नया रिकॉर्ड बनाते हुए 4 करोड़ 7 लाख कांवड़ियै हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने-अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हुए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 4 जुलाई से प्रारंभ हुआ पवित्र श्रावण मास का कांवड़ मेला आज 12वें और अंतिम दिन भगवान शिवशंकर पर जलाभिषेक के साथ निर्विघ्न और सफलतापूर्वक से संपन्न हुआ।

उन्होंने बताया कि इस बार नया रिकॉर्ड बनाते हुए 4 करोड़ 7 लाख कांवड़ियै हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्यों को गए। उन्होंने कहा इस कांवड़ मेले में हरिद्वार की आम जनता, व्यापारी, पत्रकार एवं राज्य और जनपद के सभी विभागों का अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस विशाल मेले में पुलिस/प्रशासन ने अपने सभी संसाधनों का भरपूर उपयोग करते हुए छुटपुट घटनाओं को छोड़कर मां गंगा और शिव शंकर की कृपा से निर्विघ्न सकुशल संपन्न कराने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि कांवड़ मेले के आखिरी दिन शनिवार को दस लाख शिवभक्त कांवड़ियों ने हर की पैड़ी सहित अन्य पवित्र घाटों से गंगा जल भरा। जब कि इस बार रिकॉर्ड 4 करोड़ 7 लाख कांवड़िये हरिद्वार से गंगाजल लेकर गए और अपने अभीष्ट शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पुलिस कप्तान के अनुसार मेले के दौरान 667 खोए हुए श्रद्धालुओं को पुलिस ने ढूंढ़ कर उनके परिजनों से मिलाया और गंगा में डूब रहे 64 कांवड़ियों को जल पुलिस ने बचाया।

---

**बाबूलाल मरांडी ने संभाला पदभार**

# मिशन 2024 के लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता तैयार रहें : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पूजा और हवन कर विधिवत रूप से पदभार संभाला. हरमू स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया. इस मौके पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई, क्षेत्रिय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत कई भाजपा नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे.




बाबूलाल मरांडी कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में भाजपा की ओर से आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम स्थल में काफी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि वर्ष 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता तैयार रहें। स्नेह मिलन समारोह को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षो में देश ने कीर्तिमान स्थापित किया है।

उन्होंने कहा कि एक एक व्यक्ति से संपर्क करके प्रधानमंत्री की उपलब्धियों को बताना है और एक बार फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में नई सरकार बनाना है। राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है।

उन्होंने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्यों पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्यों मंर सरकार के इशारे पर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता का भरोसा वर्तमान राज्य सरकार में खो दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को भाजपा पर भरोसा है और यह भरोसा आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में परिणाम के रूप में सामने दिखाई देगा।समारोह को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा का विजन गरीब, किसान, युवा, दलित, महिला और बुजुर्गो को आगे लाना है।

---

**भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन का किया गया आदान-प्रदान**

# संयुक्त अरब अमीरात को हर भारतीय एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है : पीएम मोदी

*** यूएई के साथ भारत का व्यापार सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा**



**एजेंसी**

**अबू धाबी :** संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत का व्यापार जल्द ही सौ अरब डॉलर तक पहुंचेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यूएई की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत के बाद यह बात कही। दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूत करने के लिए यूएई में आईआईटी दिल्ली का कैम्पस भी खोला जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी के यूएई पहुंचने पर राष्ट्रपति भवन कसर-अल-वतन में औपचारिक स्वागत किया गया। यहां यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गर्मजोशी से गले लगाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। यूएई के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत करने के बाद हिन्दी में ट्वीट किया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, मुझे आज अबू धाबी में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करने का मौका मिला। हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों की चल रही प्रगति, सतत वैश्विक विकास को बढ़ावा देने में हमारे साझा हित एवं हमारे देशों और हमारे लोगों के बीच सहयोग को और बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे अबू धाबी आकर और आपसे मिलकर खुशी हुई है। गर्मजोशी से किए गए स्वागत के लिए और आपके द्वारा दिए गए सम्मान के लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। हर भारतीय आपको एक सच्चे दोस्त के रूप में देखता है।

### दोनों देशों ने व्यापार, निवेश और रक्षा संबंधों समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

मोदी ने शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापार, निवेश और रक्षा संबंधों समेत और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा द्विपक्षीय व्यापार 20 फीसदी बढ़ गया है। हमने 85 अरब डॉलर का व्यापार हासिल कर लिया है और जल्द ही हम 100 अरब डॉलर का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। भारत और यूएई ने तीन महीने के भीतर ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। दोनों देश अपनी साझेदारी को मजबूत करने के लिए नई पहल कर रहे हैं। दोनों देशों की मुद्राओं में व्यापार समझौते पर आज का समझौता इस मजबूत आर्थिक सहयोग और विश्वास को दर्शाता है।

### यूएई में आईआईटी दिल्ली का खुलेगा कैंपस

प्रधानमंत्री मोदी के यूएई दौरे पर भारतवासियों और यूएई में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री के दौरे पर भारत सरकार और यूएई में एक ऐतिहासिक समझौता किया गया है। समझौते के तहत यूएई में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान यानी आईआईटी दिल्ली की ओर से यूएई में अपना कैम्पस खोला जाएगा। कैम्पस में जनवरी 2024 से मास्टर पाठ्यक्रम और अगले साल सितंबर से स्नातक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे।

---

**कोडरमा जिला में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी का मामला**

# तीन आरोपियों के विरुद्ध जांच के लिए पीई दर्ज करने के प्रस्ताव को सीएम ने दी मंजूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कोडरमा जिला में शिक्षक नियुक्ति में गड़बड़ी और अनियमितता के मामले में आरोपी तदेन जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा पुरेन्द्र विक्रम शाही एवं जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय के प्रधान सहायक अजीत कुमार तथा सहायक धर्मेंद्र कुमार के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हजारीबाग के द्वारा दिनांक 27 जून 2019 को दर्ज आईआर की विस्तृत जांच हेतु पीई दर्ज करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। कोडरमा जिला अंतर्गत शिक्षक नियुक्ति मामले में तदेन जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा पुरेन्द्र विक्रम शाही द्वारा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, मरकच्चो एवं प्रधान सहायक अजीत कुमार और लिपिक धर्मेंद्र कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, चतरा ( प्रतिनियुक्ति अपर समाहर्ता कार्यालय, चतरा) की मिलीभगत से महिलाओं के लिए निर्धारित क्षैतिज आरक्षण का लाभ शिक्षण कार्य के लिए निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर देने, मेधा सूची में अंको की हेराफेरी कर चार अभ्यर्थियों का चयन करने, विज्ञापन की अनदेखी करते हुए नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक,मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का चयन करने, फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्रारंभिक,मध्य विद्यालय में शिक्षक नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का चयन करने और विभागीय अनुमति के बिना परीक्षण में सम्मिलित होकर उच्च शिक्षा का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने वाले कुछ पारा शिक्षकों की भी नियुक्ति करने का आरोप है।

# एसपी चंदन सिन्हा ने फिर एक बार गरीब मरीज को ब्लड दिलाकर बचाई जान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू एसपी चंदन सिन्हा की टीम लगातार पलामू जिले के गरीब असहाय लोगों की मदद करने में हर संभव प्रयासरत हैं। शनिवार को सदर अस्पताल में तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम पकरी निवासी एक गरीब व्यक्ति अर्जुन राम अपने पुत्र पवन कुमार का किडनी का डायलिसिस कराने पहुंचे थे। डायलिसिस कराने के लिए पवन को बी पॉजिटिव एक यूनिट ब्लड की अतिआवश्यकता थी। मरीज पवन कुमार के पिता अर्जुन राम ब्लड की तलाश में इधर उधर भटक रहे थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने उन्हें पलामू एसपी चंदन सिन्हा से मिलने का सलाह दिया। इसके बाद अर्जुन राम ने किसी तरह पलामू एसपी चंदन सिन्हा का मोबाइल नंबर जुगाड़ कर उन्हें फोन करके अपने पुत्र के बीमारी के बारे में जानकारी दी और कहा कि हमारे पुत्र को एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता है। अर्जुन सिंह की समस्या को देखते हुए एसपी चंदन सिन्हा ने अपने विभाग के एक जवान उमेश कुमार आरक्षी 745 को मरीज को ब्लड उपलब्ध कराने को कहा। एसपी के आदेश मिलते ही जवान उमेश कुमार सदर अस्पताल पहुंचकर मरीज पवन कुमार को ब्लड देकर उसकी समस्या का समाधान किया।इस नेक कार्य के लिए मरीज पवन कुमार के पिता अर्जुन राम ने पलामू पुलिस को धन्यवाद दिया है। बताते चलें की पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पलामू में पदभार ग्रहण करने के साथ ही पलामू वासियों से वादा किया था कि वे किसी भी व्यक्ति की जान खून की कमी से नहीं जाने देंगे। वे अपने वचन पर आज भी कायम हैं। अभी तक उन्होंने अपने कार्यकाल में पलामू जिला के लगभग 150 से 200 लोगों को खून उपलब्ध करा कर उनको नया जीवन देने का काम किया है।यह सिर्फ उनका वादा ही नहीं रहा बल्कि उसे धरातल पर भी उतारने का काम किया है।

## विधायक ने गंभीर रोग से पीड़ित दिनेश के परिजन को सौंपा 50 हजार का ड्राफ्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहरी क्षेत्र निवासी दिनेश कुमार गुप्ता गुर्दा रोग नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। वर्तमान में वे चंडीगढ़ के अस्पताल में गुर्दा के प्रत्यारोपण के लिए भर्ती हैं। इसके पूर्व दिनेश कुमार गुप्ता ने क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह से मिलकर इलाज में सहयोग का आग्रह किया था। विधायक की अनुशंसा पर पीड़ित को इलाज के लिए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी सहायता निधि से 50 हजार रुपए का डिमांड ड्राफ्ट निर्गत किया गया। तथा विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दिनेश कुमार गुप्ता के परिजन को सहायता राशि का डिमांड ड्राफ्ट सौंपा । साथ ही उन्होंने पीड़ित को यथाशीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी क्षेत्र के कई लोगों को गंभीर बीमारी के इलाज के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है।

## चैनपुर के पूर्वडीहा गांव में गोली चालन का मुख्य आरोपी मनोज दूबे गिरफ्तार

**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा गांव में जमीनी विवाद में गोली मारकर घायल करने वाला कलयुगी भाई गिरफ्तार। चैनपुर थाना केस संख्या 231/2022 में फरार अभियुक्त मनोज दूबे को आज अहले चैनपुर थाना पुलिस ने पूर्वडीहा गांव से गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि विगत 9 अक्टूबर 2022 को पूर्वडीहा गांव में जमीन बंटवारे को लेकर आपस में सभी गोतिया लोग एक बैठक का आयोजन किये थे जिसमें आपसी बातचीत चल रही थी कि अचानक मनोज दूबे ने जान मारने की नियत से विमल दूबे को टारगेट करके गोली चला दिया । पहला गोली विमल दूबे के बगल से पार हो गई लेकिन दूसरी गोली विमल दूबे के पैर में लगी जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गये तथा गोली का जहर उनके पैर में फैल गया जिससे पूरा पैर में इनफेक्शन फैल गया बाद में रांची के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान विमल दूबे का पैर काटना पड़ा। तब से अपराधी मनोज दूबे फरार चल रहा था लेकिन पुलिस उसे लगातार खोज रही थी। आज सुबह छापेमारी करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## पूर्वमंत्री ने बाबूलाल मरांडी को बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर दिया बधाई



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर बुके देकर उन्हें बधाई दिया।

# नहीं रहे अधिवक्ता नगेंद्र प्रसाद सिंह, 1968 में शुरू की थी वकालत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के वरिष्ठ साथी एवं आधुनिक टेंट हाउस के संचालक गगन के पिता अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद सिंह का निधन शनिवार को करीब 7:30 से 8:00 के बीच हो गया। पांडेय जानकी सिंह के पुत्र नागेंद्र प्रसाद सिंह पलामू जिला बार एसोसिएशन के एक प्रतिष्ठित अधिवक्ता थे। उन्होंने वकालत की शुरुआत 1968 में की थी।नागेंद्र प्रसाद सिंह पलामू जिला के नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) स्थित नौडीहा गांव के निवासी थे। घर परिवार के लोग उन्हें गुपी बाबू के नाम से पुकारते थे। उनके भतीजा रमेश प्रसाद सिंह ने बताया कि नागेंद्र प्रसाद सिंह का अंतिम संस्कार 16 जुलाई सुबह किया जाएगा। उनके शव को मेदिनीनगर के आबादगंज स्थित निवास पर रखा गया है। उनके दर्शन हेतु निवास पर काफी लोग पहुंच रहे हैं। उनके निधन के बाद इप्टा पलामू, झारखंड राज्य दिहाड़ी मजदूर यूनियन और कई अधिवक्ताओं एवं उनके चाहने वालों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में अधिवक्ता केडी सिंह, नंदलाल सिंह, एसएन सिंह, शलभ कुमार राठौर, झारखंड राजधानी मजदूर यूनियन के महासचिव राजीव कुमार, झारखंड पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार घई, इप्टा के शैलेंद्र कुमार, उपेंद्र मिश्र, प्रेम प्रकाश, रविशंकर, अजीत, राजीव रंजन, समरेश सिंह, भोला, संजीव कुमार संजू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आज से आमरण अनशन पर बैठेंगे मणि भूषण, कब्रिस्तान से छठ घाट तक बनने वाले पीसीसी पथ बंद कराने के विरोध में अनशन का लिया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद के द्वारा गोदरमा कब्रिस्तान से छठ घाट तक बनने वाले पीसीसी सडक निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया। निर्माण कार्य बंद कराने से आहत युवा समाजसेवी युवा समाजसेवी मणि भूषण पांडेय आज रविवार से आमरण अनशन पर बैठेंगे। इस संबंध में उनके द्वारा पलामू उपायुक्त सहित सदर अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, विश्रामपुर सहायक नगर आयुक्त व रेहला थाना प्रभारी को आवेदन देकर सूचना दे दी गई है। युवा समाजसेवी श्री पांडेय ने बताया कि गोदरमा कब्रिस्तान से लेकर छठ घाट तक कच्चा रोड के उपर पीसी सड़क का निर्माण कार्य करने को लेकर विश्रामपुर नगर परिषद के द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया था। कुछ हिस्से में निर्माण कार्य भी हो गया है। लेकिन एक सोची समझी साजिश के तहत छठ घाट तक जाने वाले पथ निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई। छठ घाट पर गोदरमा गांव सहित सहित डिहरिया, भगगरूआ, भलूही आदि गांव के व्रती शामिल होते हैं। छठ घाट तक निर्बाध आवागमन को लेकर सड़क निर्माण कराने को ले दोनों समुदाय के लोगों की बैठक 15 फरवरी 2023 को की गई थी। जिसमें अंचलाधिकारी के द्वारा सीमांकन कराते हुए निर्माण कार्य को लें दोनों समुदाय के लोगों की सहमति बनी। साथ ही पीसीसी पथ निर्माण कराने को लेकर नगर परिषद से आग्रह किया गया। नगर परिषद के द्वारा निविदा आमंत्रित कर 12 जुलाई से कार्य शुरू कराया गया था। लेकिन शनिवार की सुबह विश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त परवेज आलम के द्वारा पत्र निर्गत कर निर्माण कार्य को बंद करा दिया गया। बताया कि एक सोची समझी साजिश है। निर्माण कार्य को लेकर दोनों समुदाय के लोगों की सहमति बनी फिर छठ घाट तक सड़क निर्माण कार्य कराने में परेशानी क्यों हो रही है। मामले को लेकर आमरण अनशन किया जाएगा। इस बाबत सभी वेरी अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

## जासा ग्राम के ग्रामीणों ने डीलर के खिलाफ एसडीओ को दिया आवेदन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जासा ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर सिंहपुर ग्राम के डीलर कामेश्वर प्रसाद गुप्ता पर मई व जून दो माह का राशन नही देने का आरोप लगाते हुये रक्सा ग्राम के डीलर सुरेन्द्र राम को दुकान आवंटित करने की मांग किया है।आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि जासा ग्राम का राशन दुकान जो शीला देवी के नाम से आवंटित था।शीला देवी द्वारा दुकान नही चलाने के बाद उक्त दुकान को सिंहपुर ग्राम के डीलर कामेश्वर प्रसाद को दे दिया गया था।डीलर द्वारा सही तरीके से दुकान नही चलाने तथा मई व जून माह का राशन नही देने पर ग्रामीणों ने डीलर बदलने की मांग किया है।दो माह का राशन नही मिलने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में इकबाल अंसारी, अफजल अंसारी, शनि कुमार, जलील अंसारी, मुकेश कुमार, राहत अंसारी, राकेश पाल, बिंदा देवी,सीमा देवी, अनिता देवी, विमला देवी, तेतरी देवी, एतवरिया देवी, रवीना खातून, विमल देवी, शीला देवी, ललिता देवी सहित अन्य ग्रामीणों के नाम शामिल है।

## बीस सूत्रीय अध्यक्ष ने किया कई विद्यालय का औचक निरीक्षण, शिक्षण कार्य में करे सुधार नही तो होगी करवाई : उदय पासवान

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के बीस सूत्रीय अध्यक्ष श्री उदय पासवान ने उत्क्रमित मध्य विधालय हरिना, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ईमलियाटांड, उत्क्रमित मध्य विधालय हबरुआ मे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री पासवान ने कहा कि विधालय के सभी प्रधानाध्यापक को हिदायत किया कि बच्चों के बीच मेनू के अनुसार मध्यानभोजन ,गुणवता पूर्ण शिक्षण कार्य और शिक्षण उपकरण देने की बात कहा।उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों की प्रतिदिन नियमित रूप से कक्षाए घंटी के अनुसार शिक्षण कार्य करने की बात कही। जाँच के दौरान जो भी कमी पाया गया है उसे एक सप्ताह के अंदर सुधार करने को कहा है अगर समय सीमा के अनुसार नहीं सुधार हुआ तो आगे कि करवाई करने की बात कहा।

## बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के स्थित पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया। जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने चैनपुर स्थित पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय कोलहुआ का निरीक्षण किया। बालिकाओं से पढ़ाई के बारे में पूछताछ की किसी प्रकार की परेशानी होने पर सूचना देने की बात कही कहा सरकार द्वारा जो भी सुविधा दी जा रही है। उसमे किसी प्रकार की कटौती नहीं की जाएगी। मन लगाकर पढ़े और अच्छे नंबर से पास करे। पदाधिकारी ने बच्चो के साथ दोपहर का खाना भी खाया। कहा की स्कूल की और से सही खाना दिया जा रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को चेतावनी दी कि खाने में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बच्चो की उपस्थिति पंजी की भी जांच की। यह भी देखा कि बच्चो को मेन्यू के अनुसार भोजन दिया जा रहा है कि नही।

## युवा कांग्रेस जिले में मजबूती के साथ काम कर रही है : विशाल डुंगडुंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 15 जुलाई दिन शनिवार को लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस कमिटी की कार्यकारिणी बैठक एवं युवा प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार कमिटी का पुनर्गठन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह किया गया , नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर माला पहनाकर एवं पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया गया और उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारियों को एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है सभी पदाधिकारी बखूबी के साथ पार्टी कर्तव्यों का पालन करें और संगठन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, कांग्रेस की विचारधारा के साथ राहुल गांधी जी के हाथों को मजबूत करें बीते वर्षों में मोदी सरकार ने युवाओं से कई झूठे वादे किए और वर्तमान में उनका पर्दाफाश हो चुका है और युवाओं को एकजुट होकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है, जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार पदाधिकारियों के मनोनयन में फेरबदल की गई है एवं नए ऊर्जावान साथियों को पद के साथ दायित्व प्रदान किया गया है युवा कांग्रेस पहले से कहीं अधिक मजबूती के साथ काम कर रही है और आने वाले समय में भरपूरी के साथ शक्ति प्रदर्शन करेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों में सौरभ भगत, दिलीप पांडे को जिला महासचिव, हसबुल खान, सोहैल अख्तर को जिला सचिव, आयुष यादव को प्रखंड अध्यक्ष एवं अभिषेक कुमार को सोशल मीडिया कार्डिनेटर बनाया गया। मौके पर सोशल मीडिया प्रदेश कॉर्डिनेटर अल्ताफ अंसारी, विधानसभा अध्यक्ष संजर अंसारी, जिला उपाध्यक्ष गुलाम जिलानी, जिला उपाध्यक्ष काविस जयसवाल,जिला उपाध्यक्ष दुर्गा उरांव,जिला महासचिव रंजीत लकड़ा, जिला महासचिव इमरोज़ अंसारी, जिला महासचिव कैश आलम,जिला महासचिव असलम अंसारी, नगर अध्यक्ष तौसीफ आलम, नगर उपाध्यक्ष मुशर्रफ रजा, तिला उरांव, विनोद भगत, फैयाज अंसारी, सैफ अहमद, रोहित सिंह, अशोक खलखो, सोनू तिग्गा, अभिषेक महतो, सौरव कुमार वर्मा, सुशांत दुबे, अभिषेक गुड़िया, विपिन कुमार, रोशन उरांव, लव कुमार, लालू कुमार, आशीष खेरवार, विकास उरांव, नितेश भगत, कुंदन साई, उपेन्द्र मुंडा, जयवीर सिंह, आशीष कुमार खलखो, ओम प्रकाश साहू, अमन गिरी, विवेक कुमार, समसुल अंसारी, जितेंद्र उरांव, उदय कुमार सिंह, काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धान का बकाया पैसा मिलने पर किसानों में खुशी

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा के द्वारा विगत दिनों पत्रांक न.06/126, तिथि 26 मई 2023 को जिले के किसान भाइयों के धान खरीदी का 50त्न बकाया पैसा नहीं दिए जाने संबंधी समस्या के समाधान हेतु उपयुक्त महोदया जी को एक आवेदन पत्र सौंपा गया था।दिए गए आवेदन का प्रभाव से विभाग के द्वारा लैम्पसों से धान उठावा होने लग गया , और किसानों को उनकी बकाया राशि भी मिलने लगा। उक्त बातें कुछ किसानों ने श्री बेसरा जी को व्हाट्सएप के जरिए जानकारी दिए। श्री बेसरा जी ने सिमडेगा जिला खाद्य आपूर्ति शाखा के पदाधिकारियों से फोन द्वारा बात चीत कर उक्त संबंध में जानकारी लिए। विभाग द्वारा जानकारी दिया गया कि धान , उठाव का काम एवं साथ ही साथ किसानों को उनकी बकाया राशि का भुगतान भी कर दिया जा रहा है। किसान भाई बकाया राशि की भुगतान होने पर बहुत खुश हैं। श्री बेसरा जी ने जिला खाद्य आपूर्ति शाखा सिमडेगा को ज़िले की सभी किसानों बन्धुओं की ओर से आभार व्यक्त किया है।

# राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है : बिट्टू पाठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदनीनगर :** कांग्रेस पार्टी की बैठक उंटारी प्रखंड के अध्यक्ष रिंकू सिंह के अध्यक्षता में प्रखंड एवं मंडल की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक विशिष्ट अतिथि प्रखंड प्रभारी सत्येंद्र सिंह प्रदेश प्रतिनिधि सतनारायण तिवारी प्रखंड सह प्रभारी महेंद्र दुबे उपस्थित थे। इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा सच की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे सच यह है कि ललित मोदी नीरव मोदी मेहुल भाई विजय माल्या जतिन मेहता संधिगत रूप से विदेश पहुंच गए आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ने उनको तो आजाद कर दिया पर झूठ झूठ के चाले चल, एक राजनीतिक साजिश के तहत जन जन के नेता हम सभी के नेता आदरणीय राहुल गांधी जी को कटघरे में खड़ा कर संसद से निलंबित करा दिया आगे बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा के राज में पहले भ्रष्टाचारी बाहर भागते हैं और दूसरी तरफ मोदी की पार्टी भ्रष्टाचार के आरोपित लोगों को भाजपा के स्वस्थ भारत अभियान के तहत वाशिंग मशीन में धो कर सत्ता हथियाने का खेल खेलती है देश की जनता मोदी की भ्रष्टाचार पर दोहरी नीति जान चुकी है कांग्रेस पार्टी के कोई भी नेता हमारा कोई भी कार्यकर्ता इस राजनीतिक साजिश से नहीं डरता है कांग्रेस पार्टी देश के लोगों के दिल में बसती है यह देश नफरत की राजनीतिक से नहीं मोहब्बत की राजनीति से चलेगा आगे जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा की कार्यकर्ताओं के बल पर लोकसभा एवं सभी विधानसभा में कांग्रेस पार्टी परचम लहराए गए प्रखंड, मंडल पंचायत अध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द बूथ में काम शुरू किया जाए लक्ष्य 2024 को लेकर मौके पर सुरेंद्र तिवारी राम लखन तिवारी रविंद्र दीक्षित उमेश कुमार दीक्षित अखिलेश तिवारी अंबिका तिवारी विनोद तिवारी सुधीर पासवान श्याम नारायण सिंह रामकृष्ण तिवारी ब्रिज तिवारी जगन मिस्त्री महेश्वर रजवार सोनू प्रजापति अहमद अंसारी सीताराम चंद्रवंशी रामरेखा चंद्रवंशी सरजू प्रजापति लक्ष्मण मिस्त्री फिरंगी राम अखिलेश राम काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पतंजलि राज्य प्रभारी रामजीवन पाण्डेय का दो दिवसीय प्रवास, योग साधकों को करेंगे सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी रामजीवन पाण्डेय लोहरदगा जिले के दो दिवसीय प्रवास में रहेंगे। प्रवास के दौरान राज्य प्रभारी श्री पांडे के द्वारा योग प्रशिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही साथ पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास की लोहरदगा जिला इकाई के साथ साथ अन्य प्रकल्पों के पदाधिकारियों व जिला कार्यसमिति के साथ बैठक करेंगे। जिसमें आगामी कार्य योजनाओं पर चर्चा परिचर्चा की जाएगी। जिसके तहत जड़ी-बूटी दिवस, सहयोग प्रशिक्षक प्रशिक्षण शिविर आदि पर प्रकाश डालेंगे। श्री पाण्डेय कल दिनांक 16 जुलाई को वनवासी कल्याण आश्रम आयोजित कार्यक्रम हवन में भी उपस्थित रहेंगे।

## भाजपा के एक भी कार्यकर्ता, झापा में नही हुए हैं शामिल : अशोक इंदवार



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलेबिरा में भाजपा कार्यकर्ताओं की झारखंड पार्टी में शामिल होने की खबर को कोलेबिरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने खंडन किया है। और झापा जिलाध्यक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है कोलेबिरा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि कोलेबिरा भाजपा मंडल के सभी कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित हैं कोलेबिरा भाजपा मंडल की एक भी कार्यकर्ता झारखंड पार्टी की सदस्यता ग्रहण नहीं की है यह सब सस्ती लोकप्रियता पाने का तरीका अपनाया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## चंद्रयान तीन की सफलता में जुड़े हैं रांची के वैज्ञानिक सोहन यादव

**रांची।** चंद्रयान 3 को 14 जुलाई को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर चांद की ओर उड़ान भड़ी। यह देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इसे साकार बनाने में वैज्ञानिकों की एक पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत की है। इस टीम में रांची के रहने वाले होनहार वैज्ञानिक सोहन यादव भी शामिल हैं। उनके पिता ट्रक चालक हैं और मां गृहिणी है। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर से पढ़ाई की है। गौरतलब है कि देश को गौरवान्वित करने वाले चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग में रांची की भी भूमिका अहम है। इसके लॉन्चिंग पैड की डिजाइन सोहन यादव के नेतृत्व में ही रांची स्थित संस्थान मेकन ने तैयार किया है, जबकि 84 मीटर ऊंचे लॉन्चिंग पैड का निर्माण भी रांची के एचईसी में ही हुआ है। ऐसे में रांची वासियों के लिए यह दोगुनी खुशी और गौरव का पल है।

## पूर्व विधायक हरिहर नारायण प्रभाकर का निधन, विस अध्यक्ष ने जताया शोक

**रांची:** पूर्व विधायक हरिहर नारायण प्रभाकर का शनिवार की सुबह रांची के रिम्स में निधन हो गया। प्रभाकर राज धनवार विधानसभा क्षेत्र से 1977, 1985 और 1990 में विधायक चुने गए थे।
अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्र नाथ महतो ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे एवं उनके परिवारजनों को इस दुख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करें।

# मजदूरों की लड़ाई और अधिकार दिलाएगी भाकपा : अजय सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सीपीआई और जवाहर लाल नेहरू बस सेवा कर्मचारियों के द्वारा संयुक्त रूप से रांची नगर निगम का घेराव सह प्रदर्शन अपनी 8 सूत्री जीसी मांगों को लेकर किया गया। घेराव करने से पहले सभी कर्मचारी और कार्यकर्ता सीपीआई राज्य कार्यालय अल्बर्ट एक्का चौक में एकत्रित हुए और फिर 11 बजे राज्य कार्यालय से जिला सचिव अजय कुमार सिंह संरक्षक इम्तियाज अहमद खान अध्यक्ष नीरज सिंह एवम सुरेंद्रनाथ दीक्षित के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया।
जुलूस मेन रोड शहीद चौक होते हुए रांची नगर निगम की ओर गगनभेदी नारे लगाते प्रस्थान किया ।सभी कार्यकर्ता और बस कर्मचारी नारा लगाते हुए चल रहे थे। रांची नगर निगम के मुख्य गेट पर पहुंचे और वहां जाकर 3 घंटे नगर निगम के




गेट को पूरी तरह से जाम कर दिया। एवम गेट में तालाबंदी कर दी गई। किसी भी कर्मचारी या आम लोग अंदर नहीं जाने दिया गया। नगर निगम की पूरी कार्यशैली कार्य प्रणाली पूरी तरह से ठप हो गया था।निगम प्रशासक से मिलने का समय सुनिश्चित नहीं होने पर कार्यकर्ताओं ने आक्रोश व्यक्त किया । प्रशासन ने 17 जुलाई को प्रतिनिधिमंडल से मिलने का समय निर्धारित किया। तब जाकर घेराव कार्यकर्म स्थगित किया गया।
घेराव में निम्नांकित मांगो को नगर निगम के समक्ष रखा गयाः
जिसमें 2010 से अभी तक दिनांक 15 -7 -2023 तक जो भी कार्य कर रहे कर्मचारियों का वेरिफिकेशन नगर आयुक्त अपनी निगरानी में कराएं। झारखंड सरकार रांची नगर निगम जवाहर लाल नेहरू का सेवा संचालक एवं संचालित पूरी नियमावली के अनुसार संचालित करें द्य सभी बसों में भाड़ा निर्धारित करें , रेट चार्ट लगाए एवं टिकट उपलब्ध कराया जाए द्य महिला बस पर महिला कर्मचारी सुनिश्चित कराया जाए ।इस प्रदर्शन में मुख्य रूप से सिमरन मिंज,किरण कुमारी,मोनिका कुमारी,दुर्गा कुमारी,चांदनी कुमारी,सोनाली कुमारी,सीमा कुमारी,परमिला कुमारी,सुनीता टोप्पो, असीमा मिंज, प्रियंका , एलिस ममता कुमारी रजनी किस्पोट्टा,मनविल कुजूर, रोशन लिंडा,संजय किस्पोट्टा,मोम्माद इम्तियाज साकिर कुराशी वहाब खान आमिर राईन अमरावती देवी राजद के राजेश यादव,विनय ओझा,संरक्षक जीत भाई,धरमवीर सिंह समाजसेवी अजय चौधरी,नागो चौधरी,साहेब राम भोक्ता,निरंजन भारती सहित सैकड़ों लोगो ने भाग लिया।

# आधार सीडिंग की प्रक्रिया करें पूर्ण : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम राज्य एवं केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों के खातों के आधार सीडिंग के संबंध में समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी बैंकों से पेंशन लाभुकों के खातों से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन खातों की आधार सीडिंग की प्रक्रिया अपूर्ण हैं, उन्हें निर्बाध रूप से पेंशन का भुगतान करने का निर्देश दिया। केसीसी, पीएम-किसान सम्मान



निधि संबंधित खातों की समीक्षा के दौरान जिला में किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम-किसान सम्मान निधि से सम्बंधित खाताधारकों के आधार सीडिंग में होने वाली समस्याओं के संबंध चर्चा गयी।
विभिन्न बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान सम्मान निधि से संबंधित वैसे लाभुक जिनका आधार मैपिंग नहीं हुआ है, वैसे लाभुकों को चिन्हित कर मैपिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। साथ ही विभिन्न कारणों से अस्वीकृत हुए आवेदनों की जांच कर लाभुकों से सीधे संपर्क करते हुए उनका खाता खोलने का निर्देश दिया गया।
उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

# दो पत्थर कारोबारियों को ईडी ने कोर्ट में किया पेश, भेजे गए जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अवैध खनन मामले में दो पत्थर कारोबारियों टिंकल भगत ओर भगवान भगत को ईडी की पांच दिनों की पूछताछ के बाद कोर्ट में शनिवार को पेश किया गया।
ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया।
सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की। उल्लेखनीय है कि 10 जुलाई को कोर्ट ने ईडी के आग्रह को देखते हुए पूछताछ के लिए दोनों को 5 दिनों की रिमांड प्रदान की थी। सात जुलाई को इन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया गया था। ये दोनों आरोपित पंकज मिश्रा के सहयोगी हैं।
आठ जुलाई, 2022 को इन दोनों आरोपित सहित 15 लोगों के ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी में टिंकल के पास से 15 लाख और भगवान भगत के पास से 28.50 लाख रुपये नकदी बरामद हुए थे।

# बाबूलाल मरांडी का राजीव रंजन ने किया भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित स्नेह मिलन समारोह में नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओ के द्वारा ढोल- नगाड़ा बजाकर,अबीर गुलाल लगाकर, पुष्प वर्षा कर एवं पटाका फोड़ कर किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य रूप से डॉ प्रकाश सिंह, अर्जुन राम, सुनील गुप्ता, उपेंद्र रजक,प्रभु दयाल बड़ाईक शामिल थे ।सभी कार्यकर्ताओं ने श्री मरांडी जी का भव्य स्वागत किया एवं झारखण्ड



का एक लाल बाबूलाल बाबूलाल के उद्घोष के साथ उनका अभिवादन किया । मरांडी ने उतर कर सभी सदस्यों का अभिवादन किया एवं सब की हौसला अफजाई की। मिश्रा ने बताया कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी जिससे सभी कार्यकर्ताओं में खुशी एवं जोश का महौल देखने को मिला ।स्वागत समारोह में डॉ अटल पांडेय , पिंटू तिवारी , कमल कांत दुबे , राहुल सिन्हा चंकी , राकेश सिंह , पीयूष आनंद ,प्रकाश चंद्र सिन्हा , सुनील शर्मा , सूरज शाहदेव सहित हजारो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे ।

# अंजुमन इस्लामिया रांची के लीगल सेल से पीड़ितों को मिल रहा इंसाफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची में घरेलू विवादों को लेकर खासकर पति-पत्नी के झगड़े महिला थाना और फैमिली कोर्ट पहुंच रही है। इस कारण से इंसाफ पाने के लिए सालों कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इन दौरान कई तरह की समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इन सब समस्याओं को देखते हुए अंजुमन इस्लामिया रांची ने लीगल सेल का गठन किया है। इसके माध्यम से घरेलू विवादों, आपसी परिवारिक झगड़े को निपटाने के लिए लगातार काम कर रही है । यही वजह है कि अब अंजुमन इस्लामिया रांची द्वारा चलाए गए लीगल सेल के प्रति लोगों की उम्मीदें बढ़ गई है । हाल के दिनों में कई मामलों का निपटारा किया गया है। जिससे लोगों का विश्वास और बढ़ने लगा है। अंजुमन इस्लामिया रांची के द्वारा लीगल सेल जो बनाई गई है, इसमें जाने-माने अधिवक्ता गणों को रखा गया है , जो पारी पारी से विवादों को सुलझाने के लिए प्रयास करते हैं। इसमें सफलता भी मिल रही है। लीगल सेल के मीडीएशन में बहुत सारे शिकायतकर्ताओं और पीड़ितों का मामला आ रहा है सभी मामलों का निपटारा बड़ी तेजी के साथ सुना जा रहा है। शनिवार को लीगल सेल में मुफ्ती तन्हा नदवी,अधिवक्ता अजहर खान, वैजुर रहमान,मो शमीम,नसर इमाम, सरफराज अहमद, सुल्तान खान,सिम्मी आरा,आबरू परवीन, अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मुख्तार अहमद,शाहिद अख्तर टुकलू, कन्वेनर सज्जाद बबलू मौजूद रहे।

# आवंटित दुकानदार फुटपाथ में भी दुकान लगाते हैं तो रद्द होगा आवंटन : कुंवर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन के द्वारा नागा बाबा खटाल स्थित वेजिटेबल मार्केट की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में उनके द्वारा सभी फल एवं सब्जी विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने आवंटित स्थलों पर ही अपनी दुकाने लगाएं तथा अपने आस-पास सफाई बनाए रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि यदि मार्केट में फल या सब्जी विक्रेताओं को दुकान आवंटित किया गया है। उक्त विक्रेता फिर भी अपनी दुकान फूटपाथ पर लगाता है, तो ऐसी स्थिति में उस दुकानदार का आवंटन रद्द किया जाएगा। उनके द्वारा इंफोर्समेंट टीम को सख्त निर्देश दिया गया कि वेजिटेबल



मार्केट के आस-पास किसी भी प्रकार की दुकानें, ठेले खोमचे इत्यादि नहीं लगेंगे, यह सुनिश्चित की जाए। इस क्रम में पाया गया कि कुछेक विक्रेताओं द्वारा मार्केट में अतिक्रमण किया गया है एवं पूर्व में भी निदेशित किए जाने के बाद भी अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया है, जिसके उपरांत उन विक्रेताओं पर ऑन-स्पॉट कुल 5000 रुपए शास्ति राशि भी अधिरोपित किया गया। इसके अलावा संबंधित वार्ड के सुपरवाइजर को मार्केट में प्रतिदिन सुचारू रूप से साफ - सफाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने निदेश दिया कि फल और सब्जी मंडियों से निकलने वाले अवशेषों को प्रतिदिन एकत्रित कर नागाबाबा सब्जी मार्केट में अधिष्ठापित कंपोस्ट मशीन के लिए इस्तेमाल किया जाय जिसे खाद बनाने के लिए उपयोग किया जाए। मौके पर नगर अभियान प्रबंधक, जोनल सुपरवाइजर, वॉर्ड सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# गैंगस्टर अमन साहू के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने शनिवार को गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। एटीएस के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में चार्जशीट दाखिल की गयी है। एटीएस ने चार्जशीट में अदालत को बताया है कि अमन श्रीवास्तव गैंग के अपराधी रंगदारी और लेवी से पैसे जुटाते हैं। इन पैसों से हथियार खरीदकर आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ




फैलाते हैं। अमन के खिलाफ एटीएस ने कांड संख्या 1/2022 दर्ज की है। अमन श्रीवास्तव के खिलाफ आईपीसी की धारा 386, 387, 109, 43, 201 और 120(बी) के तहत चार्जशीट दाखिल की गयी है। उल्लेखनीय है कि 16 मई को अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएस ने मुंबई से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ राज्य के अलग-अलग थानों में कुल 23 जघन्य अपराध दर्ज हैं। मामले में एटीएस पिछले साल ही कई लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दर्ज किये गये कांड संख्या 1/2022 में अमन गिरोह के अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपित बनाया गया है।

# रांची में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपित गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र के कोकर में बर्थ डे पार्टी से लौट रही छात्रा के साथ चार लड़कों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शनिवार को दो नाबालिग आरोपितों को निरुद्ध और दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग पीड़िता का आरोप है कि शुक्रवार रात जब वह एक बर्थ डे पार्टी से लौट रही थी, तभी पार्टी में शामिल चारों लड़के सुनसान जगह देख कर उसे सड़क के किनारे ले गए और फिर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले चारों लड़कों में से दो नाबालिग हैं। चारों आरोपित छात्रा के मोहल्ले के ही रहने वाले हैं। रांची के सदर अस्पताल में छात्रा का मेडिकल जांच भी कराया गया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दो नाबालिगों को निरुद्ध और दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है।

## डीजीपी 19 को आपराधिक घटनाओं की करेंगे समीक्षा



**रांची :** डीजीपी अजय कुमार सिंह 19 जुलाई को राज्य के विभिन्न जिलों में हुई आपराधिक घटनाओं की आंकड़ों के आधार पर समीक्षा करेंगे। इसकी सूचना सभी संबंधित एसपी को दे दी गई है। सीआईडी की ओर से भी सभी जिलों को 16 जुलाई तक उनके जिलों से संबंधी आपराधिक आंकड़ों को भेजने का निर्देश दिया गया है।

# रांची उपायुक्त ने की कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा, दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में संबंधित सभी अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना (चिकित्सा अनुदान), शहीद ग्राम विकास योजना, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की समीक्षा की।
उपायुक्त ने कहा कि जिन प्रखंडों में बिरसा आवास योजना का कार्य



होना लंबित है, वैसे मामलों पर जोर देकर इसे पूरा कराना सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बुंडू, खलारी, तमाड़ प्रखंड में जो आवास पूरा नहीं हुआ हैं, उसे तीन माह के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों का आइडेंटिफाई एवं एकरारनामा कार्य पूर्ण कराने को कहा गया। कार्य पूर्ण नहीं होने पर इसपर कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी से पूछा कि सरना, मसना, हड़गड़ी और जाहेरस्थान घेराबंदी योजना से संबंधित राशि मिल जाती हैं। किसी प्रकार की कोई समस्या तो नही हैं। इस योजना का पूरा होने पर ध्यान देने का निर्देश देते हुए रांची जिला के सभी प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी को कार्य स्थल पर जाकर निरीक्षण और इस कार्य की मॉनिटरिंग पर ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि लंबित कार्य को छह माह में पूरा कराये। उपायुक्त ने कल्याण विभाग की ओर से संचालित मिलने वाली पोस्ट मैट्रिक/प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेते हुए छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का भुगतान ससमय हो इसपर ध्यान देने का निर्देश दिया।

# सभी क्षेत्रों में चुनौतियां हैं, जिनका समाधान जरूरीः राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि तेजी से विकसित हो रही दुनिया में पिछले दशकों के सिद्ध मॉडल निरर्थक होते जा रहे हैं। सभी क्षेत्रों में चुनौतियां हैं, जिनका आधुनिक समाधान जरूरी है। मुझे विश्वास है कि इस संस्थान के छात्र इन चुनौतियों से निपटने और विशिष्टता के साथ देश और पेशे की सेवा करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। राज्यपाल शनिवार को बीआईटी मेसरा के 68वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा उच्च शिक्षा का एक संस्थान बनाने की दृष्टि से शुरू हुआ था जो न केवल ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि नवाचार और समग्र विकास को भी बढ़ावा देगा। यह दृष्टिकोण कार्य में परिवर्तित हो गया और संस्थान को भारत के विश्वविद्यालयों में बेहतरीन तकनीकी संस्थानों में से एक बना दिया। उन्होंने कहा कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाते हुए भविष्य की आकांक्षाओं में बाधा नहीं बननी चाहिए। राज्यपाल ने उम्मीद जतायी कि बीआईटी मेसरा झारखंड राज्य और देश के लोगों की



भलाई के साथ आर्थिक समृद्धि के लिए इंटेलिजेंस, अंतरिक्ष इंजीनियरिंग, सैटेलाइट संचार, बिजली उत्पादन और वितरण, जल संसाधन प्रबंधन और कई अन्य क्षेत्रों में योगदान देगा। दुनिया आने वाले वर्षों में पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए उत्सुकता से तकनीकी समाधान तलाश रही है। ऐसे में भारत के युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को चाहिए कि इस कार्य में सफलता हासिल करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमने 21वीं सदी की सबसे विनाशकारी महामारी यानी कोविड-19 पर काबू पा लिया है और अपनी भविष्य की यात्रा की ओर आगे बढ़ गए हैं।
हमने महामारी के दौरान तकनीकी नवाचार भी देखा। आर्थिक गतिविधियां अब पटरी पर हैं। विकास दर बढ़ रही है। रोजगार के अधिक अवसर पैदा हो रहे हैं। स्टार्ट-अप को सरकार समर्थन दे रही है। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के पूर्ण कार्यान्वयन से एक आदर्श बदलाव आएगा।

# आरसेटी में 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आरसेटी में किया गया 30 दिवसीय निःशुल्क ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण का शुभारंभ । इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी जामा, दुमका में ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें 35 प्रशिक्षणार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि जेएसएलपीएस दुमका के जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशांत एक्का , आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी,जेएसएलपीएस के वाईपीएफ ई प्रियाधर ,जामा प्रखण्ड के बीपीएम मिनाती सिंह,संकाय सदस्य एवम दीदियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि निशांत एक्का ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने सभी को संस्थान के समय सारिणी के अनुसार चलने को कहा तथा प्रशिक्षण के समय एक दूसरे की मदद करने के लिए भी कहा गया जिससे की प्रशिक्षण का अधिक से अधिक फायदा सभी को मिल सकें। जामा प्रखण्ड के बीपीएम मिनाती सिंह ने सभी महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़ने तथा उससे लाभान्वित होने के संबंध में विस्तार से बतलाई। इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा व अमरदीप कुमार,कार्यालय सहायक मनोज कुमार सिंह, संजय सोरन अन्य उपस्थित थे।

## विभागीय पदाधिकारियों ने पंचायत प्रतिनिधियों को दी योजनाओं की जानकारी



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सभागार खलारी में बैठक कर नई योजनाओं की जानकारी दी गई. अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने की. बैठक में पंचायत समिति सदस्य, मुखिया व विभागीय पदाधिकारी मौजूद थे.बैठक में आए जिला खेल पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों को सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के गठन के संबंध में विस्तृत से बताया. इसके बाद प्रखंड के सारे विभागों के पदाधिकारी अपने अंतर्गत नई योजनाओं और चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया. प्रमुख ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी लेखराज नाग, अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य, चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, प्रभारी प्रखंड पंचायत पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक पंद्रहवें वित्त आयोग, प्रखंड समन्वयक पीएमएवाई, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस उपस्थित थे.

## आरसीएमयू इंटक ने किया नवनियुक्त कार्मिक प्रबंधक का स्वागत



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक ने अशोक परियोजना के नवनियुक्त कार्मिक प्रबंधक सौमित सेनापति और पिपरवार यूनिट के नवनियुक्त कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग का जोरदार स्वागत किया। जानकारी के अनुसार सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा शिशिर गर्ग का तबादला अशोका से पिपरवार यूनिट और सौमित सेनापति का तबादला पिपरवार से अशोक परियोजना में कार्मिक प्रबंधक के पद पर किया गया है। शनिवार को योगदान देने के साथ ही दोनों का कार्मिक प्रबंधक का यूनियन के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया।इस दौरान यूनियन के द्वारा कोयला मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया गया।इस मौके पर यूनियन के पिपरवार शाखा सचिव मिथिलेश कुमार शर्मा,रतन महतो,भादा गंझु,शंकर मुखर्जी,आलोक सिंह,महेंद्र सिंह, यशोमती देवी सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।

## कमलेश राम के नेतृत्व में पहुंचा जुलूस मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सम्मान में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में भाजपा अनुसूचित




जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में सैकड़ों महिला व पुरुष गाजे बाजे के साथ शामिल हुए। अरगोड़ा चौक से सभी लोग पैदल हरमू रोड स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल तक पूरे गाजे बाजे के साथ झूमते हुए पहुंचे। और बाबूलाल मरांडी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में कमलेश राम के नेतृत्व में पहुंचा जुलुश मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बनने से कार्यकर्ता के साथ- साथ सभी वर्ग के लोग खुश हैं। और उनके नेतृत्व में निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। और सभी चौदह लोकसभा सीट जीतेगी।निरंतर मरांडी जी का स्नेह व आशीर्वाद प्राप्त होता रहा है। मौके पर मुख्य रूप शंभू सिंह, जितेंद्र साहू, मुकेश केशरी,दीपक दास, बुढ़मू के मंडल अध्यक्ष जगलाल महतो,ठाकुरगांव? भाजयुमो अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री शंकर महतो, अर्जुन महतो,अजीत महतो, सुरेश मुंडा, राहुल नायक, जितेन्द्र साहू,आकाश मुंडा,जनक गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

# खेल और खिलाड़ी को मिलेगा हर संभव मदद : सीबी सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को समारोह आयोजित कर पिपरवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कुल 11 पंचायतों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया।इस समारोह में सीएसआर योजना के तहत पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के करीब 11 पंचायतों के पंचायत प्रतिनिधियों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया गया,जिसके तहत प्रत्येक पंचायत के प्रतिनिधियों को 15-15 फुटबॉल का वितरण किया




गया।इस समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक सीबी सहाय ने कहा कि सीसीएल कंपनी कोयला उत्पादन के साथ-साथ ग्रामीण और विस्थापित क्षेत्रों के सर्वागीण विकास एवं ग्रामीण इलाकों के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में मदद करने का काम किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित इलाकों के ग्रामीण खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में हर संभव मदद किया जाएगा।कंपनी के द्वारा ऐसे खिलाड़ियों के मनोबल बढ़ाने के लिए कम्पनी हर संभव मदद करेगा।आने वाले दिनों में सीएसआर योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कई कार्यक्रम कराए जाएंगे।इस मौके पर उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने पंचायत की विभिन्न समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया।इस मौके पर जीएम सीबी सहाय,एसओपी आलोक मनीष सोय, सीएसआर पदाधिकारी उज्जवल कुमार,रवि बाड़ा, बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी,बहेरा मुखिया रेखा देवी,किचटो मुखिया संगीता देवी,राय मुखिया शीला देवी,पताल मुखिया नेहा लकड़ा, कल्याणपुर मुखिया रमेश मुंडा,बुंडू मुखिया तुलसी तुरी, बमने मुखिया शिवनाथ मुंडा, चुरी पूर्वी मुखिया सेवा उरांव, मुखिया प्रतिनिधि किशन कुमार सिंह,दिनेश भुईयां, रमेश मुंडा,रविंद्र कुमार सिंह, अंगद महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## आजसू ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत बीडीओ को दिया ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शनिवार को आजसू पार्टी के द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत खलारी बीडीओ लेखराज नाग व सीओ शिशुपाल आर्य को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन के माध्यम से 11 सूत्री मांगो का उल्लेख किया गया है. जिसमें छात्र छात्राओं को समय पर आय जाती आवासीय प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं होना, सीसीएल के पारिवारिक सूची अविवाहित प्रमाण पत्र आश्रय प्रमाण पत्र को निर्गत करने के नाम पर मोटी रकम का मांग करना, अवैध बालू व अवैध कोयला का परिचालन लगातार हो रहा है जिस पर अविलंब रोक लगाना, सीसीएल के द्वारा संचालित कोल डंप एवं प्राइवेट कंपनियों में 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार सुनिश्चित करना, किसानों को समय पर उन्नत किस्म का बीज एवं खाद उपलब्ध कराना, खलारी प्रखंड के सभी विधवा, वृद्धा एवं विकलांगों को पेंशन प्रतिमाह सुचारू रूप से देना, मनरेगा योजना में मची लूट-खसोट को अविलंब रोकना, खलारी प्रखंड में संचालित प्राइवेट कंपनियों के द्वारा किया गया प्रदूषण एवं नदियों को प्रदूषित होने से बचाना, प्रखंड के द्वारा संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति करना, प्रखंड के सभी पंचायत में सड़क नाली का निर्माण करना एवं खलारी प्रखंड में लंबे समय से लंबित दाखिल-खारिज जैसे कार्यों को पूरा करना की मांग शामिल है. इस मौके पर आजसू नेत्री पार्वती देवी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, बाबूलाल गंझू, सन्नी कुमार, रंजीत करमाली, दशरथ महतो, जीतू नोनिया, श्रीकांत ठाकुर, जगदीश महतो, डॉ मदन प्रसाद, संजय गोड़ा, दीपक कुमार, सोहिल खान, सोनू पासवान आदि उपस्थित थे.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** विद्या भारती विद्यालय समुह द्वारा पुरनी राय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में डकरा संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया।सुबह आठ बजे से शुरू हुए कार्यक्रम शाम को संपन्न हुआ,जिसमें जलपान एवं पंजीयन,उद्घाटन सत्र,लेखन कार्य हमारा लक्ष्य बौद्धिक - विद्याभारती,आदर्श पाठ योजना, आचार्य नियमावली, वंदना प्रश्न मंच,गण समता एवं मासिक गीत सामुहिक, के साथ अनुभव कथन एवं कार्यशाला का समापन शामिल है।कार्यशाला में आये हुए अतिथियों एवं आचार्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुरू होने से पुर्व सभी अतिथियों द्वारा विद्या भारती विद्यालय के पारंपरिक श्लोकों एवं गायत्री मंत्र का जाप कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।विद्यालय के प्राचार्य गणेश महतो, सचिव फुलेश्वर महतो एवं कोषाध्यक्ष एतवारा महतो द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं आचार्यों को गमछा,छाता, नोटबुक एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्या भारती के विभाग प्रमुख कलीन्द्र नाथ झा ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य आज के आधुनिक युग में छात्रों को आधुनिकता के साथ सनातन संस्कृति के बारे में पढ़ा कर एक सभ्य, राष्ट्रवादी नागरिक बनाना है जिसमें सनातनी एवं भारतीय मुल्यों का स्थान सर्वोपरि है। झारखंड



के ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक हमारी संस्था निःस्वार्थ भाव से बच्चों को संस्कार के साथ आधुनिक शिक्षा प्रदान कर रही है। इस अवसर उपस्थित लोगों में कलीन्द्र नाथ झा विभाग प्रमुख विद्या भारती, रुपेन्द्र सिंह वित प्रबंधक पिपरवार, अवधेश कुमार सिंह संकुल संयोजक,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुदूलुम के प्राचार्य जितेन्द्र तिवारी, अभिमन्यु पासवान पिपरवार, गोपाल मिस्त्री डकरा, शालिग्राम सिंह करकट्टा, इंद्रजीत झा चुटिया,गणेश महतो पुरनी राय के साथ महेंद्र यादव समिति सदस्य करकट्टा, भोलानाथ चौहान अभिभावक प्रतिनिधि, पुरनी राय, प्रबंधक समिति के सचिव फुलेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष एतवारा महतो, आचार्य ओंकार तिवारी, सुखदेव महतो, प्रमोद कुमार,सोनिका देवी,नीलम कुमारी,अंजू झा के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## तुमांग के करकट्टा बस्ती के लोगों को मिले आवास योजना का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** तुमांग पंचायत के करकट्टा बस्ती आंगनबाड़ी भवन में विशेष ग्राम सभा किया गया. अध्यक्षता ग्राम प्रधान गणेश मुंडा ने की. बैठक में मुखिया संतोषकुमार महली व पंसस सहदेव महली उपस्थित थे. ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आवास योजना व अंबेडकर आवास योजना को लेकर चर्चा किया गया. बताया गया कि करकट्टा बस्ती की अधिकतर आबादी गरीब ग्रामीणों की है. इसके बावजूद यहां के लोगों को प्रधानमंत्री आवास व अंबेडकर आवास योजना से वंचित रखा जा रहा है. कहा जा रहा है कि यह सीसीएल अधिगृहित क्षेत्र अंतर्गत है.जबकि यह सच नहीं है. बैठक में बताया गया कि करकट्टा बस्ती सीसीएल अधिगृहित क्षेत्र से बाहर है. ग्राम प्रधान गणेश मुंडा ने



बताया कि वर्ष 1989 में करकट्टा बस्ती देवी मंदिर के 500 मीटर पीछे तक सीसीएल द्वारा अधिगृहित किया गया था. इसके बाद वर्ष 2015 में जीएम लैंड, रैयती व वन भूमि मिलाकर कुल 390 एकड़ विश्रामपुर व करकट्टा बस्ती (तुमांग) मिलाकर अधिगृहित करना था. जो नहीं हो सका.वर्ष 2021-22 में अंबेडकर आवास योजना के तहत तीन विधवा महिलाओं को योजना का लाभ भी मिला था. खलारी बीडीओ से करकट्टा बस्ती के लोगों को प्रधानमंत्री व अंबेडकर आवास योजना का लाभ देने की मांग की गई. मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने भी बीडीओ से बात कर बस्ती के लोगों को आवास योजना का लाभ दिलाने का भरोसा दिया. बैठक में किशुन मुंडा, राकेश मुंडा, संजय मुंडा, सुंदर मुंडा, सुनील मुंडा, उमेश मेहता, उपेंद्र कुमार, बुधन गंझू, बुधन मुंडा, सुनील गंझू, सिकंदर गंझू, अरुण गंझू, पंकज मुंडा, रामलगन मुंडा, सुबोध रजक, उमेश लोहरा, अर्जुन गंझू, मंगरू गंझू, बंधनी देवी, रीना देवी, मगन देवी, तारा देवी, मूटरी देवी आदि उपस्थित थे.

## टिमपुर ससानदीरी में अवैध कब्जा कर मकान बनाने को लेकर मुंडा समाज और लोहरा समाज में विवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदीरी पंचायत अंतर्गत टिमपुर मौजा में आज मुंडा समाज और लोहरा समाज की एक संयुक्त बैठक रखी गई जिसमें मुंडा समाज के हड़गडी क्षेत्र (ससानदीरी) में अवैध रूप से घर बनाकर रहने को लेकर चर्चा किया गया।ज्ञात हो कि सरना मुंडा समाज के लोगों की एक परंपरा हड़गडी सदियों से चली आ रही है जिसमें मुंडा समाज के लोग अपने परिवार के मृत पुर्वजों के अस्थि को विधि विधान से पहान और परिवार समाज के लोगों के साथ एक विशेष आरक्षित क्षेत्र में गड्ढे खोदकर उसमें रखते हैं और उसे बड़े पत्थरों से ढ़क देते हैं जिसे ससानदीरी कहते हैं।टिमपुर मौजा में भी इस इस हड़गड़ी प्रथा का निर्वहन के लिए



सदियों पहले 10 एकड़ 4 डीसमील भूमि आरक्षित हैं जिसपर किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण कार्य वर्जित है या यूं कहें इसमें कोई घर बनाकर निवास नहीं कर सकता है।मुंडा समाज के लोगों का कहना है की टिमपुर मौजा के ससानदीरी की भूमि पर लोहरा समाज के लोगों द्वारा प्रतिबंधित भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके निवास किया जा रहा है इधर मामले पर लोहरा समाज के द्वारा कहा जा रहा है कि पुर्व में गंगा नारायण मुंडा द्वारा लोहरा समाज के लोगों को 33 डिसमिल जमीन की बंदोबस्ती की गई थी जिसपर वो प्रधानमंत्री आवास बनाकर रह रहे हैं अब बाल बच्चे को लेकर कहां जाएंगे। मुंडा समाज के लोगों का कहना है कि लोहरा समाज के द्वारा 33 डिसमिल के अलावे भी लगभग डेढ़ एकड़ में अवैध कब्जा किया है जिसके विरुद्ध हमरा समाज अंचल से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक लिखित रूप से आवेदन दिया है।बैठक में गंगा नारायण सिंह मुंडा के वंशज और वर्तमान ग्राम प्रधान अनिल मुंडा नहीं पहुंचे जिसके कारण समस्या पर गहन विचार विमर्श नहीं किया जा सका पंचायत के मुखिया लक्ष्मीकांत मुंडा, दोनों समाज के अगुवा और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अगली बैठक 27 जुलाई को तय की गई है।बैठक में मुख्य रूप से तमाड़ थाना के सहायक अवर निरीक्षक अजय प्रताप,उदारकांड मुंडा, पुर्ण चन्द्र मुंडा,भोलानाथ सिंह मुंडा,किस्टो सिंह मुंडा, रामाकांत सिंह मुंडा,घासी मुंडा,मोतीलाल मुंडा, मंगल मुंडा,सोबरन मुंडा, बोतन लोहरा,बेला लोहरा,बादल लोहरा, समीर लोहरा, राहुल लोहरा और सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## रैयत करेंगे मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन बाधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक शुक्रवार को हेसालोंग गंझू टोला में किया गया. जिसका अध्यक्षता शिवनारायण लोहरा एवं संचालन हेमलाल गंझू ने किया.बैठक में एक अप्रैल को रांची अपर समाहर्ता रांची के कार्यालय में हुई त्रिपक्षीय वार्ता की समीक्षा की गई.ग्रामीणों ने कहा कि अपर समाहर्ता के साथ हुई बैठक में खलारी अंचल पधाधिकारी एवं सीसीएल के पदाधिकारी उपस्थित थे जिसमे पिपरवार रेलवे साइडिंग के रैयत का भूमि सत्यापन एवं अन्य मामलों से संबंधित समीक्षा बैठक किया गया था .जिसमे दो महीने बीत चुका है लेकिन घरताल पर कोई काम नही दिख रहा है.कार्य हो भी रहा है लेकिन पूरी तरह धीमी गति से कार्य किया जा रहा है.जिसके कारण रैयतों ने आक्रोशीत होकर सीसीएल के मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन का कार्य बाधित करेंगे एवं अंचल कार्यालय का भी घेराव करने का निर्णय लिया गया है. जिसका जिम्मेवारी सीसीएल प्रबंधन एवं अंचल पदाधिकारी होंगे. रैयतों ने पांच दिन समय दिया है अगर पांच दिन के अंदर अगर पहल नहीं किया गया तो कभी भी रैयत में स्थापित मोर्चा मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन को बंद किया जाएगा. बैठक में राधेश्याम प्रसाद, विनय टोप्पो, सुकरा गंझू,ताहिर अंसारी त्रिलोकी साहू, कुलदीप प्रसाद साहू, रामधारी गंझू, कृष्णा कुमार भोगता, सुरेंद्र गंझू, दुर्गा भोगता, मुकेश कुमार, रूपन गंझू, बिगन गंझू, भोला गंझू आदि उपस्थित थे.

## परियोजना कार्यालय के पीछे बस्ती के लोगो ने मांगा खदान से बाहर पुनर्वास स्थल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** रोहिणी परियोजना कार्यालय के पीछे ढुब बस्ती में प्रबंधन एव ग्रामीणों की बैठक शुक्रवार को हुई.जिसकी अध्यक्षता रमेशर भोगता ने किया. सर्वसम्मति से परियोजना कार्यालय के पीछे रहने वाले ढुब बस्ती के ग्रामीणों ने कहा कि रोहिणी प्रबंधक स्टॉक ओबी में पुनर्वास के लिए समतल कर बसाने को लेकर समतलीकरण किया जा रहा है यहां पर आग भी लगीं हुई है साथ ही हाइवाल ओवी में पानी के लिए कुआं डीप वोरिग तलाब पानी निकालना बड़ी समस्या है साथ हीं अधिक वर्षा होने पर हाइवाल किनारा धंसने का भी डर है . माइंस के अन्दर अनेक विकास में समस्या है और वहां पर जीवन यापन करना बहुत ही समस्या है क्योंकि एन के एरिया में जितने ग्रामीण को विस्थापित कर पुर्नवासित किया गया है सभी लोग पानी मुलभूत सुविधाओं से वंचित है. इस लिए ऐसे स्थान में नहीं जाएंगे. प्रबंधक पंचायत में नेचूनरल ठोस जमीन पुर्नवासित के लिए उपलब्ध कराए .पीओ जेके सिंह ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणो को कहा है कि जो अभी पुनर्वास स्थल के लिए समतलीकरण किया जा रहा है उसको विस्थापितो के रहने लायक बनाया जाएगा इसके लिए प्रबंधन पूरी तरह से काम कर रहा है.साथ ही पुनर्वास स्थल पर सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया जाएगा.इस बैठक में पीओ जेके सिंह,मैनेजर दीपक कुमार, सतपाल सिंह एव ग्रामीणों की ओर से मुखिया संतोष महली,पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ,बहुरा मुंडा, मंतोष गंझू,सूरज लोहरा, कोलेश्वर गंझू,संतोष गंझू,बीफा भोगता,बिनोद गंझू,शनीचरवा गंझू सहित कई लोग मौजूद थे.

## मां देवी मंदिर सोनमेर में पूजा-अर्चना कर परिसर में किया गया पौध रोपण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झारखंड उच्च न्यायालय, रांची के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक का आज खूंटी आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कर्रा प्रखंड स्थित मां देवी मंदिर सोनमेर में पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में कल्पतरु, रुद्राक्ष, रक्त चंदन आदि के पौधे का रोपण किया गया। तत्पश्चात् न्यायमूर्ति के द्वारा राजकीकृत +2 उच्च विद्यालय कर्रा, खूंटी में विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन किया गया। साथ ही कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा, खूंटी अध्यक्ष सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, डीएफओ कुलदीप मीणा, एसडीओ अनिकेत सचान सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान न्यायमूर्ति ने साक्षरता क्लब के कमरे



का निरीक्षण किया। साथ ही उपलब्ध कानून संबंधित पुस्तकों, पर्चों का अवलोकन किया। उक्त पुस्तकें डालसा, खूंटी द्वारा उपलब्ध करायी गई हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा क्लब में फर्नीचर, कम्प्यूटर एवं टीवी की व्यवस्था की गई है। मौके पर माननीय न्यायमर्ति ने विद्यार्थियों से सवाल पूछा जिनका उत्तर उन्होंने आत्मविश्वास के साथ दिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उक्त क्लब में उपलब्ध कानून संबंधित किताबों एवं पाठ्य सामग्रियों को पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजित कानूनी साक्षरता शिविर में न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने कहा कि खूंटी जिले का 25 वां लीगल लिट्रेसी क्लब छात्र-छात्राओं के लिए एक मार्गदर्शक के तौर पर कार्य करेगा। इस क्लब का उद्येश्य स्कूली बच्चे-बच्चियों को कानून संबंधित प्रारंभिक ज्ञान उपलब्ध कराना है ताकि सभी विद्यार्थी भविष्य में देश का एक सजग, जागरुक एवं मजबूत आर्दश बन कर राष्ट के प्रति अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। उन्होंने कहा कि यह क्लब बच्चों-बच्चियों में कानून संबंधित ज्ञान का प्रकाश फैलाएगी और जीवन में किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। इस दौरान विद्यार्थियों को उनके मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। उन्होंने एक महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून की जानकारियां प्राप्त करने के लिए वकील या जज होना जरुरी नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति को कानून की जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए कानून संबंधित किताबों एवं पाठ्य सामग्रियों को अध्ययन करने की आवश्यकता होती है।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा, खूंटी अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता हासिल करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अभी से कानून की जानकारी हासिल करने से आपका भविष्य उज्जल होगा। कार्यक्रम में डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी सह किशोर न्याय बोर्ड के तुषार आनंद, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कर्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## भारत जोड़ो यात्री रिजवी हुए सम्मानित



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नई दिल्ली में कल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रियों को एक समारोह में सम्मानित किया है। इसी क्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के सचिव रईस रिजवी छब्बन को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत जोड़ों यात्रा में शामिल हुए कांग्रेस जनों दिया गया हैं। यह कार्यक्रम नई दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब हुआ। श्री रिजवी को अलका लांबा और राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव तारिक अनवर ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

## कुकडु में वज्रपात से एक की मौत

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार की शाम बारिश और तेज गर्जन कुकडु प्रखंड वासियों को महंगा पड़ गया। शाम को तेज गर्जन के साथ वज्रपात से कुकडु प्रखंड के बेरासी गांव के डूमरडीह टोला में धनंजय सिंह सरदार नामक युवक की मृत्यु हो गयी। इधर सूचना पाकर कुकडु प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो घटना स्थल पहुचकर घटना का जायजा लिया। वही उन्होंने घटना की खबर नीमडीह पुलिस को दिया।

## जगन्नाथपुर में जन्माष्टमी पूजनोत्सव को लेकर बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला प्रखंड अंतर्गत महालिमोरुप के जगन्नाथपुर में प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पूजा एवं मेले का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी पूजनोत्सव के सफल आयोजन हेतु रांगाटांड मैदान स्थित भगवान श्रीकृष्ण मन्दिर प्रांगण में महालिमोरूप क्षेत्रीय गौड़ समाज की बैठक की गई। अध्यक्ष नीलसेन प्रधान की अध्यक्षता में हुए उक्त बैठक में जन्माष्टमी पूजा सह उत्सव के संदर्भ में विचार विमर्श किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जुलाई को पुनः बैठक कर संचालन समिति का पुर्नगठन किया जाएगा। बैठक में जगन्नाथपुर ग्राम प्रधान अर्जुन प्रधान,अमीन प्रधान, मातु प्रधान, शंभुनाथ प्रधान, मकरध्वज प्रधान, राम कुमार ग्वाला, जगन्नाथ प्रधान, हेमसागर प्रधान, राजेंद्र प्रधान, पंचम प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने समीक्षात्मक बैठक में अधूरा कार्य पूरा करने का दिया निर्देश

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के रूगूडीह पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया करम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक आंगनवाड़ी सेविका जल सहिया रोजगार सेवक पंचायत सचिव वार्ड सदस्य गांव के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। मौके पर मुखिया श्री मुंडा ने आधा अधुरा व लंबित पड़े मनरेगा 15 वीं वित्त आयोग एवं पीएम आवास जैसे योजनाओं को जल्द पूरा करने निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया करम सिंह मुंडा, उप मुखिया सुखलाल मुंडा, पंचायत सचिव अजित कुमार महतो, देवराज कुमार, रोजगार सेवक परितोष मुर्मू आदि पंचायत प्रतिनिधि एवं सदस्यगण उपस्थित थे।

## मायुमं ने कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों को कराया नाश्ता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा शनिवार को मंच के प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ (सत्र 2001-2004) के सम्मान में जन सेवा के तहत बिष्टुपुर स्थित पर्वती घाट के पास कुष्ठ आश्रम में रहने वाले लोगों को शाम का नाश्ता कराया गया। शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस पर आठ दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम 8 पूर्व प्रदेश अध्यक्षों के सम्मान में 22 जुलाई तक रोजाना चलेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, शाखा सचिव अशुंल रिंगसिया, शाखा कोषाध्यक्ष आदित्य जजोदिया, संयोजक सौरव अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, विजय सोनी आदि का योगदान रहा।

## द हंस फाउंडेशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को कुकडू प्रखण्ड के अंतर्गत पारगामा पंचायत के विभिन्न गांवों में द हंस फाउंडेशन ने मोबाइल वैन द्वारा चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमे विभिन्न प्रकार के मरीजों का जांच किया गया एवं दवाईयां दिया गया। डॉक्टर आदर्श के अनुसार जांच के बाद प्रत्येक 20 दिन बाद दोबारा से उसी गांव में आकर दोबारा जांच करते है एवम जांच कर उचित दवाई निशुल्क शुल्क दिया जाता है। चुनचुरिया, पारगमा, हाइरुल , काड़का आदि गांवों में लगभग 60 लोगो ने अपना जांच कराकर दवाइयां लिया।

## सरायकेला नियोजनालय में रोजगार शिविर आयोजित, 39 अभ्यार्थी शॉर्टलिस्ट

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेन्टर सरायकेला में शनिवार को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार से मिली जानकारी अनुसार कैम्प में टाटा मोटर्स लिमिटिड के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से अप्रेंटिसशिप एवं एनएएसपी ट्रेनी के पदों पर जमशेदपुर में नियुक्ति हेतु 39 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। जिसमें झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन किया गया। भर्ती कैम्प में जिला नियोजन पदाधिकारी रवि कुमार, यंग प्रोफेशनल रवि प्रकाश सिंह सहित जिला नियोजनालय के सभी कर्मी एवं टाटा मोटर्स लिमिटिड के एचआर मैनेजर उपस्थित रहे।

## सुरभि शाखा ने काशीडीह दुर्गा मंदिर में लगाया अमृतधारा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय स्थापना दिवस (22 जुलाई) के अवसर पर प्रांत के 8 पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में आठ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में प्रथम दिन शनिवार को प्रांत के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ के सम्मान में सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए इस सत्र का छठवां स्थायी अमृतधारा (ठंडा पानी का मशीन) काशीडीह स्थित श्री दुर्गा मंदिर में लगाया गया। इसी के साथ शाखा में कुल स्थायी अमृतधारा की संख्या 27 हो गयी हैं। यह कार्यक्रम अध्यक्ष निशा सिंघल के नेतृत्व और सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल एवं अमृतधारा संयोजीका रश्मि झांझरिया के सौजन्य से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मीना शाह, खुशबू कावटिया, बिंदिया नरेडी, पायल अग्रवाल एवं पूनम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# बांगुड़दा हाईस्कूल में जर्जर भवन से कभी भी हो सकता है हादसा, भाजपा नेता ने जतायी चिंता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**





**पटमदा :** पटमदा के आदिवासी प्लस 2 हाईस्कूल बांगुड़दा में जर्जर हो चुके वर्षों पुराना पांच कमरे का भवन विभागीय आदेश के इंतजार में दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। इस संबंध में विद्यालय परिवार की ओर से विभागीय अधिकारी एवं भवन निर्माण को पत्र लिखकर महीनों पूर्व ही अनुमति मांगी गई है लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि विद्यालय परिसर में मौजूद उक्त भवन कभी भी बरसात के इस मौसम में धराशायी हो सकता है जिससे जानमाल का नुकसान होने की संभावना है। वहीं विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने एवं भवन की कमी होने के कारण उन्हें बैठने के लिए जगह नहीं मिल पाती है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले विद्यार्थी बरामदे में बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। शनिवार को क्षेत्र भ्रमण के क्रम में विद्यालय पहुंचे भाजपा नेता विमल बैठा ने जर्जर भवन का निरीक्षण करते हुए चिंता जतायी। उन्होंने प्राचार्य कक्ष में शिक्षकों के साथ बैठकर समस्याओं पर चर्चा की। भाजपा नेता ने आश्वासन दिया कि वे मामले को लेकर जिले के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं भवन निर्माण विभाग के अधिकारी से मिलेंगे और समाधान की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जरुरत पड़ी तो समस्या के बारे में राज्य के मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर अवगत करायेंगे। मौके पर प्राचार्य विवेकानंद दरिपा, जयंत रजक, प्राणकृष्ण कुंभकार एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। बैठक के बाद भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि यहां नौवीं कक्षा से लेकर 12वीं तक के करीब 1800 विद्यार्थी नामांकित हैं और भवन की कमी के कारण नियमित क्लास भी नहीं कर पाते हैं। विद्यार्थियों को +2 की पढ़ाई के लिए हाईस्कूल में ही नामांकन कराने का निर्देश सरकार एवं विभाग द्वारा दिया जाता है

## डाक बंगला में झामुमो कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर 19 को, पटमदा में तैयारी बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** झामुमो कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 19 जुलाई को पटमदा के डाक बंगला भवन परिसर में 11 बजे से आहूत की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के अध्यक्षता में सात पंचायत बनकुंचिया, ओड़िया, काशमार, बांगुड़दा, कुमीर, बिड़रा व कमलपुर के पंचायत अध्यक्षों के साथ पटमदा में विचार विमर्श किया। इस संबंध में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि पटमदा प्रखंड के सभी 15 पंचायतों के लिए आयोजित शिविर में प्रत्येक पंचायतों से 20 - 20 कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी मौजूद रहेंगे। टुडू ने बताया कि शिविर में 2024 की लोस व विस चुनाव के मद्देनजर पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती के साथ साथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु दिशा निर्देश दिया जाएगा। बैठक में मुख्य झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, दिवाकर टुडू, सुजीत महतो, आदि थे।

## चेक बाउंस मामले में सोनारी निवासी आशीष श्रीवास्तव को एक साल की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को न्यायालय राजेंद्र प्रसाद प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय ने आशीष श्रीवास्तव उर्फ आशीष कुमार, निदेशक आसी नेलसा प्राइवेट लिमिटेड सोनारी जेएम अपार्टमेंट निवासी को चेक बाउंस के मामले में दोषी करार देते हुए 1,40,000 रूपये का मुआवजा एवं जुर्माना किया गया है। इनके विरूद्ध कदमा निवासी गंगा टेंट हाउस के मालिक गंगा चरण धीमन ने मुकदमा वर्ष 2019 में जमशेदपुर न्यायालय में कराया। इनके विरूद्ध आरोप था कि रीगल मैदान में गंगा टेंट हाउस से इवेंट के नाम पर पंडाल एवं सजावट का काम किए थे। जिसके एवज में बकाया भुगतान को लेकर 1,18,000 रूपये का चेक वादी को दिए थे। वादी के पक्ष से अधिवक्ता अनिल जैन, सुधीर कुमार पप्पू, बबीता जैन एवं भावेश कुमार न्यायालय में उपस्थित थे। 1,40,000 रूपये मुआवजा के रूप में वादी को 1,35,000 का भुगतान होगा एवं ?5000 जुर्माने के रूप में न्यायालय में जमा करना होगा एवं 1 साल की भी सजा सुनाई गई है। अगर जुर्माने की राशि नहीं जमा करेंगे तो 3 महीना और सजा भुगतना पड़ेगा।

## राजस्थान भवन में धूमधाम से मना शाकंभरी माता का झूलन उत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर स्थित राजस्थान भवन में श्री शाकंभरी माता का नौवां झूलन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दोपहर तीन बजे से शाकंभरी माता की पूजा अर्चना शुरू हुई। उर्मीला-ओम प्रकाश मूनका, नीतु- संदीप हरनाथका, श्यामा-शैलेश कांवटिया, पूजा-आनंद हरनाथका, सूचि-विकास सोंथालिया ने संयुक्त रूप से पूजा की और बसंत पंडित ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में शहर के भजन गायक मनोज शर्मा मोनू ने मंगल पाठ के दौरान भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को खुब झुमाया। इस धार्मिक मौके पर माता का झूला, दरबार, भजन, ज्योत, छप्पन भोग, प्रसाद आकर्षण का केन्द्र बना रहा। श्री गणेश वंदना के साथ मंगल पाठ और भजनों का कार्यक्रम संध्या चार बजे से शुरू हुआ, जो रात नौ बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस उत्सव में सभी महिलाएं चुदड़ी ओढ़े व राजस्थानी परिधान में सजधजकर शामिल हुई थी। इस शुभ अवसर पर माता के जयकारे से गूंजता राजस्थान भवन का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। दो बेटियां हुई सम्मानितः- इस अवसर पर शाकंभरी माता परिवार की दो बेटियां क्रमशः 2023 में सीए फाइनल में सिटी टॉपर बनी स्वास्तिका चेतानी और कार्मेल जूनियर कॉलेज कक्षा 10 की छात्रा तन्वी हरनाथका को 97.6 प्रतिशत नंबर मिलने की खुशी में चांदी का सिक्का और फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। भजनों पर नृत्यः- भजन गायक मोनू ने शाकम्भरी परिवार है ये शाकम्भरी परिवार है..., आ जा मॉ शाकंभरी नाव पड़ी मझधार..., लाया थारी चुदड़ी कर लो मॉ स्वीकार...., सेवाक्रिया में मैया मेरा नाम लिख ले...., सकरायवाली का उत्सव आया है..., किरणों के रथ पर चढ़ कर मैया आई है...।

## टीबी रोग उन्मूलन में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए आधुनिक पावर को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** झारखण्ड सरकार ने यक्ष्मा रोग उन्मूलन में अग्रणी और प्रभावी भूमिका निभाने के लिए बिजली बनाने वाली कंपनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड को प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मनित किया है। कंपनी को झारखण्ड सरकार के स्वास्थ और परिवार कल्याण विभाग द्वारा रांची के प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम स्टेट समिट ऑन टीबी फ्री वर्कप्लेस पॉलिसी एंड कॉर्पोरेट इंगेजमेंट तो इंड टीबी में 12 जुलाई को राज्य के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता और श्रम व नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। आधुनिक पावर के सीएसआर विभाग के सहायक महाप्रबंधक संजीत सिन्हा ने सम्मान ग्रहण किया। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि टीबी को खत्म करने के लिए टीबी वर्कप्लेस पॉलिसी और कॉरपोरेट एंगेजमेंट शुरू करने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है। संजीत सिन्हा ने बताया कि सामाजिक दायित्व का निर्वहन के तहत कंपनी ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पांच गांव के यक्ष्मा रोगियों को पौष्टिक आहार बांट कर रोग के प्रति जागरूक करते आ रहे हैं। लाभान्वित होने वाले रोगियों को दुग्धा, जसपुर, रपचा, डुमरा व कांड्रा से चिन्हित किया गया था।

## चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में जुटे कोहिनूर स्टील कंपनी के मजदूर व जमींदाता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चांडिल :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के चौका थाना अंतर्गत खुचिडिह स्थित कोहिनूर स्टील कंपनी के मजदूर,जमींदाताओ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आरपार की लड़ाई के लिए आंदोलन का एलान किया। जमींनदाताओं का कहना है पिछले 16 वर्षो से वे इस कंपनी में कार्यरत हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है रैयतों के लिए न ही उचित वेतन, मेडिकल सुविधा, सेफ्टी बिल्कुल नहीं, भविष्य निधि से भी छेड़छाड़ यहां तक कि जिन रैयतों का जमीन लिया गया है उन्हे नौकरी भी नहीं दी गई है। कंपनी के नाम पर सिर्फ बाहरी लोगों के द्वारा हम स्थानीय लोगों पर शासन जताया जा रहा है। झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के बैनर तले मजदूर एवं जमीन दाताओं चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। आज कंपनी में जाकर समस्या पर अवगत होकर आंदोलन का रणनीति बनाई गई । मौके पर झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के गोपेश महतो, फुलचंद महतो,पूर्णशशि महतो, आदित्य महतो एवं कोहिनूर कंपनी के मजदूर समीर महतो, शाक्तिपदो महतो, फटिक प्रमाणिक, सुबोध महतो, सुशेन महतो, निशिकांत महतो, जयदेव महतो,दुर्गा महतो, हेमंत महतो, कृष्णा महतो तथा जमीनदाता भी उपस्थित थे।

## आरएसबी प्लांट एक में आयोजित रक्तदान शिविर में 330 यूनिट रक्त संग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र की प्रमुख ऑटो कंपोनेंट्स कंपनी आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के प्लांट एक में शनिवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सरायकेला के अनुमंडल पदाधिकारी राम कृष्ण कुमार, कंपनी के चेयरमैन आरके बेहरा और वाइस चेयरमैन सह प्रबंध निदेशक एसके बेहरा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सरायकेला के बीडीओ मृत्युंजय कुमार भी शामिल रहे। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों द्वारा रक्त दाताओं का हौसला बढ़ाया गया। एसडीओ रामकृष्ण कुमार ने अपने सम्बोधन में आरएसबी कंपनी द्वारा रक्तदान जैसे मानवीय कार्य किए जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जिसमे सभी लोगों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस शिविर के माध्यम से कुल 330 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे जमशेदपुर ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया है।

## प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी का जमशेदपुर में भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी का जमशेदपुर में कई जगह भव्य स्वागत किया गया। पारडीह चौक पर झारखंड प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान और अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव गुलरेज अख्तर के नेतृत्व में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद मानगो रोड नंबर 17 आईटीआई के संस्थापक डॉक्टर ताहिर, मानगो चौक में रूहानी मरकज की इस्तकबाल तकरीर में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी का भव्य स्वागत किया गया। हाजी मंजर इमाम, हाजी गुलाम अली एडवोकेट ने अजमेर शरीफ का साफा और टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक हसन रिजवी ने सपास नामा पेश किया।झारखंड उच्च न्यायालय के एडवोकेट गुरलेज अख्तर ने स्वागत भाषण दिया। सहारा डेंटल के निदेशक डॉ शादाब हसन ने स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में उनके आदर्श कारनामों का जिक्र किया। मास्टर साजिद अंसारी ने अल्पसंख्यक स्कूलों की समस्याओं का समाधान हेतु ज्ञापन पेश किया दैनिक कौमी तंजीम के ब्यूरो चीफ शाकिर अजीमाबादी ने उर्दू अखबार के प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डाला। चेयरमैन मंजूर अंसारी ने पूर्व विधायक हसन रिजवी का आभार बताते हुए एक अभिभावक मार्ग दर्शन दर्शन देने की गुजारिश की। मंजूरअंसारी ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस आयोजन में डॉक्टर शादाब रिजवी, मिर्जा हामिद, मौलाना अंसार खान, नजीब हैदरी, मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद तनवीर गुलरेज अख्तर मंजर इमाम आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन मौलाना ने दिया। वहीं कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता फैजल खान के द्वारा जुगसलाई होटल नसीम प्लेस में भव्य स्वागत किया गया।

# एक्सएलआरआइ समेत देश के 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू, देश में 90 शहरों में परीक्षा केंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**30 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन, 100 से 105 प्रश्न पूछे जायेंगे**





**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ समेत देश के 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन के लिए होने वाले जेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (जैट) की परीक्षा सात जनवरी 2024 को होगी. परीक्षा ऑनलाइन मोड में होगी. इसे लेकर जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. उक्त नोटिफिकेशन के अनुसार जैट में शामिल होने के लिए 15 जुलाई से लेकर 30 नवंबर तक रजिस्ट्रेशन हो सकेगा. साथ ही 20 दिसंबर से एडमिट कार्ड को डाउनलोड भी किया जा सकेगा. इसके एक्सएलआरआइ की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार वेबसाइट **xatonline.in** पर जाकर अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. यह एक राष्ट्रीय स्तर की योग्यता परीक्षा है, जो यह एमबीए/पीजीडीएम प्रवेश के लिए सबसे पुरानी और दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा में से एक है. जैट के स्कोर के जरिये एक्सएलआरआइ जमशेदपुर व दिल्ली कैंपस के अलावा चेन्नई के लोयोला इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट, सेंट जोसेफ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, आइएमटी गाजियाबाद, जीआइएम गोवा, श्री बालाजी यूनिवर्सिटी, टीएएमपीआइ मणिपाल, एक्सआइएमबी भुवनेश्वर, दिल्ली के फोर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट समेत अन्य करीब 160 बिजनेस स्कूलों में एडमिशन हो सकता है.

**क्या है परीक्षा में शामिल होने की योग्यता:** कोई भी स्नातक जैट में शामिल हो सकता है. अगर कोई उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी या डिम्ड यूनिवर्सिटी में स्नातक अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है, और उनका रिजल्ट 10 जून 2024 तक जारी हो जायेगा तो वह भी इसमें शामिल हो सकेगा.

**परीक्षा के पैटर्न में किसी प्रकार की कोई बदलाव नहीं:** परीक्षा के पैटर्न में फिलहाल किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया है. परीक्षा का रिजल्ट जनवरी के अंतिम सप्ताह में जारी होगा. प्रश्नों की संख्या साल दर साल बदलती रहती है. प्रत्येक खंड में लगभग 22-30 प्रश्न होंगे और सामान्य ज्ञान सहित प्रश्नों की कुल संख्या 100-105 से अधिक नहीं होगी. कटऑफ में जीके व निबंध लेखन के स्कोर को शामिल नहीं किया जायेगा. लिखित परीक्षा में पास होने वाले को जीडी-पीआइ में शामिल होने के लिए कॉल किया जायेगा. परीक्षा में प्रश्न दो पार्ट में पूछे जायेंगे. पार्ट वन में वर्बल एबिलिटी व लॉजिकल रिजनिंग, डिसिजन मेकिंग, क्वांटेटिव एप्टीट्यूड व डाटा इंटरप्रेटेशन जबकि पार्ट टू में जेनरल नॉलेज व अनालिटिकल निबंध लेखन से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे.

**क्या होगा रजिस्ट्रेशन फीस:** जैट के रजिस्ट्रेशन फीस में पिछले साल की तुलना में 100 रुपये की बढ़ोतरी की गयी है. पिछले साल जहां रजिस्ट्रेशन फीस 2000 रुपये थी वहीं, इस बार यह बढ़ा कर 2100 कर दी गयी है. जबकि एक्सएलआरआइ के किसी भी कोर्स में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन फीस 200 रुपये है.

**महत्वपूर्ण तिथियां:** परीक्षा तिथि - 07 जनवरी 2024, रजिस्ट्रेशन 15 जुलाई 2023 से शुरू होगा, . रजिस्ट्रेशन 30 नवंबर 2023 को समाप्त होगा, जैट एडमिट कार्ड डाउनलोड - 20 दिसंबर 2023 के बाद

**इन कोर्स में होगा दाखिला:** 1. बिजनेस मैनेजमेंट प्रोग्राम (बीएम), 2. ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम (एचआरएम), 3. पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (18 माह), 4. फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (एफपीएम), 5. एक्सएलआरआई-आरबीएस डबल मास्टर्स प्रोग्राम, 6. इनोवेशन, इंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर क्रिएशन प्रोग्राम ।

**कैसे करें आवेदन:** 1. खुद को पंजीकृत करें, 2. ईमेल आईडी सत्यापित करें, 3. जैट आवेदन पत्र ऑनलाइन भरें, 4. आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें, 5. आवेदन शुल्क का भुगतान करें, 6. अपना आवेदन पत्र जमा करें

**क्या पूछे जायेंगे:** 1. वर्बल एबिलिटी एंड लॉजिकल रिजनिंग, 2. डिसीजन मेकिंग, 3. क्वांटेटिव एप्टीट्यूड एंड डाटा इंटरप्रेटेशन, 4. जेनरल नॉलेज, 5. निबंध लेखन।

## संपादकीय

# शिमला से दूर कितना हिमाचल

**लगातार** तीन दिनों तक हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने भारी बरसात से प्रभावित इलाकों में शिविर लगाया, तो राहत के पैमाने बदल गए। यानी बाढ़ व अत्यधिक बारिश की स्थिति में फंसे हिमाचल की जनता के नासूर दिखाई दिए और हजारों लोगों को बरसात की फांस से सुरक्षित निकाला गया। कुल्लू-मनाली से चंद्रताल झील या पार्वती वैली में फंसे पर्यटक अगर सुरक्षित अपने घरों को रवाना हो पाए, तो यह सरकार का शिमला के बाहर मौके पर मौजूद रहने का स्पर्श है। ऐसे में सवाल यह कि राजधानी शिमला के राजनीतिक-प्रशासनिक गलियारे क्यों नहीं राजस्तरीय दृष्टि को मजबूत होने देते। हालांकि सच यह है कि विभिन्न विभागों ने शिमला में बैठे-बैठे जरूर सोचा होगा कि मानसून के चक्र में प्रदेश की रखवाली कैसे की जाए, लेकिन हिमाचल का चक्कर किसी ने नहीं लगाया। राजधानी को फुर्सत नहीं कि प्रदेश के कोने-कोने को देखा जाए। ऐसे में मुख्यमंत्री का आपदाग्रस्त क्षेत्रों में होना साबित करता है कि मौके की तासीर में फैसले कितने चुस्त दुरुस्त व सच्चे होते हैं। दरअसल हिमाचल के भीतर कई-कई हिमाचल दौडऩे लगे हैं, लेकिन राजधानी की अकड़ में प्रशासनिक पकड़ का फासला दिखाई देता है। एक दौर शुरू हुआ था जब प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की राह पर कुछ क्षेत्रीय दफ्तरों की पौध उगी, लेकिन अब ये अप्रासंगिक व निहत्थे कबूतर हैं, जो सिर्फ अधिकारियों को पदोन्नत होने का अवसर देते हैं। जरूरत तो आज भी यही है कि शिमला से भरमौर और सिरमौर एक सरीखा लगे या चनौर से किन्नौर तक हिमाचल एक जैसा सोचे। यह असंभव है कि राजधानी की दमक में फाइलों के हस्ताक्षर महंगे और लंबे होते रहें। हिमाचल में सुशासन की पद्धति आज भी सचिवालय की बाबूगिरी के तहत नौकरशाही की आबरू में चलती है। हिमाचल की फाइलों का रिकार्डरूम भले ही राजधानी की ताजपोशी करे, लेकिन जब क्षेत्रीय अस्मिता के प्रश्न उभरते हैं, तो बर्फबारी, बाढ़ या अन्य आपदा के समय दर्द बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए हिमाचल का शिक्षा विभाग वार्षिक स्कूली अवकाश को लेकर प्रदेश के इतने टुकड़े कर देता है कि इसे खुद मालूम नहीं होता कि कब बारिश और कब बर्फबारी होगी। बागबानी विभाग सेब के कूलिंग आवर्स गिनते-गिनते भूल जाता कि बिलासपुर-हमीरपुर के बूटों पर आम क्यों नहीं लगे या क्यों कांगड़ा का किन्नू टहनियों पर सूख गया। शिमला हिमाचल के औद्योगिक विकास को परवाणू व बीबीएन के बीच समेट कर देखता है, तो राजधानी से करीब होने की वजह से सारी ट्रैफिक प्लानिंग वहीं के ट्रैफिक जाम में उलझी रह जाती। हिमाचल की बरसात को जानने के लिए हर नदी, खड्ड या नाले के दर्द को समझना होगा। जख्म अगर बार-बार ऊना के डूबने के हैं, तो पिछले साल मांझी के उग्र रूप में बहे तटों का भी है। किसे याद होगा कि धर्मपुर का बस स्टैंड अब बरसात में डूबने की कहानी है। शिमला में बैठक करके परिवहन विभाग नीति तो बना सकता है, लेकिन सार्वजनिक परिवहन की टूटती श्रृंखला को नहीं देख सकता। आती होंगी नई बसें और हरी झंडी भी दी जाती होगी, लेकिन हर दिन सरकारी बसों की टूटी यात्राओं का वर्णन तो शिमला नहीं देगा। कौन बताएगा कि वर्षों पुरानी वोल्वो बस इस बरसात में कहां-कहां टपकी। कौन दिखाएगा कि हरिद्वार जाने वाली वोल्वो का टिकट अब सामान्य बस की यात्रा में पूरा हो जाएगा। जाहिर है सियासत और सुशासन में अंतर है। सियासत के लिए राजधानी शिमला स्वर्ग हो सकती है, लेकिन सुशासन के लिए दुरुह क्षेत्रों को नरक होने से बचाना होगा। क्या शिमला में बैठकर यह पता चल जाएगा कि इस मौसम में कितने बर्र (भूंड) मक्की के खेत से सीधे उडक़र लोगों पर प्रहार करते हैं। बरसात के दौरान ही सैकड़ों सांप निकल कर लोगों को डसते होंगे। बरसात में धान की खेती में नारी के पांव को कितने विषैले जीवों से खतरा रहता है। ऐसे में बहुत दूरियां हैं शिमला की सोच में आज भी हिमाचल को परखने के लिए। बेहतर होगा तमाम क्षेत्रीय कार्यालयों को जीवंत करें ताकि पूरे हिमाचल की नब्ज से सुशासन का पता चले।

> राजधानी को फुर्सत नहीं कि प्रदेश के कोने-कोने को देखा जाए। ऐसे में मुख्यमंत्री का आपदाग्रस्त क्षेत्रों में होना साबित करता है कि मौके की तासीर में फैसले कितने चुस्त दुरुस्त व सच्चे होते हैं। दरअसल हिमाचल के भीतर कई-कई हिमाचल दौडऩे लगे हैं, लेकिन राजधानी की अकड़ में प्रशासनिक पकड़ का फासला दिखाई देता है। एक दौर शुरू हुआ था जब प्रशासनिक विकेंद्रीकरण की राह पर कुछ क्षेत्रीय दफ्तरों की पौध उगी, लेकिन अब ये अप्रासंगिक व निहत्थे कबूतर हैं, जो सिर्फ अधिकारियों को पदोन्नत होने का अवसर देते हैं। जरूरत तो आज भी यही है कि शिमला से भरमौर और सिरमौर एक सरीखा लगे या चनौर से किन्नौर तक हिमाचल एक जैसा सोचे। यह असंभव है कि राजधानी की दमक में फाइलों के हस्ताक्षर महंगे और लंबे होते रहें। हिमाचल में सुशासन की पद्धति आज भी सचिवालय की बाबूगिरी के तहत नौकरशाही की आबरू में चलती है। हिमाचल की फाइलों का रिकार्डरूम भले ही राजधानी की ताजपोशी करे, लेकिन जब क्षेत्रीय अस्मिता के प्रश्न उभरते हैं, तो बर्फबारी, बाढ़ या अन्य आपदा के समय दर्द बढ़ जाता है। उदाहरण के लिए हिमाचल का शिक्षा विभाग वार्षिक स्कूली अवकाश को लेकर प्रदेश के इतने टुकड़े कर देता है कि इसे खुद मालूम नहीं होता कि कब बारिश और कब बर्फबारी होगी।

## कुछ अलग

# हिंदी-अंग्रेजी का झगड़ा अब बेमानी

**जिस** तरह देश की विविध अनुसूचित भाषाओं के लोग यह सोचते हैं कि हिंदी की वजह से उनकी भाषा का प्रभाव कम हो रहा है, उसी तरह हिंदी सेवियों की एक बड़ी तादाद ऐसा मानती है कि अंग्रेजी के कारण हिंदी का प्रसार बाधित हो रहा है। लेकिन खुद अंग्रेजी का क्या हाल है? जब हम एक पूर्ण और सशक्त भाषा की बात सोचते हैं, तो हमारे जेहन में उसके कुछ निश्चित प्रतिमान उभरते हैं। जैसे, उसकी एक विकसित लिपि होगी, ध्वनि संसार होगा, शब्दों का विशाल भंडार होगा। शब्दों की वर्तनी, उनका उच्चारण और अर्थ सुनिश्चित होगा। व्याकरण होगा। उसका अपना साहित्य होगा, जिसे पढ़ने वाले लोग होंगे। और उसे सत्ता (आर्थिक-राजनीतिक) का समर्थन प्राप्त होगा। क्या इन पारंपरिक मानकों पर आज की कोई भी भाषा दावे से खरी उतरती है? अंग्रेजी का प्रयोग करने वाली नई पीढ़ी बहुत तेजी से इमोजी की तरफ बढ़ रही है। कोई बात अच्छी लगे तो एक पूरा वाक्य लिखने की जरूरत नहीं है। किसी बात की आलोचना करनी हो और इस तरह से करनी हो कि दूसरा पक्ष आहत न हो, तो उसके लिए कोई अच्छा शब्द ढूंढने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि इमोजी से पूरे प्रेम पत्र लिखे जा सकते हैं। हम भाषा के संदर्भ में आर्थिक प्रभुत्व की चर्चा करते हैं। अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों के कारोबारों और उत्पादों के साथ भी इमोजी इस्तेमाल होने लगे हैं। ऐपल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग, ट्विटर, फेसबुक, एलजी, एचटीसी, बर्गर किंग और पेप्सीको जैसी तमाम कंपनियां इमोजी इस्तेमाल कर रही हैं, और उनके साथ उनके ग्राहक भी। उनके बीच एक नई भाषा विकसित हो रही है। यानी रोमन लिपि और शब्दों की सही वर्तनी का महत्व खत्म! जब भी कोई नई भाषा विकसित होती है, वह पारंपरिक भाषाओं का दायरा संकुचित करती है। समाज में ऐसे कई तरह के छोटे-मोटे संकेत विकसित होते हैं जो समय के साथ प्रचलन से बाहर हो जाते हैं- यह सोच कर हम इमोजी की भाषा को नजरअंदाज नहीं कर सकते। यह लोगों के बीच का भाषिक संवाद बदलने का एक नमूना है। इसके और भी पक्ष हैं। जब हम ऑक्सफोर्ड और वेब्स्टर के शब्दकोशों में सही वर्तनी और हिज्जे ढूंढ रहे होते हैं, तब इंटरनेट पर भेजे जा रहे संदेशों में उन शब्दों के संक्षिप्त रूपों का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा होता है। वहां सिर्फ 'आय लव यू' के लिए इलू (आयएलयू) और 'फियर ऑफ मिसिंग यू के लिए फोमू' (एफओएमयू) ही नहीं बन रहा है, एक पूरी शब्दावली विकसित हो रही है, जिसमें बीटुबी (बिजनेस टु बिजनेस), केपीआई (की-परफॉर्मेंस इंडीकेटर), सीपीएम (कॉस्ट पर थाउजैंड) और यूजीसी (यूजर जेनरेटेड कॉन्टेंट) जैसे प्रयोग भी शामिल हैं। ये नए संक्षिप्त शब्द पहले के अनेक शब्दों से बने पूरे फ्रेज को विस्थापित कर देते हैं। आज सिर्फ दोस्तों की अनौपचारिक मंडली में ही नहीं, कॉर्पोरेट की औपचारिक चिट्ठियों, व्यापारिक पत्राचार और तकनीक की दुनिया में भी इस भाषा में लिखित संवाद हो रहे हैं। इंटरनेट की दुनिया में इन संक्षिप्त रूपों को मान्यता प्राप्त है। इनमें से यदि कोई नवनिर्मित शब्द समझ में न आए तो उसे गूगल कर आसानी से देखा जा सकता है। आज से चार-पांच दशक बाद वाली पीढ़ी के लिए शायद यह जान पाना भी मुश्किल हो कि फोमू किन-किन शब्दों के संक्षेपीकरण से बना है।

### 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है

# गरीबी उन्मूलन एवं आर्थिक उन्नति के सुखद संकेत

ललित गर्ग

> पिछले पंद्रह वर्षों में भारत 41 .5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, यह खबर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती है। एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी। विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

**आजादी** के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीबमुक्त भारत के संकल्प को भी आकार देने के शुभ संकेत मिलने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार ने वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। इससे पूर्व मं बनायी मोदी सरकार की योजनाओं के गरीबी उन्मूलन के चमत्कारी परिणाम आये हैं। हाल ही में जारी संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम व ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एक अध्ययन रिपोर्ट में यह बताया गया कि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत 41.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के ऊपर उठाने में कामयाब हुआ है। निस्संदेह, यह खबर भारतीय अर्थव्यवस्था की सुखद तस्वीर पेश करती है। एक और दूसरी सुखद आर्थिक संकेत देने वाली खबर यह आयी है कि मशहूर वित्तीय एजेंसी गोल्डमेन सैक्स के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था वर्ष 2075 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जायेगी। विगत नौ वर्ष में मोदी सरकार विकास एवं सशक्तीकरण के अनेक आयाम स्थापित किये हैं, सरकार ने ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है। वर्ष 2005 से 2020 तक देश में करीब 41 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं तब भी भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जहां गरीबी सर्वाधिक है। भारत और इसकी अर्थव्यवस्था की सफलताओं व संभावनाओं की बुनियाद में राजनीतिक स्थिरता, मोदी सरकार की दूरगामी एवं गरीबी उन्मूलन की योजनाओं की बड़ी भूमिका है। यूएनडीपी की वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) के आंकडे भी इसी तथ्य की पुष्टि करते हैं। साल 2005-06 में देश में करीब 64.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी-रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्तमान में अब यह संख्या काफी कम होकर वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार भारत में कुल 23 करोड़ गरीब हैं। बावजूद इसके यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही संतुलित समाज संरचना की जा सकती है। मोदी सरकार राजनीतिक रूप से स्थिर रही हैं और इनकी प्राथमिकताओं में गरीबी उन्मूलन प्रमुखता से शामिल रहा है। महान् अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह की सरकार भी स्थिर थी और उन्होंने भी गरीबी उन्मूलन के ठोस उपक्रम किये।



उनकी सरकार के समय से ही यह प्रयास निरन्तर जारी है। अनूठी बात यह है कि ये दोनों सरकारें दो विपरीत राजनीतिक ध्रुवों पर खड़ी रही हैं, पर इनका आर्थिक दर्शन एक रहा है। मगर भारतीय अर्थव्यवस्था के नीति-नियंताओं को इसकी कुछ विसंगतियों को गंभीरता से देखने की जरूरत है। देश में गरीबी का अंत जितना जरूरी है, आर्थिक विषमताओं से निपटना उससे कम अहम नहीं है। ऑक्सफेम की हालिया रिपोर्ट ने खुलासा किया था कि देश की 60 फीसदी संपत्ति सिर्फ पांच प्रतिशत भारतीयों के पास है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा है। हमें इस बात की खुशी है और होनी चाहिए कि हमने डेढ़ दशकों में इतने करोड़ों लोगों को गरीबी-रेखा से ऊपर उठाया, मगर हम इस तथ्य की भी अनदेगी नहीं कर सकते कि 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन मुहैया कराया जा रहा है। एक अच्छी-खासी तादाद में हमारे करोड़पति-अरबपति दूसरे देश जाकर बस भी रहे हैं। क्या भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले अरबपतियों पर कोई प्रभावी दण्ड व्यवस्था लागू नहीं होनी चाहिए? भारतीय सत्ता प्रतिष्ठानों को इन विसंगतियों पर नियंत्रण पाने के तार्किक रास्ते तलाशने होंगे। हम नहीं भूल सकते कि हमारी गरीबी की रेखा जिस स्तर पर तय होती है, उसके ऊपर भी जीवन काफी कठिन है। इसलिए इन खुशनुमा आर्थिक तस्वीरों को हाशिये के करोड़ों भारतीयों के लिए सुखद बनाने की कवायद की जाए। जिन दो एजेंसियों ने भारत की सुखद एवं खुशहाल आर्थिक तस्वीर प्रस्तुत की है, उस तस्वीर में एक वर्तमान भारत से संबंधित है, दूसरी भविष्य के भारत के संबंध में। दोनों ही तस्वीर नये भारत, सशक्त भारत, विकसित भारत एवं दूसरी की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की बात को उजागर कर रही है। इन सुखद क्षणों में अधिक सावधानी एवं सर्तकता अपेक्षित है। यह अधिक चुनौतीपूर्ण दौर है, क्योंकि भारत अमीर-गरीब के बीच बढ़ रहा फासला एक चिन्ता का कारण है, जिस बड़ा राजनीतिक मुद्दा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से यह मुद्दा कभी भी राजनीतिक मुद्दा नहीं बना। शायद राजनीतिक दलों की दुकानें इन्हीं अमीरों के बल पर चलती है और गरीबी कायम रहना उनको सत्ता दिलाने का सबसे बड़ा हथियार है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में अमीर अधिक अमीर हो रहे हैं और गरीब अधिक गरीब। विपक्ष के सामने इससे अच्छा क्या मुद्दा हो सकता है? गरीबी के आंकड़ों में कमी के लिए इनदिनों दो घटनाक्रमों का जिक्र सुनने को मिल रहा हैं। पहला, ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए बड़ी मात्रा में नगद भुगतान और दूसरा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी युक्त ईंधन एवं मुफ्त अनाज। गरीबी के स्तर पर इन कार्यक्रमों के प्रभाव को मापने का एक आधार है। मसलन, इन कार्यक्रमों से लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है और उन्हें मजदूरी से आय मिलती है, यह गरीबी दूर करने का प्रभावी तरीका है। कल्याणकारी योजनाओं के रूप में सस्ती गैस का अर्थ है एक प्रमुख घरेलू खर्च की बचत। वहीं मुफ्त खाद्यान्न का अर्थ है भोजन पर होने वाले खर्च में बचत यानी बढ़ी हुई आय। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। महंगाई इनदिनों तेजी से बढ़ रही है। टमाटर लाल हो गये हैं, कभी प्याज की तरह यह भी बड़ा राजनीतिक हथियार न बन जाये? निश्चित ही महंगाई का समाधान एक ज्वलंत मुद्दा है, मौद्रिक मोर्चे पर केंद्रीय रिजर्व बैंक के प्रयासों के अतिरिक्त केंद्र व राज्य सरकारों से और अधिक प्रयास अपेक्षित हैं जैसे उत्पादन शुल्क, वैट आदि करों में कटौती, आवश्यक वस्तुओं की पर्याप्त आपूर्ति, कालाबाजारी पर रोक, आयात में सीमा शुल्क कटौती द्वारा सरलीकरण, बड़े औद्योगिक एवं व्यापारिक घराने की बजाय निचले स्तर पर व्यापार एवं उद्यम को प्रोत्साहन इत्यादि। इससे गरीब की जमा-पूंजी व आय सुरक्षित होगी और उसके गरीबी रेखा से बाहर आने का रास्ता तैयार होगा। जापान एवं चीन जैसे देशों की तरह भारत के हर नागरिक को उत्पाद एवं उद्यम से जोड़ना होगा।

# लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी तेज, यूपी में पार्टी के कई सांसदों की उम्मीदवारी खतरे में

> भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों के लिए नामों पर चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा सार्वजनिक रूप से तो नहीं हो रही है, लेकिन अंदर खाने से जो खबर छन कर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि बीजेपी आलाकमान ने यह तय कर लिया है कि इस बार किस निवर्तमान सांसद का टिकट नहीं देना है। कुछ प्रत्याशी तो उम्रदराज होने के कारण चुनावी रेस से बाहर होते दिख रहें हैं, वहीं कुछ आलाकमान की कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं। यह वह सांसद हैं जहां से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था या फिर पार्टी पर आई किसी मुसीबत की घड़ी के समय जनता के बीच इनका प्रभाव काफी कम या नहीं के बराबर देखने को मिला था।

**उत्तर** प्रदेश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में बीजेपी सबसे आगे चल रही है। वह सब कुछ ठोक-बजा कर प्रत्याशियों का फैसला करने के लिए जमीन से लेकर बंद कमरों तक में रणनीति बना रही है। टिकट बांटते समय तमाम बातों का ध्यान रखा जायेगा, लेकिन अबकी से प्रत्याशियों का चयन करते समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी अहम भूमिका रहेगी, जो 2019 के लोकसभा चुनाव में नहीं दिखाई दी थी। इसकी वजह यह है कि बीजेपी ने उत्तर प्रदेश के 2017 के विधान सभा चुनाव मोदी का चेहरा आगे करके जीता था और चुनाव नतीजे आने के बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया गया था, इसलिए 2019 के लोकसभा चुनाव के समय टिकट बंटवारे में न उनसे राय ली गई थी और न ही उन्होंने इसमें दखलंदाजी की थी, लेकिन 2022 का विधानसभा चुनाव बीजेपी ने योगी को आगे करके लड़ा था और उम्मीद से कहीं अधिक अच्छा प्रदर्शन पार्टी का रहा था, जिसके बाद पार्टी के भीतर योगी का कद काफी बढ़ गया था, इसी के चलते अबकी से टिकट बंटवारे के समय योगी को आलाकमान अनदेखा नहीं कर पाएगा। खासकर पूर्वांचल में योगी की पसंद नापसंद का ज्यादा ख्याल रखा जा सकता है। यानी उनका सिक्का भी चलेगा। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि आज की तारीख में पार्टी के भीतर योगी का कद प्रधानमंत्री मोदी के बाद नंबर दो का समझा जाने लगा है। वह न केवल दमदार तरीके से सरकार चला रहे हैं, बल्कि कई राज्यों के चुनाव प्रचार में वह पार्टी के लिए तुरूप का इक्का भी साबित हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा प्रत्याशियों के लिए नामों पर चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा सार्वजनिक रूप से तो नहीं हो रही है, लेकिन अंदर खाने से जो खबर छन कर आ रही है, उससे ऐसा लगता है कि बीजेपी आलाकमान ने यह तय कर लिया है कि इस बार किस निवर्तमान सांसद का टिकट नहीं देना है। कुछ प्रत्याशी तो उम्रदराज होने के कारण चुनावी रेस से बाहर होते दिख रहें हैं, वहीं कुछ आलाकमान की कसौटी पर खरे नहीं उतर रहे हैं। यह वह सांसद हैं जहां से 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा था या फिर पार्टी पर आई किसी मुसीबत की घड़ी के समय जनता के बीच इनका प्रभाव काफी कम या नहीं के बराबर देखने को मिला था। इसे उदाहरण से समझा जाए तो जब किसानों ने नये कृषि कानून के खिलाफ दिल्ली में आंदोलन किया तो भारतीय किसान यूनियन के नेता चौधरी राकेश टिकैत के आह्वान पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे, जबकि आलाकमान चाहता था कि पश्चिमी यूपी के बीजेपी नेता और सांसद-विधायक अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए यहां के आंदोलनकारी किसानों को दिल्ली कूच नहीं करने के लिए मनाएं। इसी प्रकार लखीमपुर-खीरी में भी जब केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे ने वहां कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों के ऊपर अपनी गाड़ी चढ़ा दी थी, तब भी वहां के स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री टेनी का व्यवहार बहुत गैर-जिम्मेदाराना और बयानबाजी काफी



घटिया स्तर की रही थी, जिससे मोदी सरकार की काफी फजीहत हुई थी, इसीलिए बीजेपी आलाकमान को रालोद मुखिया जयंत चौधरी रास आने लगे हैं। जयंत चौधरी यदि बीजेपी के साथ कंधे से कंधा मिलाते हैं तो पश्चिमी यूपी की करीब 20 सीटों का सियासी समीकरण बीजेपी के पक्ष में हो सकता है, इसके अलावा पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी इसका असर साफ दिखाई देगा। 2014 और उसके हुए चुनाव में भले ही रालोद कुछ खास कमाल ना दिखा पाई हो लेकिन किसान आंदोलन के बाद से जयंत चौधरी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोकदल पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी ताकत के साथ उभर कर सामने आयी है। आरएलडी अपनी ताकत का एहसास बीते 2018 कैराना लोकसभा उपचुनाव और 2023 खतौली विधानसभा उपचुनाव में भी दिखा चुकी है। सबसे बड़ी बात यह है कि जयंत चौधरी के बीजेपी के साथ आने से बीजेपी के सामने जाट वोट में बिखराव का खतरा भी कम हो जायेगा। दरअसल, पश्चिमी यूपी की जाट बेल्ट में एक बड़ा हिस्सा तो जरूर बीजेपी के साथ है, लेकिन अभी तक पार्टी पश्चिमी यूपी पर पूरी तरह से कंट्रोल नहीं कर पाई है। बीजेपी के स्थानीय नेता उतनी चमक नहीं बिखेर पा रहे हैं, जितनी उनसे अपेक्षा थी। यह सच है कि पश्चिमी यूपी के गुर्जर, सैनी, कश्यप, ठाकुर, शर्मा, त्यागी जाति के वोट का ज्यादातर हिस्सा भी बीजेपी के साथ है।

## देश दुनीया से

# आना मानसून का समय पर

**इन** दिनों राजनीतिक हलकों में इस बात को लेकर काफी चिंता है कि इस बार मानसून समय पर आ रहा है। गोया मानसून को समय पर नहीं आना चाहिए और यदि आए भी तो सरकारी स्वीकृति से आए, वरना मानसून की कोई जरूरत ही नहीं है। पार्टी कार्यकर्ता से लेकर मंत्री-मुख्यमंत्री सब परेशान हैं कि मानसून समय पर क्यों आ रहा है। मानसून आ गया तो अकाल और सूखे का क्या होगा? मुख्यमंत्री मिले तो मैंने कहा- 'लीजिए साब, इस बार मानसून समय पर आ रहा है!' मुख्यमंत्री बौखला गए- 'यह क्या कह रहे हो। इस देश में कुछ भी समय पर नहीं हो रहा, फिर यह मानसून मरा समय पर क्यों आ रहा है। कुछ करो यार मानसून को टालने के उपाय।' मैं बोला- 'जनता मानसून लाने के लिए हरिकीर्तन कर रही है और आप उसे टालना चाहते हैं। मेरी समझ में नहीं आता आप इतने परेशान क्यों हैं मानसून से। मानसून का समय है तो वह आएगा ही।' मुख्यमंत्री के चेहरे पर निराशा के बादल छा गए, आंखों में उदासी की घटाएं घुमड़ीं। वे बोले- 'सच तो यह है कि केन्द्र सरकार को नब्बे करोड़ की सहायता के लिए कहा हुआ है। वर्षा आ गई तो भला यह राशि कैसे मिलेगी? राहत सामग्री का वितरण पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अनिवार्य है। जहां तक असंतुष्टों का सवाल है, सूखे व अकाल के बहाने वे भी मंत्री बने इस सूखे-अकाल के सहारे चुप्पी साधे हुए हैं। मानसून आते ही सब सिर उठा लेंगे।' 'तब तो वाकई चिंता की बात है। मानसून आने से राजनीतिक अस्थिरता बढने वाली है तो राष्ट्रीय अशांति का खतरा है। हमें इस दिशा में वैज्ञानिकों का सहयोग लेना चाहिए।' मैंने कहा। मुख्यमंत्री बोले- 'वैज्ञानिकों का कोई दोष नहीं है। वे तो अच्छा कॉपरेट कर रहे हैं। देख नहीं रहे, पिछले तीन दशक में मौसम व पर्यावरण किस कदर बदल गए हैं। पर्याप्त वर्षा के स्थान पर बूंदा-बांदी हो रही है। फिर वर्षा वहां हो रही है जहां इसकी जरूरत नहीं है।' 'ऐसा नहीं हो सकता कि वर्षा जोरों से आए और बाढ़ आ जाए?' 'हां-फिर वर्षा आए तो इतनी जोरों से कि बाढ़ से जनजीवन त्रस्त हो जाए। बाढ़-राहत का कार्य भी ऐसा ही है, जिसमें सारा मंत्रिमंडल उनके अमचों-चमचों सहित व्यस्त रहता है।' मुख्यमंत्री ने कहा। मैं बोला- 'सच तो यह है मुख्यमंत्री जी कि मानसून को समय पर नहीं आना चाहिए।' 'लेकिन करें क्या?' तभी वहां मंत्री जी आ धमके और सिर लटकाकर मुख्यमंत्री जी से बोले- 'आज का पेपर पढ़ा आपने?' 'हां-पढ़ा है। इस बार मानसून समय पर आ रहा है।' 'हमें क्या करना है?' 'कार्यकर्ताओं से कहो कि जल्दी बाढ़ राहत शुरू करवाएंगे। बाढ़ आए या नहीं, हम केवल सामान्य वर्षा को भी जल प्लावन में तब्दील कर देंगे।' 'लेकिन एक प्राब्लम है सूखे-अकाल में जो थोड़े-बहुत काम हुए हैं वे बह जाएंगे।' 'आप कमाल करते हैं। फिजूल की चिंता करते हैं। असली चिंता तो यह है कि राहत की कटौती हो जाएगी। चुनाव नजदीक हैं। बैंक बैलेंस नहीं बनाया तो कौन टिकट देखा और कौन वोट! तुम्हें पता होना चाहिए हमारे आलाकमानों ने स्विस बैंकों में करोड़ों के खाते खोले हैं और हम अभी लाखों भी नहीं कमा सके कि मानसून समय पर आ गया।' मैं बोला- 'तो हो क्या गया। अगली बार विलम्ब से आ जाएगा मानसून, फिर कमा लेना।' मंत्री बोले- 'कब मुख्यमंत्री बदल जाएं और पुनर्गठन में कब हमारा पत्ता साफ हो जाए, कह नहीं सकते। समय कम है और काम ज्यादा। ऐसे हालात में मानसून का समय पर आना मुनासिब नहीं है।'

> मानसून का समय है तो वह आएगा ही।' मुख्यमंत्री के चेहरे पर निराशा के बादल छा गए, आंखों में उदासी की घटाएं घुमड़ीं। वे बोले- 'सच तो यह है कि केन्द्र सरकार को नब्बे करोड़ की सहायता के लिए कहा हुआ है। वर्षा आ गई तो भला यह राशि कैसे मिलेगी? राहत सामग्री का वितरण पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अनिवार्य है। जहां तक असंतुष्टों का सवाल है, सूखे व अकाल के बहाने वे भी मंत्री बने इस सूखे-अकाल के सहारे चुप्पी साधे हुए हैं। मानसून आते ही सब सिर उठा लेंगे।' 'तब तो वाकई चिंता की बात है। मानसून आने से राजनीतिक अस्थिरता बढने वाली है तो राष्ट्रीय अशांति का खतरा है। हमें इस दिशा में वैज्ञानिकों का सहयोग लेना चाहिए।' मैंने कहा। मुख्यमंत्री बोले- 'वैज्ञानिकों का कोई दोष नहीं है। वे तो अच्छा कॉपरेट कर रहे हैं। देख नहीं रहे, पिछले तीन दशक में मौसम व पर्यावरण किस कदर बदल गए हैं। पर्याप्त वर्षा के स्थान पर बूंदा-बांदी हो रही है। फिर वर्षा वहां हो रही है जहां इसकी जरूरत नहीं है।''

## नागरिक बोध

# प्रकृति का तांडव



**प्रकृति** के समक्ष सरकारों का अस्तित्व बहुत छोटा है, फिर मनुष्य तो चीज ही क्या है। हमने अनेकों बार देखा एवं अनुभव किया कि हम प्रकृति से लड़ नहीं सकते, मुकाबला भी नहीं कर सकते, लेकिन प्रकृति के थपेड़ों से सीख तो सकते हैं। भौतिकवाद के नशे में चूर विकास के आसमान को चूमने को आतुर, विनाश के धरातल पर खड़ा इनसान कब समझता है कि हम प्रकृति के साथ कितना खिलवाड़ करते हैं। प्रकृति द्वारा उसे बार-बार सजा मिलने पर भी वह विस्मृत हो जाता है। अभी-अभी तो हमने कोरोनाकाल का दंश भुगता है। मनुष्य द्वारा प्रकृति पर बार-बार उत्पात करने तथा सजा भुगतने का यह क्रम अनवरत रूप से चल रहा है। यह तो निश्चित है कि हर वर्ष सर्दी, गर्मी तथा बरसात होगी तथा प्राकृतिक आपदाएं भी संभावित हैं। ये आपदाएं प्राकृतिक तथा मानवजनित होती हैं। सडक़ दुर्घटनाएं, रेल हादसे, आगजनी, पुल टूटना, गैस रिसाव, इमारतों का ढहना तथा महामारी आदि आपदाएं होना आम बात है। यह सर्वविदित है कि जहां मानवीय जीवन होगा, वहां पर आग, बाढ़, तूफान, सूखा, अकाल, हिमस्खलन, भूकम्प, सुनामी, समुद्री तूफान, बिजली गिरने, बादल फटने तथा महामारी की संभावना भी होगी। मौसम विभाग के रेड अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट तथा चेतावनियां भी अब आम बात हो गई है। यह भी सत्य है कि हम आपदाओं को समाप्त तो नहीं कर सकते, बल्कि उनको कम करने के लिए प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। मानवीय जीवन की सुरक्षा के लिए हर पल तत्पर रहना हमारी आवश्यकता है। यह सरकार, व्यवस्था, प्रशासन तथा सम्बन्धित विभाग की जिम्मेदारी होती है। यह भी सही है कि प्रकृति के सामने व्यवस्था बहुत छोटी सी चीज होती है, फिर भी मानवीय व्यवस्था के संचालन में सरकार बहुत बड़ी शक्ति होती है। लोग सरकारों, व्यवस्थाओं, प्रशासकों तथा सम्बन्धित विभागों से आशा करते हैं कि हर समय उनकी जान-माल की सुरक्षा हो, फिर कारण चाहे आन्तरिक, बाह्य तथा प्राकृतिक चुनौती हो। ऐसा भी नहीं कि सरकारें असंवेदनशील होती हैं, परन्तु यह भी स्वीकार करना होगा कि हम समय रहते आपदाओं की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयारी नहीं करते। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है तथा प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से बहुत ही संवेदनशील है। पहाड़ी राज्यों की मुश्किलें एवं परेशानियां मैदानी राज्यों की अपेक्षा अधिक एवं अलग होती हैं। इस संदर्भ में अंधाधुंध विकास, औद्योगिकीकरण, जंगलों का कटान, सडक़ों का निर्माण, बिजली परियोजनाओं के लिए बांध का निर्माण, बारूद से पहाड़ों का सीना छलनी होना तथा विद्युत उत्पादन के साथ योजनाओं की समीक्षा एवं विश्लेषण होना भी आवश्यक है। यह ठीक है कि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन, सडक़ों, पुलों, विद्युत परियोजनाओं का निर्माण, बड़ी-बड़ी इमारतों तथा कारखानों का निर्माण भी लोगों की जीवन शैली को सुखद बनाने तथा प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए किया जाता है, परन्तु यह मानवीय जीवन की कीमत पर हरगिज नहीं होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश में आवश्यक है कि आपदाओं की तीव्रता तथा इनकी आवृत्ति में कमी हो। लोगों की जान-माल तथा सम्पत्ति की सुरक्षा होना अति आवश्यक है। हिमाचल की विकट परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश में एक स्थाई आपदा प्रतिक्रिया बटालियन की आवश्यकता है। केन्द्र सरकार से जहां त्वरित सहयोग की आवश्यकता है, वहीं पर भविष्य की आपदाओं से निपटने के लिए आपदा प्रतिक्रिया बटालियन की स्थापना की मांग की जानी चाहिए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डीएसओ के निर्देशानुसार प्रखंड में किया गया डिलरों के साथ बैठक बीडीओ, ने दिया कई निर्देश

➲डीलर जिला अध्यक्ष ने कहा बायोमेटिक मशीन कि सुधार नहीं की गई तो मसीन रहेंगे अनिश्चितकालीन तक बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में गिद्धौर पत्थलगड्डा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के सभी दुकानदारों के साथ शनिवार को बैठक किया गया। बैठक जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सलमान खिजरी के निर्देशानुसार प्रखंड के डिलर संघ के अध्यक्ष अवध किशोर दांगी के अध्यक्षता में बैठक किया गया। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी वं एमो संजीत कुमार सिंह ने किया। बैठक में कई विषयों पर चर्चा की गई। एवं कई निर्देश दिए गए। सभी को समया अनुसार लाभुकों के बीच अनाज वितरण करने की बात बिडियो ने कही। जिला के डीलर अध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी के द्वारा बायोमेट्रिक मशीन की मुद्दा उठाई गई?। जिसमें डीलरों ने बोला कि नेटवर्किंग का बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। एवं मशीन में वर्षो से बैटरी नहीं लगाई गई है। यदि इसका सुधार नहीं किया जाता है तो अनिश्चितकालीन तक बिना मशीन का अनाज वितरण किया जाएगा। जिसका जिम्मेवार प्रखंड एवं जिला पदाधिकारी होंगे।जिलाध्यक्ष ने बोला कि कोई भी जनप्रतिनिधि या राजनीतिक दल के लोग यदि डीलर पर दबाव बनाते हैं। तो घबराने की बात नहीं है। डीलर अपने कार्य में सक्षम रहें। उसके बाद भी अगर दबाव बनाया जाता है। तो हम उनका करारा जवाब देने के लिए सक्षम हैं। बिडीयो ने सभी डीलरों को निर्देश दिए कि गांव में किसी भी प्रकार की गरीब व्यक्ति भूखा न रहे।उसे चिन्हित कर घर तक अनाज पहुंचाने का काम करें। लाभुकों के द्वारा बार-बार कम अनाज देने की शिकायत की जा रही है। जिसका सुधार करने की बात बिडियो ने कहीं यदि कोई भी डीलर इस बात का ख्याल नहीं रखते हैं तो उनके प्रति सख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित सचिव कृष्ण कुमार कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह विष्णु साव शारदा देवी महावीर पासवान प्रेम दास दासों उराव गोवर्धन उरॉव नेसार मियां प्रभु यादव गुलाबी दांगी राजेश दांगी विकास दांगी एवं और पत्थलगड़ा प्रखंड से अनेकों डीलर बैठक में उपस्थित थे।

# वज्रपात से एक युवक की मौत, एक गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत दुंदू गांव मे शनिवार को दो लोग वज्रपात की चपेट मे आ गये। वज्रपात से रंजीत यादव की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध मे बताया जा रहा है की शनिवार को दुंदू गांव के करमाही टोला में मृतक के साथ उसका चचेरा भाई पंकज यादव खेत मे काम कर रहा था।इसी दौरान वज्रपात की चपेट मे दोनों चचेरे भाई आ गये।ब्रजपात की चपेट में आने से दोनो गंभीर रूप से घायल हो गये।उक्त घटना की सुचना पाकर दुंदू गांव के ही समाजसेवी अख्तर अंसारी ने अपने निजी वाहन से दोनों घायल चचेरे भाईयों को बेहतर ईलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां पर ईलाज के दौरान एक की मौत हो गई। चिकित्सकों के अनुसार घायल पंकज यादव की भी स्थिति गंभीर बताया जाता है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य लोग भी खेत में कार्य कर रहे थे। उनलोगों को भी झटका लगा है।

## मोटरसाइकिल व पिकअप वैन में टक्कर, तीन घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-लातेहार पथ पर बालू ग्राम के सलेमपुर टोला में शुक्रवार की रात्रि लगभग 7:45 बजे एक पिकअप वैन जेएच 01 सी टी 6954 एवं मोटरसाइकिल की हुई आमने सामने टक्कर में रामदेव गंझु 35 वर्ष पिता मिट्ठू गंझु, बंधन गंझु 45 वर्ष, अंहच गंझु, धुनेश्वर गंझु 32 वर्ष पिता रंजन गंझु घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से तीनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद रामदेव गंझु की स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे राँची रिम्स रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार तीनों लोग एक मोटरसाइकिल में सवार होकर बालूमाथ से अपने घर सलेमपुर जा रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही पिकअप वैन से आमने सामने टक्कर हो गई।

## योजनाओं को समय पर पुर्ण कराने को लेकर किया सप्ताहिक बैठक

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने की। इस आयोजित समिक्षा बैठक में पंचायत वार सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान बीडीओ ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, के अलावा पेंशन योजना, 15 वीं वित्त की अद्यतन जानकारी ली। एवं लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं इस दौरान बीडीओ ने आवास की प्रगति धीमी होने पर सभी पंचायत सचिवों व कर्मीयों को फटकार लगाते हुए 15 अगस्त तक सभी अर्धनिर्मित आवास को पुर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही आवास निर्माण में मनरेगा के तहत मजदूरों का भुगतान नियम संगत अवश्य कराने की बात कही।इसके पश्चात बिरसा सर्वर्धन सिंचाई कुप के तहत लिए गए सभी योजनाओं पर बोर्ड एवं कार्य को समय पर पुर्ण कराने का भी निर्देश दिया। आम बागवानी योजना के सभी स्थल पर पौधारोपण के लिए एक सप्ताह के अंदर गड्ढा पुर्ण कराने की बात कही। मौके पर मनरेगा बीपीओ रवी यादव, पंचायत सेवक रामखेलावन यादव, उमाशंकर सिंह, राजेश प्रसाद यादव, रोजगार सेवक सुजित कुमार सिंह, मो आलम अंसारी, सुरेन्द्र पासवान, सुरेन्द्र यादव, रानी कुमारी, हिरा लाल सिंह, निरंजन कुमार, अरविंद ठाकुर, राहुल राज सहित कई प्रखंड कर्मी व मनरेगा कर्मी मौजूद थे।

पत्रकार के साथ मारपीट को लेकर मनोज चन्द्रा ने किया निंदा

# चौथा स्तंभ के साथ मारपीट यानी लोकतंत्र की हत्या : मनोज चन्द्रा

➲सवांद वाहक के साथ मारपीट को लेकर किया घोर निंदा : जवाहर विश्वकर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** बीते शुक्रवार को दो बजे सिमरिया विधानसभा के भाजपा विधायक किशुन दास के सिमरिया प्रतिनिधि सह बानासंडी पंचायत समिति सदस्य भोला सिंह द्वारा पत्रकार अशोक पर मारपीट एवं लूट तथा जानलेवा हमला को लेकर सिमरिया विधान सभा के भावी प्रत्याशी सह जेएमएम के नेता मनोज चन्द्रा ने इस तरह की घटना को काफी निंदा की है कहा है कि चौथा सतंभ के साथ मारपीट लूट पाट यानी लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। जो पत्रकार हम लोगों के सवांद को आम अवाम तक निःशुल्क पहुंचाता है और उन्ही के साथ यदि ऐसा होगा तो बड़ा अफ़सोस और चिंता जनक है। ऐसे कुकृत्य करने वाले लोगों पर अवश्य कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं सीपीआई के जवाहर विश्वकर्मा ने बताया कि पत्रकार पर हमला करना बहुत हीं दुखद घटना है। पत्रकार पर हमलावर लोगों को कानून सजा मिलनी चाहिए। जो चोर वो हीं पहरेदार वाला कहावत है। गलत कार्य करने को लेकर खबर प्रकाशित की गयी थी। लेकिन ऐसा नहीं की उलटे पत्रकार पर हमला करें । यह निंदनीय और अशोभनीय है। इसे बर्दास्त कतई किया जाना नहीं चाहिए। वैसे हमलावर भोला सिंह पर काण्ड संख्या 15/23 धारा 341, 323, 379, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। किंतु अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। वहीं इस तरह भाजपा के विधायक प्रतिनिधि द्वारा पत्रकार अशोक पर हमला तथा लूट पाट को लेकर पत्रकारों ने एक जुटता दिखाते हुए अविलंब गिरफ्तारी की मांग किया है । यदि 18 जुलाई तक भोला सिंह को गिरफ्तार नहीं की गयी तो सिमरिया सुभाष चौक पर पत्रकार सभी गिरफ्तारी को लेकर अनशन करने पर मजबूर होंगे। जिसका

# बिंदेश्वरी एचपी गैस ने हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का 49 वां स्थापना दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के तेतरमोड़ स्थित बिंदेश्वरी एचपी गैस ग्रामीण वितरक पुंडरा ने हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 49 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सिमरिया प्रखंड के परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय और सिमरिया इंटर कॉलेज में दो दिवसीय एलपीजी पंचायत कार्यशाला का आयोजन 13 जुलाई से14 जुलाई को किया गया। जिसमें एलपीजी गैस के सभी सुरक्षा संबंधित उपायों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में सैंकड़ों बालक बालिकाओं ने हिस्सा लिया और बढ़-कर कार्यशाला का लाभ उठाया उन्हें प्रायोगिक तौर पर भी एलपीजी के उपयोग और सुरक्षा संबंधित जानकारी कार्यशाला के द्वारा दी गई। साथ ही साथ इस स्थापना दिवस के अवसर पर एलपीजी गोदाम के पास नीम के पौधे का पौधा रोपण भी किया गया। इस अवसर पर परियोजना बालिका प्लस टू विद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेंद्र कुमार व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सिमरिया इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्री कन्हैया कुमार और अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद थे। साथ हीं बिंदेश्वरी एचपी गैस ग्रामीण वितरक के ओर से दीपक कुमार एवं राजेंद्र राम ने छात्र-छात्राओं के बीच एलपीजी गैस चूल्हा के रख-रखाव एवं उपयोग के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम का संचालन बिंदेश्वरी एचपी गैस की संचालिका प्रेमलता चंद्र ने किया साथ ही मौके पर एजेंसी की ओर से रवि कुमार, बैजनाथ राम, मो सफीक, मो खुर्शीद अंसारी, राजेश कुमार साव मौजूद थे।

## जंगली हाथियों का आतंक, खेती के समय किसान के बैल को मार डाला

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोयद पंचायत के टोला हुम्बी में गुरुवार की रात जंगली हाथियों ने उत्पात मचाया। इस घटना में हुम्बी (टोला) निवासी गरीब किसान चमन गंझू के बैल को मौत के हवाले कर दिया। साथ ही साथ घर के दरवाजे को भी तोड़ने का प्रयास किया, परंतु लोहे के दरवाजा होने के कारण गेट केवल मुड़कर ही रह गया एवम् हाथियों का झुंड वहां से निकल गए। इस तरह के हाथियों के हमला से गांव वालों में भय का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी देते हुए लोगों ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद हाथियों का झुंड बगल के जंगल मारंगलोईया के तरफ गए हुए हैं। उधर बैल के मर जाने से गरीब किसान चमन गंझू के परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पीड़िता ने वन विभाग के अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है।

## ब्रजकिशोर पाण्डेय बने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद के जिला सचिव

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए सम्पूर्ण भारत में आंदोलन सह जागरुकता अभियान चला रही अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश कुमार पाण्डेय ने चतरा जिला के टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत राहम ग्राम निवासी ब्रजकिशोर पाण्डेय को जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया है। श्री पाण्डेय के जिला सचिव के पद पर नियुक्ति होने से चतरा जिला के कई गणमान्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।, बधाई देने वालो में शिक्षाविद सह माँ बैदेही हिन्दू जागरण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम किशोर मिश्रा चतरा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पाण्डेय, शिक्षाविद आचार्य विजय पाण्डेय संतोष वर्णवाल, अक्षयवट पाण्डेय कामेश्वर पाण्डेय सहित कई गणमान्य लोगों शामिल हुए। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद ब्रजकिशोर पाण्डेय ने कहा कि वो पुरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ हिन्दी को राष्टभाषा बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। मै अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी परिषद के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष हदय नारायण मिश्रा राष्ट्रीय सचिव संतोष कुमार पाठक को हदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

# अवैध तरीके से की जा रही बीज की बिक्री पर अविलंब रोक लगाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार को पत्र लिखकर लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों के बाजार हाटों में अवैध तरीके से की जा रही बीज की बिक्री पर अविलंब रोक लगाने को कहा है। दिए पत्र में उन्होंने बताया है कि लातेहार जिले के अंतर्गत बाजार हाटों में अवैध तरीके से बीज की बिक्री की जा रही है। जो कि बीज नियंत्रण आदेश 1983 का सरासर उल्लंघन है द्यआदेश के अनुसार किसी भी फसल के बीज की बिक्री बीज अनुज्ञप्तिधारी के द्वारा नियत स्थान पर ही की जानी है द्य बाजार हाट में बिकने वाला बीज या तो एक्सपायरी डेट या कम गुणवत्ता का होता है, जिससे फसल ना होने की स्थिति में किसान ठगा सा महसूस करता है। इसलिए एक्सपायरी और कम गुणवत्ता की बीजों की बिक्री पर अविलंब रोक लगाया जाए। और खुदरा बीज विक्रेताओं से बीज का नमूना एकत्र कर जांच हेतु बीज परीक्षण केंद्र भेजा जाए, ताकि कम गुणवत्ता और एक्सपायरी डेट के बीजों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके और किसानों को राहत पहुंचाई जा सके द्यज्ञात हो बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में भी अवैध तरीके से बीजो की साप्ताहिक हाट में हो।

# दुआरी पंचायत के 9 लोगों का वृद्धा पेंशन किया गया सत्यापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत के नौ वृद्धा पेंशन लाभुकों का सत्यापन प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने शनिवार को किया। सभी लाभुकों को प्रखंड लाने का कार्य द्वारी पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने किया। जिसे सभी लाभुकों ने अच्छे कार्य करने के लिए सराहा है। बताते चलें कि लाभुकों का नाम इनाम उद्दीन, प्रभावती देवी, कलिया देवी, अशोक कुमार, लक्ष्मीकांत यादव, तारा देवी, नईम अंसारी, त्रिलोकी साव, प्रयाग यादव का नाम शामिल है।

# सेविकाओं ने दी धरना, की नारेबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू के नीतियों के विरोध में शनिवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं ने धरना दिया और जम कर नारेबाजी की है। सेविकाओं का कहना था कि परियोजना पदाधिकारी अपने मनमाने तरीके पर तुली हुई हैं और सभी सेविकाओं के भावनाओं का कदर नहीं कर रही हैं। सेविकाओं पर लगातार काम का बोझ जबरन डाला जा रहा है। जबकि इनके मानदेय और बच्चों के पोषाहार पर कोई चर्चा नहीं की जा रही है। सेविकाओं का मानदेय जनवरी माह से नहीं मिला है और बच्चों का पोषाहार भी मार्च महीने से बाधित है। ऐसे में सेविकाएं उधार लेकर आंगनबाड़ी केंद्र को चलाने पर मजबूर है। इसके बावजूद परियोजना पदाधिकारी द्वारा सभी सेविकाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। कई सेक्टरों के मई-जून का वाउचर भी उन्होंने सत्यापित नहीं किया है और ना ही कोई कारण बताया जा रहा है। सावित्रीबाई फुले योजना में मुखिया का कॉलम नहीं होने के बावजूद उनसे हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसे लेकर सभी सेविकाओं का कहना था कि इन सब मुद्दों का जबतक हल नहीं निकलता है तबतक सेविकाओं का आंदोलन जारी रहेगा।

## पत्रकार पर हमला को लेकर कांग्रेस नेता फारूक अंसारी ने किया निंदा

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्रकार पर निंदनीय घटना को लेकर कांग्रेस नेता फारूक अंसारी ने कहा कि वैसे आरोपियों पर कार्रवाई किया जाना चाहिए। चुकी पत्रकार सवांद वाहक होते हैं लोक तंत्र के चौथे सतंभ होते यदि इन्ही पर इस तरह जानलेवा हमला होता है तो वैसे लोगों का कुकृत्य उजागर करेगा कौन। वहीं 20 सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र यादव ने घटना को बहुत दुर्भाग्य बताते हुए कहा है कि चौथे स्तंभ पर हमला यानी लोक तंत्र पर हमला है। वैसे लोगों को अविलंब कानूनी कार्रवाई किया जाय साथ हीं पत्रकारों द्वारा भोला सिंह को गिरफ्तारी की मांग जायज बताया है। हालांकि यदि कानून तर्क संगत पत्रकारों को न्याय नहीं देती है तो हम राजद पार्टी आगे की रणनीति तैयार कर सहयोग के लिए आगे आएंगे।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक आज

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में आज रविवार को सुबह 11 बजे से विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु ने बताया की जिला के निर्देशानुसार बैठक का आयोजन किया जाना है। इस प्रखंड स्तरीय बैठक में आगामी छह माह की कार्य योजना,संगठन के विस्तारीकरण, प्रखंड के सभी खंडों में विश्व हिंदू परिषद का समिति विस्तार पर चर्चा होगी। वही अयोध्या में बन रहे भगवान राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व 29 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाले राम शौर्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद के द्वारा निकाला जाना है।जिस पर चर्चा होगी। प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु ने सभी प्रखंड समिति के सदस्यों एवं राम भक्तों को इस बैठक में भाग लेने की अपील की है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ फाइनल मुकाबला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के बोदा गांव में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट गुरुवार को राष्ट्रगान के बाद फाईनल मुकाबला के साथ संपन्न हो गया।झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने फुटबॉल का सूट मार कर फाईनल मुकाबला हिरही लोहरदगा और हड़गड़ा कुडू के बीच शुरू कराया, पंद्रह पंद्रह मिनट का मैच दोनों के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय में किसी टीम गोल नहीं कर पाया। अंत में दोनों टीम के बीच पेनाल्टी खेला गया इसमें हड़गड़ा (कुडू) ने जीत दर्ज की।खेल का आयोजन बीएफसी बोदा के द्वारा किया गया।गायक क्युम रुमानी ने अपने साथियों के साथ गीत संगीत से लोगो का समा बांधा, एक से बढ़कर कई गीत प्रस्तुत किया, कमिटि ने गायक क्युम रुमानी को भी पुरस्कृत किया।टुर्नामेंट के फाईनल विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार ग्रीन क्लब हड़गड़ा को बम्फर एक खस्सी 8000 नगद, द्वितीय हिरही को एक बड़ा खस्सी 6000 नगद, तृतीय नगर को 1 बड़ा खस्सी 4000 नगद दिया गया। फाइनल मुकाबले में मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रुप में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, मुखिया ललीता देवी,आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शौरभ श्रीवास्तव, पंसस सुशीला टोपनो, चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान आदि उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता जनता दरबार में आम जनों की समस्याओं से हुए रूबरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि संबंधित मामले, राशन कार्ड संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति की हुई बैठक

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड क्षेत्र के डीही पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डीही में। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। दिन शनिवार को सदस्यता प्रभारी मानिक गंझू एवं की पोल एक्का के उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष के आवास पर बैठक किया गया जिसमें मुख्य रूप से सदस्य बनाव पुनः हेमंत लाव नारे के साथ सदस्यता अभियान शुरू किया गया इस बैठक में डी. वी. सी, कोल प्रोजेक्ट के द्वारा बाहरी मजदूरों से उत्खनन का काम कराया जा रहा है का विरोध किया गया।डीही टोला कोरीगड़ा में पीने का पानी की कमी पर विचार किया गया।इस बैठक में मुख्य रूप से फलाउन अनसारी, मंजर हुसेने, इन्द्रदेव राम, रहमानुल्लाह अनसारी, जेवुल एक, लियाकत समसाद अंसारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुत्ते ने युवक व बकरी को काटा दोनों हुए जख्मी



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर में एक कुते ने एक युवक बच्चा तथा बकरी को काटा लिया। जिससे दोनों जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने पहले बच्चा का इलाज करवाया उसके बाद बकरी का इलाज करवाया गया ठीक है जिस युवक को कुते ने काटा उसका नाम मो.तोहिद है। और एक बकरी शामिल है। कुत्ता काटने से लोग काफी डरे सहमे है। गुस्साए युवकों ने कुत्ते को लाठी डंडे के साथ ढूंढ कर उसे मार दिया। बताया गया कि अगर कुते को नही मारा जाता तो गांव में और कितने लोगों को काट देता।

## संक्षिप्त खबरें

### पीटीपीएस महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सुनीता देवी,उम्र 40 वर्ष पति ज्वाला प्रसाद यादव,हनुमानगढ़ी पंचायत पतरातू प्रखंड निवासी आवास संख्या एफ 191 निवासी ने देर शाम पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में बुजुर्ग सास ससुर थे। पति प्राइवेट कंपनी में रांची में कार्य करता है। मृतिका के बच्चे ने जब देखा तो वह आसपास में शोर मचाया जिसके बाद लोग पहुंचे और मृतक को फंदे से नीचे उतारा। इस संदर्भ में पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने कहा कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसकी छानबीन की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता जल्दी लगा लिया जाएगा।

### पतरातू सीईओ को अतिरिक्त वीडियो का पदभार मिला

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पतरातु अंचल अधिकारी शिव शंकर पांडे ने अतिरिक्त प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किए। प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार ग्रहण सभागार भवन में प्रधान सहायक चितरंजन कुमार ने करवाया।बताते चले कि पतरातू बीडीओ हरीनाथ महतो को वैद्यनाथ धाम में आयोजित श्रावणी मेले में बतौर मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसके वजह से कई दिनों से यह पद खाली पड़ा था जिससे कार्यो में समस्याएं उत्पन्न हो रही थी। तथा प्रधान सहायक चितरंजन कुमार के द्वारा पदभार ग्रहण करने संबंधी सभी कागजात तैयार कर सीओ को सौपे गए।मौके पर प्रधान लिपिक पुलक माथुर,नाजिर दीपक दस,बीपीओ महेश महतो,जेई प्रवीण कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेश कुमार सिंह, पंचायत सेवक नरेश प्रसाद,केस्टो महतो,कैलाश महतो,भोला मुंडा,अमित कुमार,संजय दास,भोला प्रसाद,प्रदीप केरकट्टा आदि के साथ अंचल व प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### आजसू का कार्यकर्ता सम्मलेन सह मिलन समारोह आज

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मलेन सह मिलन समारोह का आयोजन हो रहा है ! इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आजसू के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी होंगे उनके साथ गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो, रामगढ विधायक सुनीता चौधरी, केन्द्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत सहित कई केन्द्रीय नेतागण शामिल होंगे ।

### एक सप्ताह के बाद 42 खदान में डूबी बच्ची का निकला शाव

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही थाना क्षेत्र के कोयला 42 खदान में बीते शनिवार को डूबी बच्ची का शव आखिरकार मिल गया। पिछले शनिवार से लगातार ग्रामीणों और प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा था की बच्ची का शव किसी तरह से मिल जाए लेकिन कोई भी कोशिश काम नहीं आई। आखिरकार थक कर सभी ने हार मान ली। लेकिन करिश्मा ही कहेंगे कि को इतने प्रयास से न हो सका वो खुद से हुआ। शनिवार को रोज की तरह जब ग्रामीण खदान के पास पहुंचे तो देखा कि बच्ची का शव पानी के ऊपर तैर रहा है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । पुलिस को सूचना के बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लाश को खदान से बाहर निकाला। वहीं बच्ची की लाश मिलने के बाद सभी की आंखे नम थीं। बता दें की लाश को पुलिस से अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है ।इधर सीसीएल के प्रति ग्रामीणों में रोष है ग्रामीणों का कहना है की सिसिएल प्रबंधन लापरवाही करती है यही कारण है की आज इतनी बड़ी घटना हुई है । प्रबंधन को एक सुरक्षा का दायरा बनाना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना न हो । आप को बता दें की बच्ची को डूबने के बाद एन डी आर एफ की टीम द्वारा लगातार रेस्क्यू किया गया था लेकिन बच्ची की लाश नहीं मिल पाई थी जिसके बाद ग्रामीणों ने निजी गोताखोरों की भी मदद ली गई थी लेकिन कोई भी इस क्रम में सफल नहीं हो पाया था ।

### सीसीएल सिरका खुली खदान में पाली बदलने के दौरान होती है कोयले की चोरी

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका खुली खदान में ड्यूटी पाली बदलने के दौरान अक्सर कोयला चोरी होती हैं। इसमें बड़ी संख्या में खदान के अंदर कई महिलाएं प्रवेश कर जाती है। कुछ ही मिनटो में बोरी झोड़ी भरकर सभी भाग निकलती हैं। इस संदर्भ में सुरक्षा विभाग सिरका बताता है कि हम लोगों के पास सुरक्षा प्रहरियों की कमी हैं। जिस कारण कोयला चोरी करने वाले को हम सभी नहीं रोक पाते हैं। लेकिन दूसरी ओर कोयला चोरी होने से सरकारी संपत्ति का नुकसान हो रहा हैं।

### ई व्हीकल शोरूम का हुआ शुभारंभ

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को डाडी प्रखण्ड मुख्यालय समीप गिद्दी सी में ई व्हीकल मोटरसाइकिल शोरूम का उद्घाटन झा मु मो के केन्द्रीय सदस्य राज कुमार महतो,डाडी बीडीओ संतोष गुप्ता, डाडी सीओ निशांत अंबर, गिद्दी सी पीओ जितेन्द्र कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष लखनलाल महतो, जीप सदस्या डाडी भाग 2 पिंकू देवी ने किया। ई व्हीकल बाइक बाजार में विश्वसनीय शोरूम इस क्षेत्र में नहीं था। इसके उद्घाटन के पूर्व शो-रूम में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय के समीप बाइक बाजार में ई व्हीकल शोरूम नहीं रहने से ग्राहकों में कमी खल रही थी। अब यहां के ग्राहकों को पूरा रेंज मिलेगा। वही डाडी मुखिया ने कहा कि गिद्दी सी में ई व्हीकल शोरूम का खुलना बाजार में लगातार हो रहे विकास का बेहतर संकेत है। इन नई कंपनियों के बाजार में आने से लोगों को बेहतर विकल्प मिलता है। वहीं, बाजार का भी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि नए उद्यमियों को आगे आना चाहिए।

## शिक्षा से ही देश व समाज का विकास होता है : सुनीता चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में मरार स्कूल का चारदिवारी निर्माण एवं गेट का शिलान्यास किया गया।जिसके बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो,वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया गया।मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि शिक्षा से ही देश व समाज का विकास होता है। बिना शिक्षा के कोई भी समाज व देश आगे नहीं बढ़ सकता। इसलिए चाहे कितनी भी कठिन से कठिन परिस्थितियां क्यों ना आ जाएं। अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें। इस चहारदीवारी का निर्माण पूरा हो जाने से स्कूल परिसर बिल्कुल सुरक्षित हो जाएगा। विद्यालयों में बेहतर शिक्षा का लाभ छात्र-छात्राओं को प्राप्त हो इसके लिए हमलोग सजग एवं सक्रिय है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेंद्र महतो,महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा सिंह,अनुज तिवारी,महतो,नरेश महतो,देवेंद्र प्रसाद,वार्ड पार्षद शिव शंकर मिश्रा,जिला संगठन सचिव गुड्डू सिंह,उमेश प्रसाद, पवन साव ,लोचन प्रसाद,प्रवीण पांडे, गणेश प्रसाद, राजेश मुंडा, बालेश्वर करमाली, रामाशीष करमाली, महावीर करमाली, महावीर रजवार, कुलदीप रजवार, संजय रजवार, राजेश करमाली, दिनेश करमाली, विजेंद्र करमाली, बिरु करमाली,रमेश करमाली सहित सैकड़ों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने युवतियों व महिलाओं को सौंपा जॉब ऑफर लेटर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रही युवतियों व महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य पतरातू प्रखंड में कल्याण गुरुकुल संचालित है।इसी क्रम में कल्याण गुरुकुल के बैच नंबर 16 की युवतियों व महिलाओं का सिलाई प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य शनिवार को जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी ने युवतियों व महिलाओं को जॉब ऑफर लेटर सौंपा। ऑफर लेटर प्राप्त करने के उपरांत सभी युवतियां व महिलाएं तमिलनाडु राज्य में कपड़ा कारखाना उद्योग में रोजगार प्राप्त करेंगी। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन रामगढ़ कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य श्री राम साह द्वारा किया गया।

## सरिया लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटा बाल-बाल बचा चालक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू रेलवे स्टीम कॉलोनी से रांची जाने के क्रम में सरिया लदी एक ट्रेक्टर सरना स्थल काली घाट पीटीपीएस के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई द्व जिसमें ट्रेक्टर चालक बाल-बाल बच गया द्व वहीं किसी राहगीर कि हताहत होने की कोई खबर नहीं है। ट्रेक्टर चालक संजय यादव ने बताया कि पतरातू स्टीम कॉलोनी से सरिया लेकर रांची मैट्रिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी में जा रहा था। अचानक मेरी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और ट्रैक्टर पलट गई।

## उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों व उपलब्धियों की दी जानकारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली मासिक प्रेसवार्ता में उपायुक्त नैंसी सहाय ने सभी विभागो के द्वारा जारी इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्यों व उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रेस/मीडिया को दी। उन्होंने सरकार के महत्त्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देते हुए अब तक के प्रगति प्रतिवेदन को मीडिया से साझा की। प्रेसवार्ता में उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा व डीपीआरओ पंचानन उरांव मौजूद थे। उपायुक्त ने एजेंडावार ग्रामीण विकास विभाग, आपूर्ति विभाग,डीएमएफटी,समाज कल्याण, कल्याण विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राजस्व, नगर निगम, विद्युत,जिला खनन,जिला परिवहन,खेल विभाग, सहायक आयुक्त उत्पाद,कृषि प्रौद्योगिकी, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, पशुपालन विभाग, निर्वाचन शाखा, जिला पंचायत राज, उप श्रम आयुक्त, ई गवर्नेंस और वर्तमान में चल रहे विभिन्न जन जागरुकता अभियान मसलन जन्म मृत्यु निबंधन, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान एवं जन जागरूकता अभियान आदि विषयों पर चल रहे कार्यों की जानकारी दी।

## बनासो में सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के बनासो पंचायत भवन सभागार में मुखिया चंद्रशेखर की अध्यक्षता में सिद्धू-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को लेकर एक आम सभा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष अविनाश कुमार पांडे,उपाध्यक्ष सत्येंद्र पांडे एवं सचिव भीम कुमार महतो चुने गए कार्यकारिणी सदस्यों में रकीब अंसारी,करीम अंसारी, महेंद्र यादव,अरुण कुमार,सूरज कुमार पासवान,इमाम हुसैन,राजू महतो, सुरेश राम,सहदेव राम,मुकेश पासवान,राजू कुमार यादव, शेख करीम,अजय ठाकुर, रामचंद्र राम, करीम अंसारी, राजू महतो,राजू यादव, अविनाश कुमार, पवन यादव, अरविंद पांडे,इमाम हुसैन, मुकेश पासवान,र ाजू यादव, कैलाश राज भारती, गंगाधर महतो, सूरज पासवान,विजय हांसदा, पप्पू हंसदा,हर्षवर्धन कुमार, शेख बिलाल, वींद्र कुमार, परवेज आलम, अरुण कुमार यादव, चंद्रशेखर, शेख करीम, जितेंद्र महतो, विशेश्वर महतो, चिंतामन महतो, रोहित महतो, सुनील महतो, जय नारायण महतो,प्रसादी यादव, विष्णु गुप्ता, शिवलाल टुड्डू, राजू रविदास, उपेंद्र सोरेन, बिलाल आलम,राज कुमार, सुंदरलाल,नरेश यादव, विष्णु पांडे, शेख सद्दाम,बनाए गए इस अवसर पर पंचायत सचिव जयनारायण राम सत्येंद्र पांडे रकीब अंसारी,भीम कुमार,संतोष कुमार महतो,विशेश्वर कुमार, गंगाधर महतो,हर्षवर्धन कुमार, समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी एवं युवा उपस्थित थे।

## पशुधन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं ग्रामीण : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड चटाक में शनिवार को लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बकरी का वितरण किया गया।इस दौरान मुख्य रुप से दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश प्रमुख रेणु देवी जिला परिषद प्रिति देवी मुखिया प्रमेश्वर पटेल ने लाभुकों के बीच 10 यूनिट बकरी बकरा वितरण किया गया।20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं एवं विधवा महिलाओं को अनुदान पर पालने के लिए पशुधन दे रही है, ताकि उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बकरी पालन आमदनी का एक अच्छा स्रोत है, इससे किसान समृद्ध बन सकते हैं। बकरी पालन योजना आय का प्रमुख स्रोत है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना शुरू किया है।

## स्थानीय मुद्दों और जनसमस्याओं को लेकर गांधी मैदान में आज होगा महाजुटान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग के गाँधी मैदान में आज रविवार 16 जुलाई को एक महाजुटान हो रहा है। इस महाजुटान का नाम बदलाव संकल्प महासभा है जो झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय नीति, नियोजन नीति, खनन नीति, पुनर्वास नीति, निजी कंपनियों में स्थानीय को नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण एवं स्थानीय नेतृत्व के मसले पर अपनी आवाज को बुलंद करना है। जिसमें हज़ारीबाग और चतरा लोकसभा क्षेत्र के हज़ारों युवा साथी और जनता शामिल होंगे।

**संजय मेहता और जयराम महतो सहित कई वक्ता करेंगे महासभा को संबोधित :** बदलाव संकल्प महासभा में स्थानीय मुद्दों और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं पर अपनी आवाज बुलंद कर रहे संजय मेहता जी एवं जयराम महतो जी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे। इसके अलावा झारखण्ड के अन्य वक्ता भी झारखंडी भावना के तहत अपनी राय जनता के समक्ष रखेंगे।बदलाव संकल्प महासभा को लेकर हजारीबाग और चतरा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सैकड़ों स्थानों में जाकर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जनता को जागरूक किया जा चुका है।साथ ही हजारीबाग शहरी क्षेत्र के मटवारी, कोर्रा, बाबुगांव समेत दर्जनों स्थानों में नौजवानों एवं लोगों से संवाद स्थापित कर महासभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करने की अपील किया गया है।

**नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोगों को किया गया जागरूक :** बदलाव संकल्प महासभा को लेकर संजय मेहता ने हज़ारीबाग के कई स्थानों में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। इस दौरान चौक-चौराहों में जाकर लोगों को महासभा का मुख्य उद्देश्य बताया। उन्होंने झारखंड की माटी और अपने हक़ अधिकारों के लिए बदलाव संकल्प महासभा में शामिल होने का आह्वान लोगों से किया।

### पतरातू भाजपा कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह में हुए शामिल

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को पतरातू क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह में शामिल होने के लिये रांची रवाना हुए । जिसका नेतृत्व भाजपा नेता दुर्गाचरण प्रसाद ने किया । कार्यकर्ता ने बताया कि भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बनाए जाने के उपलक्ष में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रांची में किया जा रहा है । वहीं भाजयुमो पतरातू मंडल महामंत्री अंबर कुमार ने कहा की बाबूलाल मरांडी को भाजपा पार्टी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी में काफी उत्साह का माहौल है। साथ ही प्रदेशवासियों को पूरा भरोसा है कि श्री मरांडी के नेतृत्व आगामी लोकसभा एवं विधान सभा में बीजेपी संपूर्ण झारखंड में अपना विजय परचम लहराएगी। आज भी राज्य की जनता उनके 28 महीनों का कार्यकाल की सराहना करती है । मौके पर भाजयुमो पतरातु अध्यक्ष गणेश ठाकुर इरफान खान रमेश सिंह प्रदीप महतो त्रिलोकी गिरी बबलू कुमार संजय साहू अरुण कुमार राज कुमार अनिल खेरवार मालती देवी ओमप्रकाश यादव राम प्रवेश गुप्ता इत्यादि शामिल थे ।

### जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष ने कच्ची सड़क में बने गढ्ढे को निजी खर्च से कराया समतल

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ के बेड़ा-हरियारा उप मुखिया सह जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता की कार्य करने एवं समाज सेवा की ललक ने ही उसे कम समय मे हीं एक बेहतर समाजसेवी के रूप पहचान होने लगी है। इसका उत्कृष्ट नमूना पेश करते हुए निश्वार्थ भावना से अपने निजी खर्च से छठ घाट जाने वाली कच्ची सड़क को समतलीकरण कराया। इस बाबत राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि रमुआँ छठ घाट जाने का रास्ता बारिश की वजह से जगह-जगह पर बहकर गढ्ढे बन गए थे,जिसकी वजह से आने-जाने वाले ग्रामीणों को परेशानी को काफी परेशानी हो रही थी।आज सुबह एक वृद्ध महिला नदी जाने दौरान गिर गई।जिसके बाद मैंने अपने मन मे ठान लिया कि जैसे भी इसे ठीक करना है।इसके पश्चात मैं अपने साथियों के साथ पहुंचकर जेसीबी की मदद से कच्ची सड़क को समतल कराया।इस मौके पर वार्ड सदस्य केदार प्रसाद,महेंद्र प्रजापति एवम ग्रामीणों में विक्रम कुमार,सीताराम कुमार,सुधीर राम,दुलार कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### राज्य सरकार के योजनाओ को खिलाड़ियों तक पहुंचाना हैं : रूचि कुजुर

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला तलवारबाजी फेंसिंग संघ के सौजन्य से फेंसिंग खेल को बढ़ावा देने और हज़ारीबाग़ में खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य के क्रम में सदर प्रखंड के हरहद पंचायत में संत एमनुवेल पब्लिक स्कूल के छात्रों को फेंसिंग खेल से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर रूचि कुजुर सदस्य, झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, झारखण्ड सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। रूचि ने बताया कि वह हज़ारीबाग़ खेल से जुड़ी हुई है और खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर प्रयास करेंगी। झारखण्ड सरकार भी होनहार बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी योजनाएं चला रही है। निजी विद्यालय प्रबंधन बच्चों को आगे बढ़ने में मदद कर सरकार के योजनाओ का लाभ दिलाये। इस अवसर पर फेंसिंग के कोच सिंगराय सुंडी, सहायक कोच रविंद्र कुमार, अनिल ठाकुर, फेंसिंग खिलाड़ी सुनील कु महतो, आदित्य कुमार, आशु डिवाइन एक्का, रज़ा हसन, अब्बू शैमा, अंबेर अंसारी, मनीष कुमार साथ में विद्यालय के निदेशक ज़ाहिद अंसारी, प्राचार्य नाज़ परवीन, शिक्षक मो सुल्तान परवेज खान इत्यादि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा व रामगढ़ चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से मंडलीय सभा सह कार्यशाला आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा और रामगढ़ चेतना शाखा ने संयुक्त रूप से मंडलीय सभा सह कार्यशाला आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता , प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया , प्रांतीय उपाध्यक्ष - मुख्यालय विशाल पड़िया, प्रांतीय मुख्यालय महामंत्री - श्वेता जालान, प्रांतीय महामंत्री सार्थक अग्रवाल , प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगम सरयवाला, एवं प्रांत स्तर पर राँची शाखा , राँची समर्पण शाखा , राँची साउथ शाखा , राँची साउथ जागृति शाखा , खूँटी शाखा , झुमरीतेलैया शाखा , झुमरीतेलैया प्रेरणा शाखा से अध्यक्ष , सचिव एवं कई सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शीर्ष नेतृत्व में प्रत्यक्ष संवाद , प्रांत में चल रहे प्रोजेक्ट्स के विषय में जानकारी , अपने बातों को खुले मन से रखने और अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के संविधान के तहत नियमों के बारे में जानकारी साझा करना था। इस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर के कार्यक्रम का शुभ आराम किया गया। स्वागत उद्गार नीलिंद अग्रवाल और रीना मोदी ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन संयुक्त रूप से राहुल जैन और श्रिंजय मेवाड़ ने किया। प्रांत अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने इस कार्यक्रम में प्रांत में चल रहे आनन्दम , रक्तदान , पर्यावरण जैसे कार्यो पे चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के झारखंड प्रांत के पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों को सम्मान के दृष्टि से पहली बार झारखंड प्रांत के 8 पूर्व अध्यक्ष , 8 दिवसीय 8 कार्यक्रम का आयोजन करने का मानस बनाया और सभी शाखाओ से इसमें भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने सभा को संबोधित करते हुए बताया के मण्डल की सभी 9 शाखाए सक्रिय रूप से अपना कार्य कर रही है और रक्तदान , पर्यावरण एवं आनन्दम के चेत्र में हमारा मण्डल अव्वल स्थान पर है । उन्होंने मण्डल के सभी शाखाओ से 500 नए सदस्य को जोड़ने एवं प्रांत स्तर पे 3000 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य लिया है। धन्यवाद ज्ञापन आशीष अग्रवाल एवं स्नेहा जैन ने किया।

## सीसीएल के नए सीएमडी ने सिरका खदान, रेलवे साइडिंग का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल परिवार के मुखिया नये सीएमडी डॉक्टर बी. वीरारेड्डी ने शनिवार संध्या सिरका खुली खदान, बंद साइडिंग रेलवे लाइन का निरीक्षण दौरे के क्रम में किया। इस दौरान सीएमडी डा. बी. वीरा रेड्डी ने जीएम अरगड्डा क्षेत्र सुधांशु कुमार पांडे से अरगड्डा क्षेत्र के चारों परियोजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जाना। साथ ही अरगड्डा क्षेत्र से 1.5 मिलियन टन कोयला उत्पादन के लक्ष्य को किस प्रकार प्राप्त की जाए इसके बारे में पूछा। इसके अलावे किस प्रकार बंद कोलियरी खदान के उत्पादन को बढ़ाया जाए, किन उपकरणों और सुविधाओं की जरूरत हैं, इसके बारे में भी आलोचना की। पत्रकारों के सवालों पर सीसीएल सीएमडी डॉक्टर बी. वीरा रेड्डी ने बताया कि यह मेरा पहला दौरा हैं, बंद सिरका खुली खदान को ईसी मिल चुंका हैं, बहुत जल्द सीटीओ भी मिल जाएगी, अरगड्डा काजू बागान के लिए प्रोजेक्ट का अप्रूवल हो चुंका हैं, इसमें फॉरेस्ट प्रोसेसर के लिए एक से डेढ़ सालों का वक्त लगेगा। जिसके बाद काजू बागान खदान खुलने का रास्ता साफ हो जाएगा, इससे लाखो टन अरगड्डा क्षेत्र की कोयला उत्पादन की क्षमता बढ़ जाएगी। मौके पर अरगड्डा जीएम सुधांशु कुमार पांडे, जीएम ऑपरेशन सुजीत कुमार सिन्हा, एसओ पीएंडपी राजीव कुमार सिंह, एसओ माइनिंग डीके सिंह, एसओ एक्सवेशन संजय कुमार, एसओ ईएंडएम संजय झा, जयप्रकाश, एरिया भीटीसी अधिकारी एसएन तिवारी, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, सिनियर मैनेजर सिरका राकेश कुमार, सेफ्टी ऑफिसर कामेश्वर महतो, डब्लू.आई. विजय सिंह, बीएमएस क्षेत्रीय सचिव प्रशांत बेलथरिया आदि उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण का संकल्प लें : तुषारकांति शीट

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पेड़-पौधे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं। इसलिए पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण करना हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है। उक्त बातें सामाजिक संस्था श्री रामकृष्ण सेवा संघ के सहायक सचिव और जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट ने कही। उन्होंने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना के साथ ही प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन का भी संकल्प लें। सावन माह में शिव की उपासना की विशेष महत्ता है। सावन के महीने में वर्षा के कारण खेतों की भरपूर सिंचाई होती है और प्रकृति भी अपने पूरे हरे-भरे रूप में नजर आती है। ऐसे में वर्षा के महीने में हम अधिक से अधिक जल संरक्षण और पौधारोपण कर हरियाली के सिमटते दायरे और जलाशयों के सूखने के संकट से छुटकारा पा सकते हैं। अपने भविष्य को सुरक्षित और जीवन को खुशहाल बना सकते हैं।

## बाबूलाल मरांडी के पदभार ग्रहण में शामिल हुए किशुन यादव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। इस मौके पर भाजपा ने हरमू रोड स्थित कार्निवल बैंक्वेट हॉल में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन कर बाबूलाल मरांडी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव ने कार्यक्रम में शामिल होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को बधाई दिया। कहा कि उनके नेतृत्व में इस बार झारखंड में भाजपा नए उमंग और उत्साह के साथ आगे बढ़ेगी एवं 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बहुमत के साथ केंद्र और राज्य में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल के अध्यक्ष बनने से प्रदेश में भाजपा और मजबूत हुई है।




## परीक्षा पर चर्चा विषय में शामिल होने वाले छात्र को पीएम कार्यालय ने दिया प्रशस्ति पत्र

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अप्रैल माह में प्रधानमंत्री पर चर्चा कार्यक्रम में भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर से कक्षा दशमी भैया राहुल ने भाग लिया था. जिसे प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा प्रशस्ति पत्र निर्गत किया गया है. उक्त जानकारी विद्यालय के प्राचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने दी. उन्होंने बताया कि शनिवार को विद्यालय प्रबंधन ने उक्त पत्र को सादा समारोह के माध्यम से सम्मानित किया. प्रशस्ति पत्र प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित साहू, सचिव नागेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रोहित व प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय आदि ने संयुक्त रूप से अपने कर कमलों से दिया. सबों ने इस होनहार भैया के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।



## समाहरणालय सभाकक्ष में हुआ शोक सभा का आयोजन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हृदय गति रुकने के कारण जिला समाहरणालय कर्मी रंजीत कुमार का शुक्रवार को निधन होने के उपरांत आज समाहरणालय सभाकक्ष में शोकसभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत पतरातू प्रखंड में दूसरा 15 दिवसीय शिविर

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ की पहल के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत दूसरा 15 दिवसीय शिविर का आयोजन पतरातू प्रखंड के कोतो एवं पालू पंचायत क्षेत्र में किया जा रहा है। इस दौरान अंबाटोला, दाड़ीडीह, रोचाप दोकाटांड, रोचाप ऊपर टोला एवं रोचाप मुस्लिम टोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों को कवर करते हैं हुए क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के कुपोषण जांच के लिए 14 जुलाई से 17 जुलाई तक स्क्रीनिंग का कार्य किया जा रहा है जिसके उपरांत 19 जुलाई से 2 अगस्त तक कुपोषित बच्चों के उपचार का कार्य किया जाएगा।

इसी क्रम में शनिवार को चलाए गए स्क्रीनिंग अभियान के दौरान रोचाप ऊपर टोला में 51 एवं रोचाप मुस्लिम टोला में 30 बच्चों की कुपोषण जांच की गई वही एक बच्चे की गंभीर रूप से कुपोषित होने की पहचान होने के उपरांत बच्चे का उपचार एमटीसी केंद्र रामगढ़ में कराने हेतु आगे का कार्य किया जा रहा है।

स्वास्थ्य समृद्धि वाहन की विशेषताएं।

**विस्तृत कवरेज :** एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। समय और धन बचाने के उदेश्य से निर्मित इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुचई जा सकेगी।

**भंडार कक्ष :** यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी इसमे विभिन्न आकार की संद्रखें और दराज है जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा।

**कार्य :** यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक ले जाने मे सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड वेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रतेक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी।

**लक्षित समूह :** उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे ।

# कोल कंपनी के खिलाफ भू-रैयतों नें विशाल रैली व जन सभा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** अदानी, एनटीपीसी और जेएसडब्ल्यू कोल कंपनी के खिलाफ आज हजारों भू रैयत आंदोलनकारियों ने रैली निकाली कर जनसभा की। रैली में गोंदलपुरा, गाली, बलोदर, चपरी, सेहदा, हाहे से हजारों की संख्या में भू रैयत शामिल हुए थे। रैली गोंदलपूरा आंदोलन स्थल से शुरू हुआ, जो बाबूपारा, बादम, हरली, विश्रामपुर, पिपराडी, शिवाडीह, सांढ़, होरम, मोड़, गुरुचट्टी, बड़कागांव थाना, मुख्य चौक होते हुए सूर्य मंदिर पहुंचा। वहां से पुनः वापस होकर बड़कागांव हाई स्कूल मैदान में रैली जनसभा में तब्दील हो गयी। जनसभा की अध्यक्षता व संचालन पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि संविधान में लिखा गया है कि खेती योग्य एवं हरियाली जमीन में किसी प्रकार का खनन नहीं करना है और ना ही कारखाने लगाए जा सकते हैं। कोल कंपनियां संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकती है। विधायक ने कहा कि हम भू रैयतों के साथ जीने मरने के लिए तैयार है। पूर्व मुखिया श्रीकांत निराला ने कहा कि हमारी जमीन बहू फसली है जबकि सरकार का नियम है कि वह बहु फसली भूमि को किसी भी कीमत में कोल कंपनी के लिए आवंटित नहीं किया जा सकता है। हम सभी रैयती जमीन किसी भी कंपनी को नहीं देना चाहते हैं। कंपनी जबरन जमीन लेना चाहती है इसके लिए एक से एक हथकंडा अपना रहा है। कंपनी की मनमानी नहीं चलेगी। कंपनी के यहां बैठने से हम बेकार तो होंगे हमारी पीढ़ी दर पीढ़ी विलुप्त हो जाएगी। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा आंदोलन को कहा हम दो कदम चलने को तैयार हैं। हम इस लड़ाई को है देश स्तर पर आंदोलन को खड़ा करेंगे और लड़ाई जीतेंगे। खतयानी भाषा संघर्ष समिति के मनोज यादव ने कहा कि गोरखिया से गांव नहीं बिकता तो कोई दूसरा कैसे बचेगा। हमें जमीन नहीं बेचना है तो कंपनी हमारी जमीन नहीं ले सकती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार महतो 20 किलों मीटर पैदल चल कर रैयतों ने अपनी ताकत का परिचय दिया। हजारों तख्तियां निजी कोल कंपनी वापस जाओ प्रो मिथिलेश दांगी जनसभा को उप प्रमुख वचन देव,पूर्व जिला परिषद प्रमुख टूकेश्वर प्रसाद कुमार,विकास महतो, परमेश्वर महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,बासुदेव गोप उप मुखिया रवि महतो, राकेश कुमार, दीपक दास, राकेश कुमार, लखींद्र ठाकुर, मोहम्मद इब्राहिम, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, संजय मेहता, पूर्व मुखिया भीखन महतो, गौतम वर्मा, प्रोफेसर ज्योति जलधर, नेतलाल महतो, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सूरज कुशवाहा सहित हजारों महिला पुरुष रैली में पहुंचे थे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत हुआ कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** शनिवार को समाहरणालय रामगढ़ के जिला परिषद स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में 16 जुलाई 2023 से 15 अगस्त 2023 तक चलने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला के दौरान सर्वप्रथम यूनिसेफ सहयोगी संस्था डेबनेट, निर्भय कुमार के द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के सभी मानकों की विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात श्री टोप्पो ने संबंधित सभी को प्रत्येक गांव में बिना कोताही किए स्वच्छत सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का कार्य तय समय सीमा के अंदर करने का निर्देश दिया।कार्यशाला के दौरान टोप्पो ने सॉलिड/लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट हेतु प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सभी सम्बंधित अधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यशाला आयोजित कर आमजनों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने नाडेप एवं ग्रेवाटर मैनेजमेंट, घरेलू कचरा का प्रबंधन आदि का कार्य स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के मानकों के अनुरूप ही करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने किये गए कार्य का प्रतिवेदन जिला स्तर पर भी उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से श्री टोप्पो ने विद्यालय स्तर पर स्वच्छता संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का निर्देश अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने यूनिसेफ प्रतिनिधि को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़ डॉ0 असीम कुमार से समन्वय स्थापित कर स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।कार्यशाला के दौरान, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** झारखंड गोवर्नमेंट् टूल रूम टाटीसिल्वे रांची के पाँच विधार्थियो का चयन मारुति सुजूकी कंपनी मे 5.2 लाख के पैकेज पर हुआ हैं। प्रतिष्ठित कंपनी ने चार वर्ष के डिप्लोमा इन टूल एंड डाइ के छात्रो का इटरव्यू लेकर चयन किया । इस अवसर पर प्लेसमेंट इंचार्ज गौरव प्रियदर्शी ने बताया कि यह प्रक्रिया पंद्रह दिनों तक चली। प्राचार्य महेश गुप्ता ने विधार्थियो को बधाई देते हुए कहा कि इस क्षेत्र मे अपार संभावनाए,,बड़ी बड़ी कंपनी मे उत्कृष्ट स्थान पर है। इस अवसर पर ट्रेनिग इंचार्ज मंगल टोप्पो, प्रशासनिक अधिकारी आशुतोष मिश्रा के साथ सैक्डो विधार्थि उपस्थित थे।


### राँची समाहरणालय, राँची (जिला भू–अर्जन शाखा)

www.dlaoranchi.in

dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com

**आम सभा**

लोधमा पिस्का बाईपास रेलवे लाईन परियोजना (अतिरिक्त) अन्तर्गत उप मुख्य अभियन्ता (निर्माण) राँची II के पत्रांक–115 दिनांक–14.03.2023 के द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु अधियाचना प्राप्त है। प्राप्त अधियाचना के आलोक में ग्रामसभा का आयोजन दिनांक–22.07.2023 को अपराह्न 12.30 बजे अंचल–नगड़ी के सभागार में किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| दिनांक | समय | संबंधित अंचल / मौजा का नाम | आम सभा का आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 22 / 07 / 2023 | 12.30 अपराह्न | कुदलुम (कुदलौंग), बारीडीह, टुण्डूल, अंचल–नगडी | अंचल कार्यालय नगड़ी |

अतः संबंधित मौजों के भू–धारियों को सूचित किया जाता है कि सभी संबंधित कागजातों के साथ खतियान / डीड, लगान रसीद (अद्यतन), परिचय–पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह० / – जिला भू–अर्जन पदाधिकारी राँची

PR 302427 (Land Reforms)23-24*D



### जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।

(जिला निर्वाचन शाखा)

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

**मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के निमित दिनांक–21.07.2023 से दिनांक–21.08.2023 तक भौतिक सत्यापन कार्य में सहयोग हेतु नागरिकों से अपील**

मतदाता सूची विशेश संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत् पूर्व पुनरीक्षण कार्यक्रम में दिनांक–21.07.2023 से दिनांक–21.08.2023 तक 22–बड़कागाँव विधानसभा क्षेत्र एवं 23–रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों के बी०एल०ओ० के द्वारा भौतिक रूप से घर–घर सत्यापन कार्य किया जाना है। बी०एल०ओ० द्वारा घर–घर सत्यापन के कार्य हेतु उन्हें वर्तमान मतदाताओं से संबंधित पूर्व से भरा हुआ बी०एल०ओ० पंजी (BLO Register) उपलब्ध कराया गया है। उनके द्वारा प्रत्येक घर पर Sticker चिपकाया जाएगा एवं प्रथम तथा द्वितीय भ्रमण की तिथियां अंकित की जाएगी। बी०एल०ओ० पंजी में मतदाताओं के विवरणी का सत्यापन परिवार के प्रमुख से कराया जाना है। साथ ही बी०एल०ओ० द्वारा निम्न सूचनाएं प्राप्त की जाएगी :–

1. अनिबंधित योग्य नागरिक (वैसे नागरिक जो 01.10.2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं)।
2. भावी मतदाता (वैसे नागरिक, जो 01.01.2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं)।
3. भावी मतदाता (वैसे नागरिक, जो 01.04.2024, 01.07.2024 एवं 01.10.2024 की अर्हता तिथियों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं)।
4. Multiple Entries / मृत मतदाता / स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता।
5. मतदाता सूची की प्रविष्टियों में अपेक्षित सुधार से संबंधित सूचना।

अतएव मतदाता सूची को समावेशी एवं त्रुटिरहित बनाने हेतु रामगढ़ जिलान्तर्गत सभी नागरिकों से अपील है कि बी०एल०ओ० के द्वारा भौतिक रूप से घर–घर सत्यापन कार्य में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें।

ह० / –
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 302413 Election(23-24)D



### कार्यालय जिला परिषद, खूँटी

कार्यालय आदेश सं०–18 / 2023–24 दिनांक–18.07.2023

**अति–अल्पकालीन बन्दोवस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में स्थित निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती खुली बोली के माध्यम से की जानी है। यह बन्दोवस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी। इच्छुक आवेदक / संस्था / समिति मोहरबंद लिफाफें में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | सैरात की विवरणी | प्रखण्ड | ग्राम | पो० / पंचायत | वर्तमान में निर्धारित की गई सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि 10 % | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | तपकरा बाजार परिसर | तोरपा | तपकरा | बरदा+ कमड़ा | 222697.00 | 22269.70 | आवेदन शुल्क की राशि– 500 रू० (प्रति सैरात) |
| 2 | तोरपा बाजार परिसर | तोरपा | तोरपा | तोरपा | 33782.00 | 3378.20 | |
| 3 | टॉगरकेला बाजार परिसर | रनियाँ | टॉगरकेला | खड़गपुर+ जयपुर | 40787.00 | 4078.70 | |
| 4 | कर्रा–मरचा बाजार परिसर | तोरपा | कर्रा–मरचा | मरचा | 20258.00 | 2025.80 | |
| 5 | लोधमा बाजार परिसर | कर्रा | लोधमा | लोधमा | 76079.00 | 7607.90 | |
| 6 | गोबिन्दपुर बाजार परिसर | कर्रा | गोबिन्दपुर | गोविन्दपुर | 11218.00 | 1121.80 | |
| 7 | मुरहू बाजार परिसर | मुरहू | मुरहू | मुरहू | 266003.00 | 26600.30 | |

दिनांक–22.07.2023 को 12:00 बजे अपराह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इच्छुक फर्म / व्यक्ति कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन मुहरबन्द लिफाफें में आवेदन जमा कर सकते है। प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्ति दिनांक–22.07.2023 को पूर्वाह्न 1:30 बजे जिला परिषद, खूँटी अंतर्गत गठित चयन समिति के समक्ष खोली जायेगी। आवेदक को उक्त बैठक में बोली लगाने हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

विस्तृत जानकारी तथा नियम एवं शर्त कार्यालय अवधि में जिला परिषद, खूँटी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा खूँटी जिले के ऑफिशियल वेबसाईट www.khunti.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

ह० / –
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.302414 District(23-24):D



### कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू, मेदिनीनगर

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई0– संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu-02/2023-24**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0 आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 03 (Thee) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Rabda Under Block Nawa Bazar, dist-Palamu | 29.988 | 60000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 01/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 2 | Construction of 03 (Thee) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Naudiha Under Block Manatu, Distt-Palamu. | 29.988 | 60000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 3 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Dhab Under Block-Hariharganj, Distt-Palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 03/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 4 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit High School Tendua Under Block- | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 04/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 5 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Paneribandh under Block-chainpur, Dist-Palamu | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 05/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 6 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS bhali Under Block-Mohammadganj, Distt-Palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 06/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 7 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in KGBV Under Block-Chainpur, Dist-palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 07/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 8 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Yamunna Under Block-Tarhasi, Dist-Palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 08/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 9 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0'') with 7'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit Gadhi +2 High School Under Block-Untari Road ,Dist-palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 09/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 10 | Construction of Boundary Wall in Rajkiyekrit MS Sudna in Block Daltonganj Palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 10/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 11 | Construction of Boundary Wall in Netaji Subhas Chandra Bose School , Sua in Block-Daltonganj, palamu | 37.132 | 76000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 11/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 12 | Construction of Boundary Wall in Rajkiyekrit +2 High School Lesliganj in Block Dist-Palamu | 84.849 | 170000.00 | 10000.00 | 6 माह मात्र | 12/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 13 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Ramanand Dabra, Under Block-Lesliganj at Daltonganj, Distt-Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 13/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 14 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Uldanda Under Block-Ramgarh at Daltonganj, Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 14/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 15 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Fulwariya Under Block-Satbarwa at Daltonganj, Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 15/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 16 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit Navsrijit PT Tikri Under Block-Hussainabad at Daltonganj, Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 16/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 17 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Pankari under Block-Patan at Daltonganj, Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 17/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 18 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in Rajkiyekrit PS Nawadih under Block-Ramgarh at Daltonganj, Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 18/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 19 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in Rajkiyekrit MS Shivala Road Under Block-Chainpur at Daltonganj, Palamu | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 19/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 20 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0'') with 8'0'' wide Verandah in Rajkiyekrit Kanya PS Turk Talya Under Block -Chainpur, at Daltonganj, palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 20/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 21 | Construction of Exiting Class Room (5 Nos) in UPG Rajkiyekrit High School Khajuri, Block-Chhattarpur, Palamu | 24.985 | 50000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 21/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 17.07.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–25.07.2023 up to 5.00 PM बजे तक
4. जिला अभियंता, जिला परिषद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 26.07.2023 अपराह्न 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–27.07.2023 अपराह्न 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9955924364
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू

PR 302452 (District)23-24*D



### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER

National Rural Employment Program
(Notice)

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 NREP-1/RANCHI-14/23-24 प्रकाशन हुआ था जिसका PR.No. – 302188 NREP (23-24) D, द्वारा प्रकाशित हैं, को अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है एवं यह ई–निविदा का आगे का प्रकाशन www.jharkhandtendrs.gov.in में देखा जा सकता है।

Executive Engineer
National Rural Employment Program, Ranchi

PR 302468 NREP (23-24)_D

## डॉक्टर की पत्नी का निधन क्षेत्र में शोक की लहर



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंदुआ बाजार निवासी डॉ राजकुमार गोस्वामी की पत्नी चिन्तामणी देवी - 60 वर्ष का उपचार के दौरान हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया । वे अपने पीछे एक पुत्र राजीव गोस्वामी टिंकु एक पुत्री रिकी गोस्वामी सहित भरा .पूरा परिवार छोड़ गए हैं ।उनके निधन पर-राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री उदय शर्मा ने गहरा शोक एवं हार्दिक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा की चिंतामणी देवी विशुद्ध धर्म परायण व मातृशक्ति की प्रतिमूर्ति थी। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है । ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं उनके परिजन को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें । इनके दो पुत्र की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है ।निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वाले मे डॉ नारायण दत्त गुप्ता प्रवीण कुमार रंजन शर्मा देवाशीष वर्मा आदि शामिल है।

## सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में सम्मान समारोह का आयोजन



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद जिला के जिला परिषद अध्यक्षा शारदा सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुई। इस समारोह में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं उनके प्रधानाचार्य को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अपने विद्यालय को शरीक किया। इस समारोह में डीएवी उच्च विद्यालय, कतरासगढ़ के वरिष्ठ शिक्षक ईश्वरी नारायण पांडे, नावागढ़ पब्लिक स्कूल के प्राचार्य खगेश्वर महतो उपस्थित हुए। विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमारा वेद, हमारे 18 पुराण इस बात के साक्षी हैं कि हमारा देश विश्व गुरु था। वैसे तो भारतवर्ष में अनेक विद्यालय हैं जो बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं परंतु विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में राष्ट्रीयता एवं संस्कार भी भरता है। उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य अनूप कुमार पांडे, धर्मेंद्र तिवारी, प्रियंका बागची, सतीश कुमार पांडे, महेंद्र पांडे, डॉक्टर तापस कुमार घोष, डॉक्टर निशा तिवारी, नमिता कुमारी, अशोक कुमार सिंह, रमाकांत मिश्र, विश्वनाथ दास, बिधान चंद्र झा, तनु गुरुंग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## वेतनमान समेत अन्य समस्याओं को लेकर विधायक से मिले सहायक अध्यापक मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल एक मांग वेतनमान व अपनी समस्याओं को लेकर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह से मिला व वेतनमान समेत अन्य समस्याओं के समाधान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील कुमार पांडे ने तत्काल समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलवा कर समाधान करने का आग्रह किया। झरिया विधायक द्वारा प्रतिनिधिमंडल को कहा गया कि जल्द ही आप लोगों को मुख्यमंत्री से मिलवा कर वेतनमान समेत उत्पन्न समस्याओं को निराकरण कराया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में धनबाद जिला अध्यक्ष निरंजन दे, जिला प्रवक्ता नयन मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, निरसा प्रखंड अध्यक्ष छोटू महतो, बैजनाथ सिंह, विक्रम सिंह उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी बंधु रविदास



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रानीडीह निवासी एवं समाजसेवी बंधु रविदास को आज उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस अवसर पर भाकपा माले नेता राजेश यादव, राजेश सिन्हा, लालजीत दास आदि ने रानीडीह स्थित उनके आवास पर जाकर वहां आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया और उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। अपने संबोधन में माले नेताओं ने कहा कि, स्व0 बंधु रविदास एक बेहद ही मिलनसार और सामाजिक सारोकर वाले स्वभाव के व्यक्ति थे। इलाके के सारे लोग उनके व्यवहार कायल थे। बिना किसी भेदभाव के न्याय पसंद बातों को करने में कोई परहेज नहीं करते थे। हमें उनके जीवन की सरलता और व्यवहार से अवश्य प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर बलदेव रविदास, सिकंदर दास, बालेश्वर यादव, फागु रविदास, अशोक दास, सुरेंद्र दास, प्रदीप दास, सिकंदर रविदास, नकुल रविदास, ठाकुर दास, रूपेश दास सहित अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।

# उपायुक्त ने की बिरसा ग्राम विकास योजना के डीपीआर प्रस्ताव की समीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास योजना (कृषक पाठशाला) के डीपीआर प्रस्ताव की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में डीपीआर का अनुमोदन तकनीकी प्राक्कलन के आधार पर किया गया। साथ ही जिले के अन्य कृषक प्रक्षेत्र जहां बिरसा ग्राम विकास योजना (कृषक पाठशाला) का संचालन नहीं हो रहा है वहां इस योजना के तर्ज पर डीएमएफटी से योजना क्रियान्वयन का प्रस्ताव पास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपायुक्तसंदीप सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, जिला उद्यान पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूम झा, जिला मत्स्य पदाधिकारी मुजाहिद्दीन अंसारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक टुंडी निर्मल पांडेय, आर्य भट्ट एजुकेशन एंड हेल्थ ट्रस्ट के सचिव रोहित कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## कॉलेज परिसर से छात्राओं का मोबाइल गायब, लगाई न्याय की गुहार



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के लुबी सर्कुलर रोड स्थित एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में तीन मोबाइल चोरी हो जाने के बाद छात्राओं ने शनिवार को मीडिया के समक्ष न्याय की गुहार लगाई। जहां एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की छात्रा अरुषा पासवान ने मीडिया को बताया कि सेमेस्टर-टू की परीक्षा संचालित हो रही थी। अपने ही कॉलेज में दोपहर 2:00 बजे से लेकर संध्या 5:00 तक सेकंड पाली की परीक्षा देने पहुंचे। जहां कॉलेज मैनेजमेंट ने बैग तथा मोबाइल बाहर रख कर परीक्षा हॉल में प्रवेश करने की अनुमति सुनिश्चित कर रहे थे। जिसके बाद हाउसिंग कॉलोनी की दो छात्राएं एवं बरवाअड्डा की एक छात्रा ने दोस्त की बैग में 3 मोबाइल और पैसा रखकर अंदर प्रवेश परीक्षा देने चले गए। परीक्षा देने के बाद पुनः वापस आए तो बैग समेत मोबाइल और पैसा गायब थी। जिसके बाद एसएसएलएनटी महाविद्यालय के शिक्षक को इस मामले की जानकारी दिया तो उन्होंने किसी भी तरह का कोई बात नहीं सुनते हुए सभी छात्राओं को कैम्पस बाहर जाने के लिए बोल दिया। जबकि जहां बैग रखा गया था, वह सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में थी। इसके बावजूद भी कॉलेज प्रबंधन सीसीटीवी कैमरे की जांच ना करके, उल्टा ही डांट फटकार कर कॉलेज परिसर से बाहर भगा दिया है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरसा के एगारकुण्ड प्रखंड सभागार में शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एगारकुण्ड विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संदर्भ में बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार कर्मकार ने कहा कि एसएसआर 2024 के तहत मतदाता सूची का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया जाना है। उन्होंने कहा कि 1/1/24 को अहता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संदर्भ में पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियां के तहत मतदाता सूची का शत प्रतिशत 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक किया जाना है।

### मुख्यमंत्री के संभावित आगमन की तैयारी को लेकर बैठक

## उपायुक्त ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को दिया आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का संभावित आगमन गिरिडीह होने का रहा है। इसे लेकर गिरिडीह के डुमरी स्थित केबी सहाय उच्च विद्यालय मैदान में कार्यक्रम निर्धारित की गई है। कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आज गिरिडीह उपायुक्त ने जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित गिरिडीह आगमन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इसके साथ ही गिरिडीह उप नगर आयुक्त को कार्यक्रम स्थल व जिले में साफ सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर भी निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अपने-अपने विभाग के कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित परिसम्पति विवरण, उद्घाटन/शिलान्यास विध पत्र वितरण तथा आकर्षक स्टॉल लगाने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक गिरिडीह ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल (केबी सहाय उच्च विद्यालय मैदान) एवं अन्य स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावा पुलिस अधीक्षक, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निर्देशक ग्रामीण जिला अभिकरण पदाधिकारी, आईएएस प्रशिक्षु, उप नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला परियोजना पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी समेत सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# टुंडी : कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत कमारडीह पंचायत के भोजूडीह गांव के पास कब्रिस्तान की चहारदिवारी निर्माण कार्य का टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया बताया जाता है कि यहां के लोगों का चिर प्रतीक्षित कब्रिस्तान की चहारदिवारी की मांग कई वर्षो से किया जा रहा था जो कि आज टुंडी विधायक के अथक प्रयास से इस निर्माण कार्य का सपना पूरा हुआ जिससे मुस्लिम समुदाय के कई लोगों ने इस पुनीत कार्य के लिए टुंडी विधायक को बधाई दिया है। मौके जिला परिषद सदस्या दिव्या बासकी, कमारडीह मुखिया जयनारायण मंडल, विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, झामुमो नेता अब्दुल रसीद अंसारी, कदैया मुखिया अजीमुदीन अंसारी, झामुमो नेता अनवर अंसारी,जाहिद अंसारी समेत मुस्लिम समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# माले नेताओं की अगुवाई में किसानों का धरना 10 वें भी दिन जारी, वार्ता के लिए नहीं आये कोई अधिकारी

**15 जुलाई को माले से जुड़े पंचायत प्रतिनिधियों का होगा जुटान, कार्यालय में ताला बंदी का एलान**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** तथाकथित भूमाफियाओं के विरोध में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना दे रहे माले नेताओं और मघाखुर्द के किसान शनिवार को 10वें दिन भी धरना स्थल पर डटे रहे। इस दौरान माले नेताओं ने कहा कि इस गंभीर मुद्दे पर स्थानीय प्रशासन की भूमिका नकारात्मक बना हुआ है, लिहाजा अब आंदोलन की और तेज किया जायेग। कहा कि माले से जुड़े पंचायत प्रतिनिधियों मसलन मुखिया, वार्ड सदस्य, पंसस और जिप सदस्य धरना स्थल पर जुटेंगे और स्थानीय प्रशासन की मनमानी के विरोध में सरकारी कार्यालय में जल्द ही तालाबंदी करेंगे। धरना स्थल पर माले के जमुआ विधानसभा प्रभारी अशोक पासवान, प्रखंड सचिव रीतलाल वर्मा, इनौस नेता असगर अली, ललन यादव, रंजीत यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे । वहीं धरने पर उपस्थित माले नेता ने कहा कि मघाकला पंचायत के 40 परिवार एवं चचघरा पंचायत के गोचर जमीन को बचाने हेतु पूरे यादव परिवार के साथ हम धरने पर बैठे हैं कुछ दिन पहले ही जमुआ चौक पर इन यादव परिवार पर जानलेवा हमला हुआ था उस वक्त भी माले ने आवाज उठाया था आज भी हम गरीब मजदूर परिवार के साथ हैं अगर प्रशासन अब भी नहीं जागती है तो हम लोग प्रखंड में तालाबंदी का कार्यक्रम करेंगे ।

## गर्री में सहयोगिनी संस्था की ओर से किया गया सी20 चौपाल का आयोजन



**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बच्चों की प्रारंभिक देखरेख एवं संरक्षण पर कसमार प्रखंड के गर्री स्थित सामुदायिक शेड में सहयोगिनी संस्था की ओर से सी20 चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के निदेशक गौतम सागर, सचिव कल्याणी सागर, स्थानीय मुखिया गीता देवी, सेविका मीना देवी, सहिया सुलेखा देवी व अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं, किशोरियों व ग्रामीणों को संबोधित करते संस्था के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि देश में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा एवं सुझाव के लिए कई तरह के वर्किंग ग्रुप कार्य कर रहा है, इनमें से सी20 प्रमुख है।

## पाटलीपुत्र हॉस्पिटल में नि:शुल्क मेगा हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन

**स्वर्ण जयंती वर्ष के चौथे नि:शुल्क शिविर में 154 मरीज हुए लाभान्वित**



प्रभात मंत्र सवांददाता

**धनबाद :** पाटलीपुत्र मल्टीस्पेशयलिटी हॉस्पिटल के 50 वर्ष पुरे होने पर पुरे वर्ष स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जिसे मार्च 2024 तक मनाया जायेगा। जिसमें प्रत्येक माह के 15 तारीख को विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सको के द्वारा निश्शुल्क परामर्श एवं जांच की जाएगी। इसी संदर्भ में शनिवार को स्वर्ण जयंती वर्ष का चौथा निश्शुल्क शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि धनबाद एसएसपी संजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि पूर्व मध्य रेलवे धनबाद डिवीज़न के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपांकर लाल चौरसिया एवं हॉस्पिटल के प्रमुख डॉ निर्मल ड्रोलिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस शिविर में पाटलीपुत्र अस्पताल वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डॉक्टर डा. सुब्रता बनर्जी एवं जनरल सर्जरी के डा. बी. के. पुरोहित एवं डा. संतोष कुमार ने कुल 154 मरीजों का निश्शुल्क परामर्श किया गया। तथा निश्शुल्क ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, हेमोग्लोबिन एवं केलोस्ट्रोल की जाँच की गई। शिविर का संचालन पाटलीपुत्र अस्पताल के राहुल मेहरोत्रा ने किया तथा अस्पताल के बिनोद प्रसाद गुप्ता, राजेश जगनानी, राकेश बर्णवाल, राम बाबू, साकिब हसन, पवन सिंह, देबीलाल कुम्भकार, अबुसॉद अली, सुमित सिंह एवं रवि चौरसिया शिविर को सफल बनाने में सक्रिय रहे।

# दानापुर-बरौनी-दानापुर पैसेंजर स्पेशल का परिचालन विस्तार अब किउल तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 03218/03217 दानापुर-बरौनी-दानापुर पैसेंजर स्पेषल का दिनांक 16.07.2023 से परिचालन विस्तार करते हुए किउल तक किया जा रहा है। विदित हो कि वर्तमान में गाड़ी सं. 03218/03217 दानापुर-बरौनी-दानापुर पैसेंजर स्पेशल का आंषिक समापन/प्रारंभ मोकामा में किया जा रहा है। दिनांक 16.07.2023 से 30.08.2023 तक गाड़ी सं. 03218 दानापुर-बरौनी पैसेंजर स्पेशल दानापुर से खुलकर किउल तक जायेगी तथा दिनांक 17.07.2023 से 31.08.2023 तक गाड़ी सं. 03217 बरौनी-दानापुर पैसेंजर स्पेषल बरौनी के बजाए किउल से खुलेगी अर्थात् इस दौरान 03218/03217 स्पेशल मोकामा और बरौनी के बीच रद्द रहेगी । गाड़ी सं. 03218/03217 स्पेशल का समय एवं ठहराव दानापुर और मोकामा के बीच पूर्ववत रहेगा जबकि मोकामा और किउल के बीच समय एवं ठहराव निम्नानुसार होगा -गाड़ी सं. 03218 पैसेंजर स्पेषल 21.25 बजे मोकामा पहुंचेगी और यहां से यह 21.30 बजे खुलकर 21.35 बजे टाल, 21.44 बजे हाथीदह, 21.51 बजे रामपुर डुमरा, 21.55 बजे जलालपुर हाल्ट, 21.59 बजे बड़हिया, 22.04 बजे गंगा सहाय हाल्ट, 22.08 बजे डुमरी हाल्ट, 22.13 बजे धूरंत ज्वास हाल्ट, 22.17 बजे मनकठा, 22.23 बजे लखीसराय रुकते हुए 23.15 बजे किउल पहुंचेगी। वापसी में,गाडी सं. 03217 पैसेंजर स्पेषल किउल से 05.00 बजे खुलकर 05.05 बजे लखीसराय, 05.12 बजे मनकठा, 05.16 बजे धूरंत ज्वास हाल्ट, 05.21 बजे डमुरी हाल्ट, 05.25 बजे गंगा सहाय हाल्ट, 05.29 बजे बड़हिया, 05.33 बजे जलालपुर हाल्ट, 05.37 बजे रामपुर डुमरा, 05.43 बजे हाथीदह, 05.49 बजे टाल रुकते हुए 06.00 बजे मोकामा पहुंचेगी तथा यहां से यह 06.05 बजे दानापुर के लिए प्रस्थान करेगी ।

### सरिया को जिला बनाने की मांग को लेकर अनुमंडल कार्यालय सरिया के समक्ष झामुमो का एक दिवसीय धरना

# एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा एक मांग पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** झारखंड मुक्ति मोर्चा सरिया प्रखंड द्वारा अनुमंडल मुख्यालय सरिया में बुधवार को एक दिवसीय धरना दिया गया.जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण मुरारी पांडेय ने किया.उक्त धरना में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल उपस्थित थे.धरणा को संबोधित करते हुए श्री मंडल ने कहा कि सरिया को जिला बनाने की मांग जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले विगत 6 वर्षों से अनुमंडल क्षेत्र की जनता द्वारा किया जाता रहा है.बताया कि बगोदर-सरिया अनुमंडल क्षेत्र के कई गांव जिला मुख्यालय से लगभग 80 से 85 किलोमीटर की दूरी पर है. जिला मुख्यालय से अधिक दूरी होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र अत्यंत ही पिछड़ा इलाका है. इन गांवों के विकास पर बुरा असर पड़ रहा है. किसी आवश्यक कार्य से जिला मुख्यालय जाने पर दिनभर समय बर्बादी तथा आर्थिक बोझ वहन करना पड़ता है. बगोदर- सरिया अनुमंडल नवसृजित जिला बनने की सारी अहर्ताएं पूरी करता है. इसलिए जनता की इस मांग पर झारखंड सरकार विचार करें. विदित हो कि पूर्व में गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा की दृष्टिकोण से तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने एवं नक्सली घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से गिरिडीह जिला को विभक्त कर पुलिस जिला मुख्यालय बनाने का प्रस्ताव जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार के द्वारा लिया जा चुका है.सरिया को जिला बनाए जाने पर उग्रवाद प्रभावित इस क्षेत्र का सर्वाधिक विकास हो पाएगा।

## बेटी की सुसाइड के आरोपियों को किया जाय गिरफ्तार, माता-पिता ने लगाई गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मृतक मुस्कान के माता-पिता से शनिवार को मीडिया से डीएसपी कार्यालय परिसर में बात किया, तो उन्होंने बताया कि एक तो उनकी बेटी मुस्कान इस दुनिया को छोड़कर चली गई है और अब आरोपियों की गिरफ्तारी तथा उन्हें सजा दिलाने के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। परंतु उनकी फरियाद को सुनने वाला कोई नहीं है।

चार महीने पूर्व उनकी 18 वर्षीया बेटी मुस्कान अपने कमरे में फंदे से झूल कर जान दे दी। वजह था कि कुछ युवकों द्वारा उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। इस संबंध में मरने से पूर्व लड़की ने एक पत्र लिखकर अपने माता-पिता को सारी बातों से अवगत कराया था। उस पत्र को मुस्कान की मौत के बाद पुलिस अधिकारी ने बरामद किया था। और तो और आरोपी समय-समय पर मृतक के परिजन को केस नहीं उठाने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दे रहे है। अब पीड़ित अपने परिवार के लोगों की जान बचाने के लिए पुलिस अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर है।

## डीआरएम के खिलाफ ब्राह्मण समाज ने किया आंदोलन तेज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा के जाने माने नेता, सम्पुर्ण विप्र समाज के जिलाध्यक्ष गिरीजा शंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सम्बंधित सम्पूर्ण विप्र समाज की बैठक शनिवार को ब्राह्मणडीहा ग्राम निवासी बलराम उपाध्याय के आवासीय परिसर में सम्पन्न हुई। ज्ञात रहे कि विगत दिनांक 8/7/23 को ब्राह्मण समाज ने रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के खिलाफ धरना दिया गया था। आज धरना के सात दिन बित जाने के बाद भी डीआरएम कमल किशोर सिन्हा के तरफ से कोई जवाब नहीं आने के बाद ब्राह्मण समाज ने धनबाद जिले के प्रत्येक प्रखण्ड में डीआरएम के खिलाफ आंदोलन तेज करने का निर्णय बैठक में लिया गया। तोपचांची प्रखण्ड से आंदोलन शुरू किया गया।

# सुदर्शन भगत व धीरज प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित ब्रिज का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को समय शाम 5:00 बजे लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित प्लेटफार्म संख्या 2/3, फुट ओवरब्रिज प्लेटफार्म संख्या 1 का विस्तारीकरण एवं अन्य यात्री सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। जिसमें मुख्य रुप से लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सांसद श्री धीरज प्रसाद साहू डीआरएम प्रदीप गुप्ता उपस्थित हुए। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि रेलवे प्लेटफार्म फुट ब्रिज के कार्य पूरे होने से राजधानी एक्सप्रेस की रुकने की संभावना बहुत ही कम समय में होने के संकेत हैं आज इस निर्माण कार्य से आने वाले भविष्य में आर्थिक व्यापार सभी क्षेत्रों में सहयोग मिलेगा और मैं बार-बार किसानों की चिंता करते हुए उनकी खाद्यान्न कैसे सही बाजार में उपलब्ध है उसकी लेकर मैं चिंता कर रहा हूं। हमारे जिले के नजदीक सब्जी मंडी राउरकेला है जिसके लिए मैं प्रयासरत हूं कि यहां से सीधे राउरकेला के लिए एक गाड़ी उपलब्ध हो जाए साथ ही विगत 9 वर्षों में जिस प्रकार से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में रेल मंत्रालय के द्वारा कार्य हुए हैं वह बहुत ही सराहनीय है। बहुत सारे बदलाव प्रत्यक्ष रूप से देखे जा सकते हैं लोहरदगा स्टेशन धीरे-धीरे सुविधा युक्त बना है और मेरा प्रयास रहा है मैं लगातार रेल प्रबंधक से बात करता रहा हूं कि यात्रियों के लिए कैसे सफर आसान हो जिले के लोग कैसे लाभान्वित हो। आने वाले दिनों में और भी गाड़ियां इस रूट से चलेगी इसके लिए प्रयासरत हूं लोहरदगा स्टेशन पर छोटी-छोटी विषयों को लेकर मैं बात करता रहा हूं जिससे आज बहुत सारे बदलाव देखने को मिल रहे हैं विशेष का लोहरदगा स्टेशन पर लाइट गार्डन भवन सीसीटीवी कैमरे बैठने की सुविधा पंखे आदि सुदृढ़ हैं इसी प्रकार में आगे भी जनता की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास करता रहूंगा।

# 50 विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा के 50 विद्यार्थियों को, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा हस्ताक्षरित और प्रेषित प्रमाण पत्र विद्यालय के प्राचार्य एसके झा के कर कमलों से वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री कार्यालय से आयोजित परीक्षा पे चर्चा विषय पर भाग लेकर विद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने अपना मंतव्य लिखकर प्रधानमंत्री कार्यालय भेजा था। परिणाम स्वरूप उन विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली से प्रधानमंत्री जी के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र भेजे गए जिसे पाकर बच्चों के मन में काफी खुशियां और उत्साह देखा गया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन एवं सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कुरेश कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने अफसर कुरैशी व छत्तीसगढ़, झारखंड के पर्यवेक्षक भी किए गए नियुक्त



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी अफसर कुरैशी को कुरेश कॉन्फ्रेंस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हाजी अफसर कुरैशी ने कहा कि कुरेश कॉन्फ्रेंस राष्ट्रीय स्तर पर कुरेश समुदाय से जुड़े शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मामलों पर काम करती है। संगठन देशभर में कुरेश बिरादरी के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ भी मजबूती से आवाज उठाती है। ऐसे में राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसके लिए उन्होंने कुरेश कॉन्फ्रेंस के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। साथ ही समुदाय के प्रति कार्य को लेकर संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उसके लिए लगातार काम करेंगे। वहीं झारखंड और छत्तीसगढ़ के पर्यवेक्षक बनाए जाने पर उन्होंने कहा है कि इन दोनों राज्यों में कुरेश समुदाय के लाखों लोग निवास करते हैं परंतु कई मामलों पर बिरादरी को जो सरकारी लाभ मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता है। अलबत्ता सरकारी दांवपेच व बदले की राजनीति के कारण समुदाय को बड़े पैमाने पर आर्थिक तथा सामाजिक क्षति का सामना भी करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही छत्तीसगढ़ तथा झारखंड के विभिन्न जिलों का दौरा कर समुदाय के कल्याण को लेकर कार्य करेंगे तथा राष्ट्रीय संगठन के उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयत्न करेंगे।

## लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सकारात्मक सोच जरूरी : मुकेश

# विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में खुशी क्लास आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में खुशी क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों और प्राचार्य महोदय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत अर्थशास्त्र की आचार्य नीतू कुमारी ने किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्र, उत्सर्ग पत्रिका, त्रैमासिक पत्रिका और संस्कृति ज्ञान की पुस्तक देकर किया गया। मुख्य अतिथि खुशी क्लास के संस्थापक श्रीमान मुकेश सिंह चौहान ने खुशी मिशन के बारे में बतलाते हुए कहा कि कैसे अपने जीवन में खुश रहना चाहिए, सकारात्मक होना चाहिए, कभी भी अपने जीवन में तनाव /टेंशन को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए, किसी भी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। सभी अच्छी बातों को खुद में आत्मसात करना चाहिए, अंक किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पैमाना नहीं है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें अपने जीवन में ÷मुझे यह करना है यह सोच रखना चाहिए ना कि यह होना चाहिए यह सोच। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच मनुष्य को सफल बनाता है। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने कहा कि हमें छोटे-छोटे विषयों में सकारात्मक चीजों को ग्रहण करना चाहिए और खुशी दूत बनकर पूरे समाज में खुशियां फैलानी चाहिए। कार्यक्रम में संदीप कुमार साह, प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, आरती भगत, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एसबीएम के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के न्यू टाउन हॉल में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण स्वछता के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया आयोजन में कार्यपालक अभियंता के अध्यक्षता में शनिवार को लोहरदगा में आयोजित की गई जिसमें सभी मुखिया जलसहिया आंगनबाड़ी सेविका जेएसएलपीएस के मुख्य दीदियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के तहत 16 जुलाई 2023 से 20 अगस्त 2023 तक स्वच्छता से संबंधित आयामों पर स्वच्छता सर्वेक्षण उच्च स्तरीय टीमों के द्वारा किया जाएगा जिसमें गांव में जाकर घरों एवं परिवारों से बातचीत कर स्वच्छता संबंधित व्यवस्था की जानकारी ली जाएगी। सभी सार्वजनिक एवं निजी संस्थानों का स्वच्छता से संबंधित सुविधाओं का आकलन किया जाना है। इस कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण हर वर्ष किया जाता है जिसमें स्वच्छता के बड़े पैमाने सर्वेक्षण कर्ता द्वारा मापा जाता है। इस वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत हर गांव स्तर पर खोज तरल कचरा प्लास्टिक कचरा एवं थर्माकोल से बने सामग्रियों का उपयोग करने पर सख्त पाबंदी लगाई जाएगी। अब तक ओडीएफ प्लस के तहत किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया जाएगा। कार्यपालक अभियंता श्री अनूप कुमार हांसदा द्वारा सभी को संबोधित करते हुए बताया कि गांव में स्वच्छता अभियान चलाते हुए गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का प्रयास किया जाना है साथ ही सर्वेक्षण कर्ता द्वारा सर्वेक्षण के दौरान पूछे गए प्रश्नों का जवाब बड़े ही सहजता से देना है। इस कार्यक्रम में विभाग की ओर से सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सभी प्रखंड के समन्वयक एवं सोसल मोब्लेजर उपस्थित थे।

# वज्रपात से युवक घायल सदर अस्पताल में चल रहा है इलाज

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोराम्बे नवा टोली में वज्रपात के चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। जिसे इलाज हेतु अस्पताल में कराया गया भर्ती। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा पंचायत अन्तर्गत कोराम्बे नवा टोली में बारिश के दौरान बिजली गर्जन के साथ वज्रपात हुआ जिसके संपर्क में आने से कोरम्बे नवा टोली निवासी साहबीर उराँव का पुत्र बिशुआ उराँव गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय ग्रामीणों एवं परिजनों को मिलते ही आनन फानन में 104 एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाज के लिये भर्ती कराया गया। बताया जाता कि बिशुआ उराँव खेत मे काम कर रहा था। जिसे अचानक मौसम खराब हो गया और बारिश होने लगा। उसी दौरान तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुआ जिसके चपेट में आने से युवक बिशुआ उराँव गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे घरेलू उपचार करते।

# विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** होटल अमृत पैलेस लोहरदगा में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तत्वाधान में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 100 युवक शामिल हुए। जिले में कार्यरत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित स्त्रत्रस् क्काह्ल. स्न्नस्त्र, मिटकॉर्न मेगा स्किल सेंटर, ढ्ढस्श्वष्ट्ट्ठ स्किल मिशन, एरोसॉफ्ट हेल्थ केयर, निष्ठा, जिला नियोजनालय लोहरदगा जैसी कौशल विकास एजेंसियाँ भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम का उदघाटन मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट के अविनाश विद्यार्थी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (ष्ट3) के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने विश्व युवा कौशल दिवस के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के आयोजन का मुख्य मकसद 18 वर्ष की उम्र से अधिक के युवाओं को बेहतर रोजगार एवं उधमिता के अवसर हेतु आवशयक कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करना है ताकि वे स्वयं को आवश्यक कौशल से लैस कर आज पूरे विश्व में तेजी से बदलते सामाजिक आर्थिक परिवेश से सामंजस्य बैठा सकें। उन्होने कहा कि झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सहित स्त्रत्रस् क्काह्ल. स्न्नस्त्र, मिटकॉर्न मेगा स्किल सेंटर, ढ्ढस्श्वष्ट्ट्ठ स्किल मिशन, एरोसॉफ्ट हेल्थ केयर, निष्ठा, जिला नियोजनालय लोहरदगा जैसी कौशल विकास एजेंसियाँ ग्रामीण युवाओं को बदलते कौशल की माँग, बेहतर उत्पादकता एवं बेहतर मज़दूरी व वेतन दर हेतु तैयार करने में एक महत्वपूर्ण दायित्व निभा रही हैं। मुख्य अतिथि श्री अविनाश विद्यार्थी ने युवाओं को आगे आकर स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम से जुड़ने को कहा ताकि युवा अपने शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ अपनी तकनीकी योग्यता को भी विकसित कर सकें। कार्यक्रम के दौरान सभी कौशल विकास एजेंसियाँ ने उनके द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा किशोर किशोरियों के द्वारा किए गए प्रश्नों का उत्तर दिया। संस्थानों ने फैशन डिजाइन एवं सॉफ्ट स्किल, सिलाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन, राज मिस्त्री, ड्राइवर, नर्स, सेटरिंग मिस्त्री, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबरिंग और बढ़ई प्रशिक्षण, सिक्योरिटी गार्ड आदि से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गयी। प्रत्येक कौशल विकास कार्यक्रम के लिए आवश्यक योग्यता, निशुल्क प्रशिक्षण तथा प्रशिक्षण अवधि के बारे में भी जानकारी दी गई।

# युवा सद्भावना मंच के तहत युवाओं को किया गया जागरुक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** युवा सद्भावना मंच के तहत जिला प्रशासन के सौजन्य से प्रखंड प्रशासन द्वारा डांडू खेल मैदान में आयोजित किया गया फुटबॉल मैच प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने खेलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को आरम्भ कराया। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडू पंचायत स्थित संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडू खेल मैदान में युवा सद्भावना मंच के तहत सेन्हा प्रखंड प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सद्भावना फुटबॉल प्रतियोगिता फुटबॉल क्लब डाडू बनाम फुटबॉल क्लब एकागुरी के बीच संपन्न हुआ। जिसमें फुटबॉल क्लब डाडू ने 0-1 गोल से फुटबॉल क्लब डाडू को पराजित कर अच्छा खेल का प्रदर्शन किया और विजेता घोषित किया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि सद्भावना फुटबॉल मैच में किसी की हार नही हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन का मुख्य उद्देश्य सामाजिक जीवन बेहतर और समाज को ऊंचाई तक ले जाना तथा भेदभाव को मिटाने के लिए किया गया है। बताते हुए श्री चोपड़ा ने कहा प्रखंड जिला,राज्य एवं देश के विकास में सहभागी बनें।

# हेमंत की सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है : विलियम कुजुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड के हेसल मंगनटोली में आजसू पार्टी के द्वारा जन पंचायत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि आजादी के बाद लोहरदगा विधानसभा में जितने भी विधायक बने उनके कार्यों का अवलोकन अब यहां की जनता कर रही है। 2024 में झारखंड विधानसभा का जो आम चुनाव होने वाला है वह यहां की जनता के लिए काफी चुनौती भरा होगा। 2024 में निश्चित रूप से जनता सोच समझकर अपना प्रतिनिधि चूनेगी। उन्होंने कहा कि लोहरदगा की जनता काफी जागरूक हो चुकी है अब उन्हें बेवकूफ बना कर वोट लेना आसान नहीं है। विलियम कुजूर ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस राजद समर्थित झामुमो की हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। इससे निजात पाना आवश्यक है और इसके लिए आजसू पार्टी बड़ा जन-आंदोलन करेगी। जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि ने कहा कि ग्रामीण जनता को पुनः एक बार जगने की आवश्यकता है। आजसू पार्टी क्षेत्र के विकास के लिए आप सबके साथ मिलकर कार्य योजना बनाएगी और आपके लिए एक ईमानदार और योग्य प्रत्याशी लेकर चुनाव में उतरेगी। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के पास पूरे झारखंड के विकास के लिए सही रोडमैप है। वर्तमान समय में झारखंड के लोगों को सिर्फ आजसू पार्टी पर ही भरोसा है और आने वाले समय में आजसू पार्टी झारखंड वासियों के भरोसा में खरा उतरते हुए एक नया झारखंड बनाने का कार्य करेगी। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि भ्रष्टाचार का आलम यह है कि हम लोहरदगा वासियों के लिए बालू जैसी निर्माण की वस्तु दुर्लभ हो गई है। घूस देना और काम कराना वर्तमान सरकार की कल्चर है। मंत्री भी कहते हैं कि अगर काम कराना है तो लेन-देन तो करना ही पड़ेगा। शाहिद अंसारी ने कहा कि आप सब के जुनूनी प्रयास से कमल किशोर भगत विधायक बने थे और उनका कार्यकाल सराहनीय रहा है। वे लोहरदगा के विकास के लिए इमानदारी से प्रयासरत रहे,किंतु दुर्भाग्यवश उन्हें समय नहीं मिल पाया। शाहिद अंसारी ने कहा कि आप नौजवान साथी आजसू के साथ जोड़कर कार्य करें हम सभी मिलकर लोहरदगा क्षेत्र के विकास के एक नया इतिहास बनाने का काम करेंगे जन पंचायत का कार्यक्रम की अध्यक्षता किशोर भगत ने की इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र लोहरा महिला प्रकोष्ठ की जिला सचिव सरस्वती देवी और काफी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग उपस्थित हुए ।

# बीरूगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की करेंगे पहल : विधायक भूषण बाड़ा

## बीरू गढ़ पहुंचे विधायक भूषण बाड़ा, बच्चों को दिया फुटबॉल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा शुक्रवार को बीरू गांव पहुंच फुटबॉल खेल के प्रति रुचि रखने वाले बच्चों को फुटबॉल दिया। मौके पर विधायक ने बीरू गांव वासियों की समस्या भी सुनी। साथ ही समस्याओं के निदान के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। विधायक ने बीरू गढ़ की महिमा का बखान करते हुए कहा कि बीरू गांव का इतिहास स्वर्णिम रहा है। पहाड़ की तलहटी में बसा बीरू रियासत का गढ़ का इतिहास पांच सौ वर्ष से अधिक पुराना है। बीरू गढ़ के समृद्ध राजसी ठाठ व परंपरा सभी को जानने व समझने की जरूरत है। पर दुखद यह है कि अबतक इस विरासत के संरक्षण के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। बीरू में पुराना राजमहल, सतघरवा, प्राचीन सूर्य मंदिर, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, पुराना तालाब समेत कई ऐसे दर्शनीय स्थल मौजूद हैं। जिसे संरक्षण कर बीरू गढ़ को ऐतिहासिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि सिमडेगा के बीरूगढ़ के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने की पहल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीरू गढ़ को रामरेखाधाम से जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण कराया जाएगा। जिसकी स्वीकृति भी सरकार से मिल चुकी है। मौके पर बीरू राजा दुर्ग विजय सिंह देव, यूथ कांग्रेसी आकाश सिंह, सोनल लकड़ा, निरोज बाड़ा, राजू, सोनू नायक, पूनम लकड़ा, मुकेश पंडा, रोहित शर्मा, वार्ड सदस्य रेशमा सहित कई लोग उपस्थित थे। **खेल के विकास के लिए विधायक भूषण बाड़ा कर रहे हैं लगातार पहल : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा खेल को बढ़ावा देने के लिए लगातार सार्थक कदम उठा रहे हैं। बीरू गांव के बच्चों के फुटबॉल देकर यहां के बच्चों में खेल के प्रति रुझान बढ़ाने का सराहनीय पहल किया है। आने वाले दिनों में हम आशा करते हैं विधायक बीरू गढ़ का सरकार के साथ मिलकर विकास कराए। जोसिमा खाखा ने कहा कि बच्चे ईमानदारी पूर्व खेल खेलते हुए अपना भविष्य संवारे। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी समस्या बताने की भी अपील की। ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# झारखंड पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन भाजपा एवं कांग्रेस के लोग झापा में हुए शामिल

➲भाजपा कांग्रेस धर्म के नाम पर लोगों के बीच करती है राजनीति : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड पार्टी की ओर से शनिवार को कोलेबिरा नगर भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष मतीयस बागे की अध्यक्षता में की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग, झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड पार्टी 2024 के चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए उन्हें जमीनी समस्याओं को प्राथमिकता देने एवं हर आम आदमी की समस्या को खुद की समस्या समझते हुए दूर करने के लिए प्रेरित कर रही है। झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा वर्तमान जो राज्य की सरकार है वह पूरी तरह से लचर व्यवस्था का शिकार हो गए जिसे कारण इस प्रकार के कार्यकाल में किसी प्रकार के कार्य नहीं हो रहे हैं ऐसे में लोग परेशान हैं इसे ध्यान में रखते हुए अब झारखंड पार्टी को लोग विकल्प मान कर देख रहे हैं ऐसे में आने वाले दिनों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ी जाएगी इसलिए सभी कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में जुटे और निश्चित तौर पर झारखंड पार्टी जीत दर्ज करेगी। केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का ने कहा झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और शुरुआती दौर झारखंड आंदोलन में भी अपनी भूमिका निभाई है ऐसे में झारखंड का भला झारखंड पार्टी सोचती है भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे को धर्म के नाम पर राजनीति करते हुए लोगों को लड़ाने का काम करती है और लोगों को डरा कर वोट लेती है और वोट लेने के बाद जनता को भूल जाती है ऐसी पार्टियों से दूर रहने की आवश्यकता है इसलिए अब झारखंड पार्टी का सहयोग करें इस दौरान उन्होंने झारखंड पार्टी की नीतियों सिद्धांतों से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान कांग्रेस एवं भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता झारखंड पार्टी का दामन थामा जिन्हें माला पहनाकर पार्टी में शामिल की गई। के दौरान हामिद अंसारी ,जियाउल अंसारी, अंकित रेणु देवी ,संतोषी देवी ,प्रेमलता सोरेंग,सुरेश लोहरा ,सतेंद्र सिंह, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, असीमा लुगुन, अभिषेक महतो, सवीना देवी, दिलीप लुगुन, जत्रु लोहरा ,शेख मुबारक ,प्रवीण देवी, विरसा मांझी, बाबूराम लकड़ा, फुल मनी कुमारी आदि लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

विविध

रांची, रविवार, 16 जुलाई 2023 | पेज 12


### चलते चलते एक नजर

## सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने दिल्ली में बाढ़ पीड़ितों के बीच किया राहत सामग्री का वितरण



**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को अल्पसंख्यक विभाग के साथियों के साथ दिल्ली में बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री और खाना का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाढ़ से दिल्ली तबाह हो गया है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों के प्रति कांग्रेस पूरी तरह से सजग है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अभी आपदा से जूझ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी बाढ़ से प्रभावित परिवारों के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील है।

## बिहार सरकार ने रैली को कुचलने का काम किया : रघुवर दास

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी की चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी टीम ने गुरुवार को भाजपा नेताओं पर हुए लाठीचार्ज की जांच करने पहुंची। टीम ने इसे राज्य प्रायोजित हिंसा करार दिया है। टीम के संयोजक रघुवर दास ने कहा कि बिहार की सरकार ने रैली को कुचलने का काम किया है। पटना में पत्रकार वार्ता में रघुवर दास ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने लाठीचार्ज को गंभीरता से लिया है। हमने मौके पर जाकर लोगों से बात की है। हमारे एक हजार कार्यकर्ताओं को चोट लगी। इनमें से 300 को गंभीर चोटें आई हैं। जांच टीम को जितनी जानकारी मिली, उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि ये राज्य प्रायोजित हिंसा है। सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने क्रूरता पूर्वक लाठी चार्ज करवाया। हम मामले की न्यायिक जांच की मांग करते हैं। रघुवर दास ने कहा कि नेता जनहित के मुद्दे पर शांति मार्च निकाल रहे थे।सरकार ने सोची-समझी साजिश के तहत मारपीट की। ये बहुत गलत है। सरकार का व्यवहार बहुत खराब है।

## झारखंड रेफरी कमेटी का सदस्य बने फुटबॉल खिलाड़ी फरीद



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फुटबॉल खिलाड़ी फरीद खान को झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन ने झारखंड रेफरी कमेटी का सदस्य के रूप में मनोनित किया है। इसके साथ ही बोकारो के रमेश कुमार महतो को सदस्य बनाया गया।रांची के फुटबॉलर फरीद खान ग्रेड-वन रेफरी हैं। काफी दिनों से फरीद रेफरी की भूमिका निभा रहे हैं।

# ड्राइविंग लाइसेंस रहने पर ही वाहन चलाएं युवा : ट्रैफिक एसपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित विद्यार्थ अकैडमी में सड़क सुरक्षा सह यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रांची के यातायात एसपी हारिस बिन जमॉ उपस्थित हुए। जिनका स्वागत संस्था के निर्देशक औरंगजेब खान ने बुके देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात एसपी हारिस बिन जमॉ ने कहा कि आजकल बाइक स्टंट, उपलब्धि पाने की लालसा में लापरवाही से लिए गए सेल्फी, एडवेंचर स्पोर्ट्स एडवेंचर से बच्चे बहुत प्रभावित होते हैं, जबकि इन लापरवाही से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी नहीं होती है, ऐसे किसी खेल या फिर लापरवाही से किए गए अन्य कृत्य से होने वाली घटनाओं के गंभीर परिणाम होते हैं, मौके पर ही छात्र-छात्राओं को यातायात के सिग्नल, सांकेतिक बोर्ड, रोड मार्किंग एवं यातायात नियमों की जानकारी दी। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय वरीय संयुक्त सचिव मो महताब आलम , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल भाटिया, एस एम कंप्यूटर के डायरेक्टर मंजर इमाम, विदार्थ इंस्टिट्यूट के निदेशक औरेंगजेब, आर्यन, सुनील कुमार बाखला, कुणाल कुमार सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राज्यपाल से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजवन में मुलाकात की। राजभवन ने बताया कि राज्यपाल और मुख्यमंत्री की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

# लव जिहाद और यौन शोषण के आरोपित तनवीर की जमानत याचिका पर सुनवाई एक अगस्त को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लव जिहाद और यौन शोषण के आरोप में जेल में बंद कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर की जमानत याचिका पर मंगलवार को अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई थी। पिछली सुनवाई में अदालत ने पुलिस से केस डायरी मांगी थी लेकिन अब तक केस डायरी जमा नहीं की गई है। इसपर अदालत ने एक बार फिर केस डायरी तलब करते हुए तनवीर की बेल पर अगली सुनवाई के लिए एक अगस्त की तारीख निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि बिहार के भागलपुर जिले की रहने वाली एक युवती ने मॉडलिंग के नाम पर रांची के तनवीर पर यौन शोषण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया था। तनवीर रांची में यश मॉडलिंग एजेंसी चलाता था। युवती यहां मॉडलिंग सीखने आयी थी। इसके बाद से उसका संपर्क तनवीर से बड़ा था।

युवती ने मुंबई के वर्सोवा में मामला दर्ज कराया था। बाद में यह मामला रांची के गोंदा थाना को भेज दिया गया था। गोंदा थाना में इस संबंध में कांड संख्या 57/2023 दर्ज किया गया है। मामले में रांची पुलिस मुंबई जाकर मॉडल का बयान और प्रताड़ित किए गए वीडियो फुटेज लेकर आई थी।

# राजग की बैठक में शामिल होगी राकांपा



**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार ने शनिवार को कहा कि अगले हफ्ते दिल्ली में होने वाली भाजपा-नीत राजग की बैठक में राकांपा शामिल होगी। इसके लिए वह खुद और प्रफुल्ल पटेल दिल्ली जाएंगे। अजीत पवार ने शनिवार को नासिक में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली में 18 जुलाई को राजग की बैठक हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए वह प्रफुल्ल पटेल के साथ दिल्ली जाएंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें राज्य की समस्याओं के बारे में बताएंगे। अजित पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी करिश्माई नेता हैं। उनके नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। उनसे मिलकर राज्य की समस्याओं पर चर्चा करेंगे। अजीत पवार ने कहा कि महाराष्ट्र में इस वर्ष बहुत ही कम बारिश हुई है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से इस वर्ष राज्य में बारिश एक महीने बाद शुरू हुई है, लेकिन उत्तर भारत में जोरदार बारिश हो रही है। इसलिए पूरे देश में मौसम असमान हो गया है। केंद्रीय नैसर्गिक कमेटी के नियमों में बदलाव से राज्यों को असमान बारिश की वजह से लाभ मिल सकता है। यह काम प्रधानमंत्री ही कर सकते हैं। राकांपा नेता ने कहा कि वे राज्य की समस्याओं को हल करने के लिए सरकार में शामिल हुए हैं। उनका प्रयास किसानों की समस्याएं हल करना है। इसके लिए विपक्ष को भी सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए।

### एमएसए स्कूल में हुआ शिक्षक-अभिभावक बैठक

# बच्चों को हर क्षेत्र मे अव्वल बनाना मेरी प्राथमिकता : मो. शफीक अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर निगम के अंतर्गत पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में आज कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बैठक (पैरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन किया गया.इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन मों शफीक अंसारी ने कहा कि स्कूल परिवार लगातार बच्चों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने को प्रतिबद्ध है। जिसका परिणाम है कि मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में एम.एस.ए स्कूल के सभी बच्चे डिस्टिंक्शन मार्क्स यानी 75 प्रतिशत से ज्यादा मार्क्स से पास किए है। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई में ध्यान लगाने और मोबाइल से दूरी बनाए रखने की सलाह दी. मौके पर अफज़ल शफीक ने सोमवार से होने वाले फर्स्ट टर्मिनल परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को पूरी लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों से शिक्षकों को रूबरू करवाकर उनकी समस्याएं जानी गई और उनके समाधान का दृढ़ संकल्प लिया गया। बैठक का अध्यक्षता प्रिंसिपल सुनिता प्रसाद और उपप्राचार्य अभय गिरी कर रहे थे। इस बैठक को सफल बनाने में अनुराग पासवान, शबाना खातुन, नीलम देवी, कलावती देवी, मालती देवी, निलम देवी, मंजू देवी, अंजु देवी, केयामुदद्दिन अंसारी, नयन सिंह, प्रतिमा देवी, ममता देवी, सुमन देवी, अब्दुल अंसारी, उपेन्द्र यादव, तारा उरांव, अजय साव, सीमा देवी, संगीता देवी, सुमन देवी, अनिता शर्मा, अरविंद शर्मा, बसन्ती देवी, जहांगीर अंसारी, हदीस अंसारी, सहित हरतुआ, बनुआ, इटहे, फुदिया, लेस्लीगंज, झाबर, जयनगर, गुरियादामर, जैतुखाड़, रजवाडीह, पोखराहा कला, बड़कागॉव, श्रीरामपथ, रेड़मा, बैरिया, कान्दु मुहल्ला, चियांकी, पोखराहा खुर्द गांव के पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षक राहुल पाण्डेय, आशुतोष शुक्ला, तनीशा प्रिया, खुशबू शोनी, घुंघरू सिंह, प्रियंका कुमारी, सुची सिंह, नेहा प्रवीण, खुशी शर्मा, हदीस अंसारी, विवेक पाठक का भी महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## एयरपोर्ट पर सुविधा विस्तार को लेकर शाह से मिले सिंधिया

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को मुलाकात की। इसके बाद सिंधिया ने ट्वीट कर कहा कि देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर यातायात को आसान बनाने और सुविधा विस्तार के मुद्दों को लेकर आज उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की है। इस दौरान भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। गृह मंत्रालय ने भी ट्वीट कर कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के साथ आज नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व संबंधित विभागों के अधिकारियों ने बैठक की है। बैठक के दौरान देश के प्रमुख हवाई अड्डों के लिए सुविधाओं और बुनियादी ढांचे की समीक्षा की गई।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पर झामुमो ने साधा जमकर निशाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्या ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक ऐसे नेता के हाथों में पार्टी का कमान सौंपा है, जो 2019 के बाद विधायक दल का नेता तक नहीं बन पाया। उन्होंने पूछा कि क्या विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का दंभ भरने वाली भाजपा के पास संगठन का एक भी व्यक्ति नहीं, जिसके पास प्रदेश अध्यक्ष बनने की काबिलियत है। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर आयातित व्यक्ति को जगह देना पड़ा। 14 वर्षो तक वनवास में रहने वाले बाबूलाल मरांडी ने विगत सात वर्षों तक पानी पी-पीकर प्रधानमंत्री को कोसने का काम किया। भट्टाचार्या शनिवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बाबूलाल मरांडी को को कहा। यहां तक कहा कि भाजपा ने तीसरी दुनिया से उठाकर केंद्र में मंत्री बनाया। वैसे व्यक्ति को आज प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। ये भाजपा का दिवालियापन है। उन्होंने भाजपा के स्नेह मिलन पर कहा कि कितना स्नेह है लोगों के अंदर, ये गौर करने वाली बात है। भाजपा के लोग आदिवासी सम्मान की बात करते हैं लेकिन मध्य प्रदेश के सीधी की बात करना भूल गए। भट्टाचार्या ने कहा कि पटना में विधानसभा का घेराव करने वाले भाजपा नेता पुलिस पर मिर्ची का पाउडर फेंकते हैं और लाठीचार्ज होता है। भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी एनसीपी को नेशनल करप्ट पार्टी कहते हैं। बिना नाम लिये मुख्य अभियुक्त को महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बनाया जाता है। सिंचाई घोटाला, कृषि घोटाला और तमाम घोटाले वाले विभाग का जिम्मा टूटे हुए एनसीपी के पास है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के पहले दिन ही बाबूलाल को अंदर से डर लग रहा है। बकोरिया गोली कांड, तपकरा गोली कांड और मुरहू गोली कांड पर अब बाबूलाल नहीं बोलेंगे।

# पत्रकार संजीव नयन व कुंदन वर्मा ने दी सांत्वना



*** पिता के निधन पर पत्रकार संजय सिंह उमेश को सांत्वना देने वालों का लगा हुआ है तांता**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू के वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह उमेश के 85 वर्षीय पिता विश्वनाथ सिंह के मरणोंपरांत उनके परिवार को संतावना देने के लिए शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में हिंदी दैनिक समाचार वर्षा के प्रोपराईटर संजीव नयन, मुख्य संपादक कुंदन कुमार वर्मा और समाजसेवी अभिषेक राज भी पत्रकार संजय सिंह उमेश के बेलवाटीका आवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। कहा कि हम सभी इस दुख की घड़ी में उनके साथ कदम-कदम से मिलाकर खड़े हैं। उधर, उनके निधन पर जेएमएम के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, सुनील तिवारी समेत अन्य झामुमो नेता भी उनके घर गये और गहरा दुख व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि श्री उमेश के पिता की मौत का एक बड़ा वाक्या है। वे कुछ दिनों पहले रांची में बीमार थे, किन्तु पुनः वे स्वस्थ भी हो गये थे। ऐसे उनका उनके परिजनों द्वारा रांची में ही बेहतर ख्याल किया जा रहा था, लेकिन मृत्यु से एक दिन पहले उन्हे लगा कि मुझे डालटनगंज में जाकर अपने पुत्रों और परिजनों से मिलना चाहिए वे जिद करके तीन दिन पहले डालटनगंज स्थित अपने बेलवाटीका आवास पर।पहुंचे तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ अच्छी तरह से मुलाकात की। विशेषकर उन्होंने अपने पुत्र संजय सिंह उमेश के हाथ को अपने हाथ में रखकर अपने दोनों नयन में आंसू भर लिया था। जो संकेत दे रहा था कि अब वे इस दुनिया से जाने वाले हैं। तब तक इसका अंदाजा पत्रकार उमेश को भी हो चुका था। वे भी अपने पिता के आखिरी दौर की स्थिति में फफक-फफक कर रो पड़े और उसी दिन शाम को उनके पिता ने दुनिया को अलविदा कह दिया। इस घटना के दूसरे दिन शुभचिंतकों की लंबी कतार के साथ उमेश के पिता का अंतिम संस्कार बेलवाटीका स्थित श्मशान घाट में किया गया।

## उत्तराखंड व हिमाचल में अगले 4 दिनों में भारी बारिश का पूर्वानुमान, ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली :** देश के अधिकतर हिस्सों में मानसून सक्रिय होने के कारण कई राज्यों में बारिश जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में अगले चार दिनों में भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। दिल्ली में भी अगले चार दिनों में बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन के मुताबिक आने वाले चार दिनों तक दिल्ली, हरियाणा और आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इन स्थानों पर 17 और 18 जुलाई को बारिश में मामूली वृद्धि की उम्मीद की जा रही है। 20 जुलाई के बाद सभी राज्यों में बारिश की रफ्तार में कमी आएगी। छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिन बारिश की संभावना जताई गई है। मध्यप्रदेश में अगले तीन दिन तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। सिक्किम, त्रिपुरा, मेघालय में भी बारिश होगी लेकिन 17 जुलाई के बाद यहां बारिश की रफ्तार में कमी आएगी।

# यमुना में बाढ़ को लेकर आप व भाजपा आमने-सामने




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** यमुना में बाढ़ के बाद एनडीआरएफ को दोषी ठहराने पर भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि ऐसे समय में जब केजरीवाल को एनडीआरएफ का धन्यवाद करना चाहिए, वह एनडीआरएफ पर दोषारोपण कर रहे हैं। ये कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले केजरीवाल ने पुलवामा के दौरान भी भारतीय सेना और अर्द्धसैनिक बलों पर सवाल उठाया था और उनके मनोबल को गिराया था।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में संकट की इस घड़ी में भी बेशर्म केजरीवाल उपराज्यपाल, केंद्र सरकार और यहां तक कि एनडीआरएफ को भी दोषी ठहराने में व्यस्त हैं। केंद्र सरकार दिल्ली के लोगों के साथ खड़ी है और भीषण बाढ़ की इस स्थिति में उनकी मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है लेकिन केजरीवाल ने साबित कर दिया है कि वह न केवल बेईमान हैं बल्कि एक बड़े बहानेबाज भी हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में यमुना को साफ करने के लिए 6,800 करोड़ रुपये खर्च हुए। ये जो डिसिल्टिंग का काम है इरिगेशन डिपार्टमेंट के अंतर्गत आता है। तो पहले ये बताइए कि आप यमुना की डिसिल्टिंग क्यों नही कर पाए? पिछले साल भी भाजपा ने ये मुद्दा उठाया और आपसे पूछा कि डिसिल्टिंग क्यों नहीं हो रही है? इससे बाढ़ आने का खतरा है लेकिन आपने उसका संज्ञान भी नहीं लिया। आज प्रदेश में सरकार आप की, दिल्ली जल बोर्ड आप का, नगर निगम भी आप का, इसके बावजूद दोषारोपण दूसरों पर... ऐसा क्यों?

उन्होंने कहा कि दिल्ली में जल संकट आया है और आम आदमी पार्टी के नेता व मंत्री बता रहे हैं कि गलती हरियाणा सरकार की है। भारतीय सेना जो दिन रात जनता की सेवा में लगी है, वह षड्यंत्र कर रही है, केंद्र सरकार, उपराज्यपाल और एनडीआरएफ की टीमें षड्यंत्र कर रही है और %शीशमहल% में बैठकर जो एसी का आनंद ले रहा है, वह मुख्यमंत्री सही है। यहां तक कि कोरोना के समय में भी, यही केंद्र सरकार थी, जो यह सुनिश्चित कर रही थी कि लोगों को उस चरम स्थिति से लड़ने के लिए सभी सुविधाएं मिलें, उस समय भी केजरीवाल दोषारोपण करने के अलावा कुछ नहीं कर रहे थे।